





झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 17 मार्च 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -267 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# पश्चिम बंगाल चुनाव 2026 : बीजेपी की 144 उम्मीदवारों की सूची जारी, सुवेंदु अधिकारी को नंदीग्राम और भबानीपुर से टिकट

**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में कुल 144 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। सबसे ज्यादा चर्चा सुवेंदु अधिकारी को लेकर हो रही है, क्योंकि पार्टी ने उन्हें दो अहम सीटों 'नंदीग्राम' और 'भबानीपुर' से टिकट दिया है। इन दोनों सीटों को बंगाल की राजनीति का सबसे बड़ा रण माना जा रहा है। दरअसल, नंदीग्राम वही सीट है, जहां 2021 के विधानसभा चुनाव में सुवेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कड़े मुकाबले में हराया था। यह जीत बंगाल की राजनीति में ऐतिहासिक मानी गई थी और इसके बाद से यह सीट लगातार सुर्खियों में रही है। नंदीग्राम में हार के बाद ममता बनर्जी ने भबानीपुर सीट से उपचुनाव लड़कर जीत हासिल की थी और मुख्यमंत्री पद पर बनी रहीं। भबानीपुर को तृणमूल कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता है, जहां पार्टी का मजबूत संगठन और परंपरागत वोट बैंक है। अब जब बीजेपी ने सुवेंदु अधिकारी को दोनों हाई-प्रोफाइल सीटों से मैदान में उतारा है, तो माना जा रहा है कि बंगाल में बीजेपी और टीएमसी के बीच सीधी और बेहद दिलचस्प टक्कर देखने को मिलेगी। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि नंदीग्राम और भबानीपुर की लड़ाई सिर्फ दो सीटों की नहीं, बल्कि बंगाल की भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाली लड़ाई बन सकती है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कद्दावर नेता दिलीप घोष को खड़गपुर सदर से चुनावी मैदान में उतारा गया है। इन दो बड़े नामों की घोषणा ने बंगाल की राजनीति में सस्पेंस और उत्साह दोनों बढ़ा दिया है।



### खेल और ग्लैमर का तड़का: अशोक डिंडा को फिर मिला टिकट

पार्टी ने राजनीति के साथ-साथ खेल और ग्लैमर जगत से जुड़े चेहरों को भी प्राथमिकता दी है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अशोक डिंडा को एक बार फिर मयना विधानसभा सीट से टिकट दिया गया है। डिंडा की लोकप्रियता और क्षेत्र में उनकी पकड़ को देखते हुए पार्टी ने उन पर दोबारा भरोसा जताया है। इसके अलावा, कई फिल्मी हस्तियों और सामाजिक क्षेत्र के प्रमुख चेहरों को भी इस 144 की लिस्ट में जगह मिली है। 144 उम्मीदवारों की इस सूची में बीजेपी ने पुराने अनुभवी नेताओं के साथ-साथ करीब 30 प्रतिशत नए चेहरों को भी मौका दिया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, यह सूची जमीनी स्तर के सर्वे और कार्यकताओं के फीडबैक के आधार पर तैयार की गई है। उत्तर बंगाल और जंगलमहल जैसे क्षेत्रों में, जहाँ बीजेपी पिछले चुनावों में मजबूत रही है, वहां पार्टी ने अपने मौजूदा विधायकों पर ही भरोसा जताया है।

# ओडिशा : एससीबी के ट्रॉमा केयर आईसीयू में लगी भीषण आग, 10 मरीजों की मौत

**एजेंसी**

**कटक :** ओडिशा के कटक स्थित प्रसिद्ध एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में सोमवार तड़के एक दर्दनाक हादसा हो गया। अस्पताल के मेडिसिन विभाग की इमारत में स्थित ट्रॉमा केयर आईसीयू में भीषण आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से 10 मरीजों की मौत हो गई है। यह हादसा सोमवार सुबह करीब 3 बजे हुआ, जब अस्पताल में ज्यादातर लोग सो रहे थे। आग इतनी तेजी से फैली कि लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर मौजूद मरीजों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। प्रत्यक्षदर्शियों और दमकल विभाग के अनुसार, आग सोमवार तड़के करीब 3 बजे ट्रॉमा केयर यूनिट की पहली मंजिल पर लगी। कुछ ही मिनटों में जहरीला धुआं पूरी क्लव वार्ड में भर गया। जिस समय यह हादसा हुआ, उस समय वार्ड में कई गंभीर मरीज लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। धुएं और आग की तेज लपटों के कारण दम घुटने और झुलसने से 7 मरीजों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जबकि 3 की अस्पताल में जान चली गई। अस्पताल प्रशासन ने तुरंत बिजली आपूर्ति काट दी और बचाव कार्य शुरू किया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था।

### दमकल विभाग और अस्पताल कर्मचारियों का रेस्क्यू ऑपरेशन

आग की खबर मिलते ही अस्पताल के कर्मचारियों और अग्निशमन कर्मियों ने त्वरित बचाव कार्य शुरू किया। दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर लगाया गया, जिन्होंने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। अस्पताल प्रशासन की मुस्तैदी से दर्जनों मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालकर दूसरे वार्डों में शिफ्ट कर दिया गया। जो मरीज आग से बच गए थे लेकिन उनकी हालत गंभीर थी, उन्हें तुरंत 'न्यू मेडिसिन क्लव' में शिफ्ट किया गया है ताकि उनका इलाज बिना किसी बाधा के जारी रह सके।



### मुख्यमंत्री मोहन माझी ने घटनास्थल पर पहुंचकर व्यक्त की संवेदना

हादसे की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री मोहन माझी कटक पहुंचे। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों के साथ बैठक की और प्रभावित वार्ड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवारों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। उनके साथ स्वास्थ्य सचिव, जिला कलेक्टर और डीसीपी भी मौजूद रहे, जो राहत और बचाव कार्यों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी कर रहे थे। राज्य सरकार ने इस अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे दिए हैं ताकि आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा सके। यह हादसा इसलिए भी अधिक गंभीर हो गया क्योंकि आईसीयू में भर्ती मरीज अपनी जगह से हिलने-डुलने में असमर्थ थे।

# झारखंड विस में ब्लड डोनेशन कैंप : सीएम, स्पीकर सहित कई माननीयों ने किया रक्तदान

## सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों से ब्लड डोनेट करने की अपील की

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** ब्लड की कमी को दूर करने के उद्देश्य से राज्य सरकार इन दिनों ब्लड डोनेशन कैंप लगाने पर जोर दिया है. बजट सत्र के दौरान झारखंड विधानसभा में आज सोमवार को ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया गया. इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो, मंत्री दीपिका पांडे सिंह के अलावा कई विधायक और विधानसभा सचिवालय के कर्मियों ने रक्तदान किया. इस मौके पर स्पीकर रबीन्द्रनाथ महतो ने कहा कि यह महादान है जिसके माध्यम से किसी की जान बचाई जा सकती है.

उन्होंने कहा कि खून की कमी की वजह से जान गंवाने वाले लोगों के लिए जरूर रक्तदान करना चाहिए. खून किसी लैब में नहीं बनता है बल्कि आदमी के शरीर में यह रहता है जिसे हर छह महीने पर डोनेट किया जाय तो शरीर के लिए फायदेमंद होता है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ महिला पुरुष को रक्तदान करना चाहिए. रक्त की कमी से प्रत्येक साल न जाने कितने लोगों की जान चली जाती है. ऐसे में समय पर रक्त उपलब्ध नहीं हो पता है सड़क दुर्घटना हो या कोई अन्य गंभीर बीमारी से हजारों लोगों की समय जान चली जाती है. रक्तदान करना बहुत जरूरी है प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए.

इस मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में रक्त की कोई कमी नहीं होती है 6 माह में आप रक्तदान कर सकते हैं. उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि रक्त की कमी के कारण से कई लोग परेशान होते हैं ऐसे में रक्तदान जरूर करना चाहिए जिससे विपरीत परिस्थिति में किसी की जान बच सके.




### झारखंड हाईकोर्ट दे चुका है महत्वपूर्ण आदेश

झारखंड हाईकोर्ट ने दिसंबर 2025 में अपने एक फैसले में कहा था कि सूबे के किसी भी अस्पताल में मरीजों या उनके परिजनों से खून के बदले खून की मांग नहीं की जा सकती. अदालत ने अपने आदेश में कहा था कि जरूरतमंद मरीज को खून मुहैया कराना अस्पताल और संबंधित ब्लड बैंक की जिम्मेदारी है. किसी भी परिस्थिति में मरीज या उनके परिजनों पर डोनर लाने का दबाव नहीं बनाया जा सकता. अगर कोई अस्पताल या ब्लड बैंक इस आदेश का उल्लंघन करता है, तो उसके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई जा सकती है.

### रक्तदान शिविर में विपक्ष का एक भी विधायक नहीं पहुंचा : इरफान

झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने विपक्ष पर तीखा निशाना साधा. उन्होंने कहा कि राज्य में रक्त की कमी की खबरों के बाद स्वास्थ्य विभाग ने रक्तदान शिविर लगाया. इस शिविर में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और सत्ता पक्ष के कई विधायकों ने रक्तदान किया. इरफान अंसारी ने आरोप लगाया कि विपक्ष का एक भी विधायक रक्तदान करने नहीं पहुंचा. उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन में आवाज उठाता है, लेकिन समाज के काम में भागीदारी नहीं दिखाता. मंत्री ने तंज करते हुए कहा कि यदि विपक्षी विधायक भी रक्तदान करते तो किसी जरूरतमंद की जान बच सकती थी. उन्होंने कहा कि केवल बयानबाजी से नहीं, बल्कि सेवा से समाज का भला होता है.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



**ललित कुमार**
**पुलिस निरीक्षण, बड़कागांव**

**पुलिस निरीक्षण सिर्फ कागजों की जांच नहीं, बल्कि समाज की सुरक्षा की सच्ची नब्ज पकड़ना है। जब थाने की चारदीवारी मजबूत होती है, तभी बाहर का हर नागरिक बेफिक्र होकर जी सकता है। निरीक्षण में जो कमी दिखे, उसे सुधारने का साहस रखें, क्योंकि असली इंस्पेक्टर वही है जो खुद को भी जांचता रहे।**
**शुभकामनाएँ!**
**सुरक्षा और ईमानदारी हमेशा बनी रहे।**

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : **1,52,300**
चांदी (प्रति किलो) : **2,95,000**
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- **75,502.85**
निफ्टी :- **23,408.80**

## मौसम

अधिकतम तापमान : **32** °
न्यूनतम तापमान : **20** °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- **05:56**
संध्या :- **17:59**

## आज का इतिहास

**आज ही के दिन 1452 को रिकोंक्विस्टा-कैस्टिले और मर्सिया की संयुक्त सेना ने शहर के लोरका के आसपास लॉस एल्पेरोचोन की लड़ाई में ग्रेनेडा के अमीरात को हराया।**

## संक्षिप्त समाचार

### आय से अधिक संपत्ति केसः विनय सिंह से एसीबी ने की पूछताछ, 17 को पत्नी स्निग्धा से सवाल-जवाब

रांची। सोमवार को भी आय से अधिक संपत्ति के मामले में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो यानी एसीबी की टीम ने ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह से घंटों पूछताछ की. जांच टीम ने उनसे संपत्तियों में निवेश, बैंक लेन-देन और निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे से संबंधों को लेकर कई सवाल किए. सूत्रों के अनुसार, पूछताछ के दौरान एसीबी अधिकारियों ने विनय सिंह से कई वित्तीय लेन-देन और कथित बेनामी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेजों के बारे में जानकारी मांगी. हालांकि कई सवालों के स्पष्ट जवाब नहीं मिलने के कारण एजेंसी ने मामले की आगे भी गहन जांच जारी रखने का फैसला किया है. इसी क्रम में एसीबी ने विनय सिंह की पत्नी स्निग्धा सिंह से मंगलवार को एसीबी मुख्यालय में उपस्थित होकर पूछताछ में शामिल होने का निर्देश दिया गया है. 17 मार्च को एसीबी अधिकारी उनसे पूछताछ करेंगे.

### बच्चा चोरी के शक में महिला की पिटाई, पुलिस ने भीड़ से छुड़ाया

रांची। रांची के सदर थाना क्षेत्र के नायक टोली इलाके में स्थानीय लोगों ने बच्चा चोरी के शक में एक महिला की जमकर पिटाई कर दी. जानकारी के मुताबिक, लोगों को संदेह हुआ कि महिला बच्चा चोरी करने की फिराक में है. इसी शक के आधार पर लोगों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी. देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई और स्थिति तनावपूर्ण हो गई. घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और भीड़ को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने महिला को भीड़ से सुरक्षित निकालकर अपने साथ थाने ले गई. सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि महिला को भीड़ से छुड़ाकर थाना लाया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है.










**सोशल मीडिया में अफवाह से रहे सावधान**

# ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**बिना पुष्टि कोई भी पोस्ट को ना करें शेयर**



**रामगढ़।** आगामी ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा सभी पर्व को भाईचारगी के साथ शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने हेतु शान्ति समिति के सदस्यों से भी आवश्यक सुझाव लिए गए। इस दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा सभी को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी गई वहीं उन्होंने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न करने में अपना योगदान देने की अपील की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि हर बार की तरह इस बार भी जिला प्रशासन रामगढ़ शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अलग-अलग क्षेत्र में स्थलों को चिन्हित किया गया है जहां पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्त रहेगी। इसके साथ ही दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों के द्वारा गस्ती कर प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखी जाएगी। इस दौरान उपायुक्त ने सभी से आपसी सौहार्द के साथ पर्व मानाने की अपील करते हुए शांति समिति के सभी सदस्यों को पर्व के दौरान शराब पीकर अथवा किसी अन्य नशे की हालत में किसी भी व्यक्ति को जुलूस में शामिल न होने देने की बात कही वहीं उन्होंने कहा कि अगर पर्व के दौरान किसी भी क्षेत्र में इस तरह से कोई भी व्यक्ति नशे की हालत में माहौल खराब करने की कोशिश करेगा तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने सभी शांति समिति के सदस्यों से पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस को अनिवार्य रूप से निर्धारित रूट का पालन करते हुए ही संपन्न करने का निर्देश दिया। पर्व के दौरान डीजे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। हालांकि धार्मिक गीत बजाए जाने पर कोई समस्या नहीं है। लेकिन किसी भी हाल में कोई भी भड़काऊ गीत नहीं बजाया जाएगा। अगर इसकी अवमानना होगी तो संबंधितो पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न कराने को लेकर उपायुक्त ने सभी थाना प्रभारियों को उनके उनके क्षेत्र में शांति समिति के सदस्यों के साथ समन्वय कर प्रत्येक अखाड़ा के लिए वॉलिंटियर चिन्हित कर लगातार उनके साथ संपर्क में रहने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शांति समिति के सदस्यों के साथ-साथ सभी थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को पर्व के दौरान निकाले जाने वाले जुलूस में निर्धारित रूट चार्ट का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उन्होंने पर्व के दौरान पर्याप्त लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित करने, आवश्यकता अनुसार सीसीटीवी कैमरों की उपलब्धता आदि के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी के द्वारा पर्व के शांतिपूर्ण आयोजन हेतु कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तृत जानकारी सभी शांति समिति के सदस्यों सहित अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को दी गई वहीं उन्होंने जिला वासियों से अपील किया कि सोशल मीडिया में बिना पुष्टि किए कोई भी पोस्ट को शेयर ना करें पर्व के दौरान सोशल मीडिया में भ्रामक एवं अफवाह फैलाने वाले पोस्ट करने वाले लोगों की चिन्हित कर कार्रवाई करने की बात कही। बैठक के दौरान मुख्य रूप से जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, शांति समिति के सदस्यों सहित अन्य उपस्थित थे।

# रमजान आपसी भाईचारा, सब्र और इंसानियत का पैगाम देता है- गुलाम सरवर

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़/गोला।** पवित्र रमजान माह के अवसर पर रामगढ़ के यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाम सरवर ने क्षेत्रवासियों को मुबारक देते हुए कहा कि रमजान का महीना हमें सब्र, इंसानियत, भाईचारा और नेक रास्ते पर चलने की सीख देता है। यह महीना आत्मसंयम, इबादत और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि रमजान के दौरान रोजा रखने से इंसान को भूख और प्यास का एहसास होता है, जिससे गरीब और जरूरतमंद लोगों के प्रति - सहानुभूति बढ़ती है। इस पाक महीने - में अधिक से अधिक इबादत करने - के साथ-साथ समाज में प्रेम, शांति और सौहार्द को मजबूत बनाने का प्रयास करना चाहिए। यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलाम सरवर ने कहा कि रमजान - केवल इबादत का महीना ही नहीं, - बल्कि आत्मशुद्धि और अच्छे कर्मों का भी अवसर है। इस दौरान लोगों - को जरूरतमंदों की मदद, दान और सेवा जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, ताकि समाज में - खुशहाली और भाईचारा कायम रह सके। रमजान 'ईद-उल-फितर' के त्यौहार के साथ समाप्त होता है, जो खुशियों और मेल-मिलाप का दिन है। वास्तव में, रमजान हमें एक बेहतर इंसान बनने और समाज में प्यार व अमन फैलाने की सीख देता है। यह महीना हमें सिखाता है कि अनुशासन और नेक नीयत से हम किसी भी कठिनाई पर विजय पा सकते हैं। उन्होंने बताया कि रमजान का महीना तीन हिस्सों में बांटा गया है। पहला हिस्सा रहमत, दूसरा मगफिरत और तीसरा जहन्नम से निजात का होता है। उन्होंने कहा कि इस अंतिम अशरे में लोगों को ज्यादा से ज्यादा इबादत कर अल्लाह की रहमत हासिल करने की कोशिश करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि चांद रात नजदीक है। ऐसे में लोग बाजार अपनी जरूरत की खरीदारी के लिए जाएं तो विशेष सावधानी बरतें, क्योंकि दुकानों और चौक-चौराहों पर काफी भीड़ होती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि चांद रात के दिन किसी तरह की अनहोनी न हो, इसके लिए सभी लोग सतर्क रहें और पुलिस प्रशासन तथा अंजुमन कमेटी का सहयोग करें।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में वेतन भुगतान को लेकर मजदूरों का हल्ला बोल, मजदूरों ने काटा बवाल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**पतरातू।** पतरातू प्रखंड के इंडस्ट्रियल एरिया स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में तीन महीनों से वेतन नहीं मिलने से नाराज मजदूरों ने बवाल काटा। मिली जानकारी के अनुसार अल्ट्राटेक सीमेंट के अधीनस्थ एजेंसी सुमित कंस्ट्रक्शन में कार्यरत ठेका मजदूरों को विगत तीन महीने से पेमेंट नहीं मिलने के कारण मजदूर काफी नाराज दिखे। मजदूरों का कहना है कि होली जैसा त्योहार बीत गया, अभी रामनव में और रमजान भी है। ऐसे में हम मजदूरों को यादी सही समय पर वेतन नहीं मिलता है तो हम त्योहार कैसे मनाएंगे। हमारे घरों में भी बाल बच्चे हैं, परिवार है। उनका भरण पोषण कैसे किया जाएगा। इसी बात पर मजदूर आक्रोषित हो गए और बवाल काटे। हमारा वेतन मिलना चाहिए मजदूरों का हक उनको दो ऐसे तारों के साथ मजदूरों ने प्लांट परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। घटना स्थल पर सैकड़ों की संख्या में मजदूर विरोध करते नजर आये। वहीं सुमित कनस्ट्रक्शन के सुपरवाइजर को भी मौके की नजाकत को देखते हु? वहां से दौड़कर भगाना पड़ा। खबर लिखे जाने तक मजदूरों और एजेंसी तथा प्लांट के बीच क्या समझौता हुआ इसकी जानकारी नहीं मिल पाई।

## महलीडीह में वज्रपात का कहर, एक दुधारू गाय सही एक बेल की मौत

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड क्षेत्र के महलीडीह गांव में रविवार को आसमानी बिजली (वज्रपात) गिरने से मुकेश महतो के एक दुधारू गाय और फुलचंद महतो की एक बेल की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पशुपालक परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और गांव में शोक का माहौल है।

**घटना का विवरण**

मिली जानकारी के अनुसार, रविवार शाम को अचानक मौसम का मिजाज बदला और तेज गर्जना के साथ बारिश शुरू हुई। इसी दौरान महलीडीह निवासी मुकेश महतो इव फुलचंद महतो के पशु घर एक किलोमीटर दूर खेत में चर रही थी। उसी दौरान एक पेड़ पर जोरदार बिजली गिरी। खेत में चर रही जानवर इसकी चपेट में आ गईं। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

**पशुपालक को भारी आर्थिक क्षति**

पशुपालक ने बताया कि ये गायें उनकी आजीविका का मुख्य साधन थीं। दूध बेचकर ही परिवार का गुजारा होता था। अचानक हुई इस घटना से उन्हें हजारों रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित पशुपालक को सरकारी मुहावजा देने की मांग की है।

# आकांक्षी जिला एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत संयुक्त सचिव ने की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**रामगढ़।** भारत सरकार की संयुक्त सचिव नीतू प्रसाद की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभाकक्ष में आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त, उप विकास आयुक्त सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि, कौशल विकास एवं वित्तीय समावेशन सहित विभिन्न प्राथमिकता वाले क्षेत्रों से संबंधित मुख्य प्रदर्शन संकेतकों (ङढक) की विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर संयुक्त सचिव नीतू प्रसाद ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम का उद्देश्य जमीनी स्तर पर मापनीय परिवर्तन लाना है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रत्येक योजना एवं पहल का लाभ सीधे आम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव के रूप में दिखाई दे। उन्होंने बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए विभागों के बीच समन्वय, सामुदायिक सहभागिता तथा कार्यों की प्रगति की समयबद्ध रिपोर्टिंग पर विशेष जोर दिया। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों द्वारा अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आजीविका कार्यक्रमों के क्रियान्वयन तथा शिक्षा में नामांकन बढ़ाने की दिशा में हुई प्रगति की जानकारी दी गई। वहीं पोषण संबंधी सूचकांकों तथा कौशल विकास कार्यक्रमों के विस्तार में आ रही चुनौतियों से भी अवगत कराया गया। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान संयुक्त सचिव प्रसाद द्वारा जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य संस्थानों, सक्षम केंद्रों, पंचायत भवनों एवं आजीविका प्रशिक्षण केंद्रों का भ्रमण किया जाएगा तथा लाभुकों से सीधा संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी ली जाएगी। यह दौरा आकांक्षी जिलों एवं प्रखंडों को विकास के मॉडल के रूप में विकसित करने तथा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

# आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के तहत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**लोहरदगा:** आईडीएसपी से इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन के माध्यम से सभी जिला में बीमारियों की रिपोर्टिंग एएनएम,सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी एवं बहुउद्देशीय कार्यकर्ता के द्वारा प्रतिदिन अपने क्षेत्र में फैली बीमारियों की रिपोर्टिंग आईडीएसपी के पोर्टल पर डालना होता है। इसी निमिय लोहरदगा जिले के सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रखंड स्तर कार्यशाला का आयोजन कर जानकारी साझा किया गया। और बताते हुए कहा गया कि इंटीग्रेटेड हेल्थ इनफॉरमेशन केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन काम करता है इसके लिए स्वास्थ्य विभाग से सभी एएनएम को टैब भी दिया गया है। बीमारियों की रिपोर्टिंग के बाद स्वास्थ्य विभाग इसकी बीमारी की रोकथाम का इंतजाम करता है अगर किसी एक बीमारी की पांच से अधिक मरीज एक ही क्षेत्र में मिल जाए तो उसे आउटब्रेक की श्रेणी में जिला द्वारा डालना होता है जिससे कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा उस क्षेत्र में बीमारी की रोकथाम के उपाय ससमय किया जाए। इन्ही बातों को लेकर आज दिनांक 16 मार्च 2026 को सदर अस्पताल लोहरदगा के उपाधीक्षक डॉक्टर शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में प्रखंड सेन्हा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सभागार में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की गई। जिसमें जिला सर्विलेंस कार्यालय लोहरदगा द्वारा वर्ष 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रथम स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र बदला,द्वितीय स्थान स्वास्थ्य उप केंद्र एकागुड़ी एवं तृतीय स्थान स्वास्थ्य उपकेंद्र उगरा को प्राप्त है। जिन्होंने आईएचआईपी पोर्टल पर सर्वाधिक कार्य किया है साथ ही पी फॉर्म रिपोर्टिंग करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा को एवं एल फॉर्म रिपोर्टिंग करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा को भी प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में उपस्थित सिविल सर्जन सह जिला सर्विलांस पदाधिकारी लोहरदगा,जिला कार्यक्रम प्रबंधक लोहरदगा नाजिश अख्तर,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 संजीत आनंद,जिला एपिडेमियोलॉजी प्रशांत चौहान,जिला डाटा प्रबंधक आईडीएसपी राकेश भूषण,जिला डाटा एंट्री ऑपरेटर आईडीएसपी विमलेश कुमार प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता,प्रखंड लेखा प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता, बहुउद्देशीय कार्यकर्ता अनुज कुमार सिन्हा एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला आयोजित

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**खूंटी।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के अंतर्गत जिला नियोजनालय-सह-मॉडल करियर सेंटर, खूंटी द्वारा सोमवार को नियोजनालय परिसर में एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवाओं एवं युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक दंडाधिकारी विपिन चन्द्र विश्वास, जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार, सहायक रोजगार अधिकारी अनुज कुमार तथा भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति के प्रतिनिधियों एवं नियोजकों ने भाग लिया । इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी आनंद कुमार ने उपस्थित अभ्यर्थियों का स्वागत करते हुए नियोजनालय द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं जैसे पंजीकरण, कैरियर काउंसलिंग, पुस्तकालय, आईटी लैब आदि की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समय-समय पर रोजगार मेले एवं भर्ती कैंप का आयोजन कर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इच्छुक अभ्यर्थी रोजगार से जुड़ने के लिए पोर्टल पर स्वयं पंजीकरण कर सकते हैं या जिला नियोजनालय, खूंटी में उपस्थित होकर भी अपना निबंधन करा सकते हैं। रोजगार मेले के दौरान अतिथियों ने विभिन्न नियोजकों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध रिक्तियों और सेवाभार्ती से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कुछ अभ्यर्थियों को चयन के बाद मौके पर ही नियुक्ति पत्र भी प्रदान किए गए। इस रोजगार मेले में कुल 19 नियोजकों ने भाग लिया तथा लगभग 550 आवेदकों ने पंजीकरण कराया। मेले में 48 अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया गया, जबकि 137 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

## बाल विवाह डायन कुप्रथा और नशाखोरी जैसे बुराइयों के प्रति चलाया गया जागरूकता अभियान

**लोहरदगा:** डालसा के तत्वधान में पीएलवी के द्वारा इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में जागरुकता शिविर का आयोजन कर डायन कुप्रथा,भ्रूण हत्या,नशाखोरी जैसे बुराइयों से बचने के लिए लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इसी निमित लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित संचालित पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा और झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय पेशरार में झालसा राँची के निदेर्शानुसार डालसा अध्यक्ष सह प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश राजकमल मिश्रा एवं सचिव राजेश कुमार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से बाल विवाह रोक थाम और डायन बिसाही,भ्रूण हत्या और नशापान जैसे कुरीति और बुराइयों के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। पीएलवी पुनु देवी और प्रियांशु यादव तथा श्रीमति कुमारी के द्वारा पीएम श्री कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा और झारखंड बालिका आवसीय विद्यालय पेशरार प्रांगण में संयुक्त रूप से विद्यालय में शिक्षक शिक्षिका और छात्राओं को कम उम्र में विवाह नही करने के उद्देश्य को बताते हुए बाल विवाह रोक थाम के साथ डायन बिसाही,नशापान,भ्रूण हत्या जैसे अनेकों समाजिक बुराइयों के विरुद्ध विद्यालय में जागरूकता अभियान चलाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में आम जनों को जागरूक करने के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं से अपील गया। उपरोक्त बिंदुओं पर बताते हुए कहा गया कि कम उम्र में शादी विवाह करना कानून अपराध है। सरकार द्वारा निर्धारित उम्र से पहले माता पिता अपने लड़के लड़कियों का विवाह करते हैं तो उन्हें आर्थिक दंड के साथ जेल की सजा हो सकती है या जेल और आर्थिक दंड दोनों सजा एक साथ हो सकती है। सभी बच्चों को पढ़ाई लिखाई कर भविष्य संवारने का पूर्ण अधिकार है। साथ ही बताया कि कम उम्र में विवाह करने से लड़के लड़कियां जल्द ही माता पिता बन जाते हैं। जिससे उनको काफी परेशानी काफी होती है। खास कर कम उम्र में विवाह करने से अधिकांश लड़कियों को शारीरक मानसिक तनाव के साथ घर की जिम्मेदारी बढ़ती है। और भविष्य में अत्यअधिक परेशान होना पड़ता है। सरकार द्वारा लडकों एवं लड़कियों के लिए 20 वर्ष विवाह के लिए उम्र सीमा निर्धारित किया गया है। छात्राओं को पढ़ाई लिखाई कर भविष्य संवारने के लिए अपील किया गया। और पढ़ाई लिखाई करने के बाद शादी विवाह करने से जीवन खुशहाल होगा। तथा शिक्षित और जागरूक होने से समाज में अच्छा संदेश जाएगा और बाल विवाह,भ्रूण हत्या,नशापान और डायन बिसाही कुप्रथा जैसे गलत कार्यो में कमी आयेगी। मौके पर वार्डन प्रेमदनी कुजूर और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सुरजमुनी कुमारी,एस्तेर आकृति कुजुर,मनीता कुमारी,खुशबू कुमारी, आकृति उरांव,आरती कुमारी,कुसुम उरांव,महिमा टोप्पो,रोही मिंज,चंद्रमा कुमारी के अलावे अन्य सभी छात्राएं उपस्थित थे।

## भारतीय जनता पार्टी युवा नेता पवन तिग्गा बिजली विभाग से ट्रांसफार्मर की मांग करते



**लोहरदगा :** जिला के कैरो प्रखंड अंतर्गत ग्राम हनहट में दिनांक 4/3/2026 को 63 केवी भारतीय जनता पार्टी युवा नेता पवन तिग्गा मांग करते हैं कि ट्रांसफार्मर में आग लग गया और बिजली आपूर्ति विभाग लोहरदगा को ग्रामीणों द्वारा नया ट्रांसफार्मर लगाने के लिए आवेदन पत्र दिया गया लेकिन विभाग के द्वारा अभी तक किसी तरह से कोई पहल नहीं किया गया जिसके चलते समस्त ग्रामवासी अंधेरे में रहने में मजबूर है मुनीलाल उरांव आसु उरांव विश्वनाथ उरांव दीपक उरांव उमेश भगत विकास उरांव आदि।

## दावत ए इफ्तार में मांगी गई प्रेम भाईचारा और अमन चैन की दुआ



**लोहरदगा:** पवित्र माह रमजान के पावन अवसर पर लोहरदगा जिले के सेन्हा प्रखंड मुख्यालय ग्राम में मदरसा हसमतूर रजा सेन्हा के प्रांगण में नवयुवक संघ द्वारा दावत ए इफ्तार पार्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित दावत ए इफ्तार पार्टी में आम और खास वर्ग के सभी लोग शामिल हुए। दावत ए इफ्तार पार्टी के दौरान हाफिज फहीम अंसारी ने कहा कि रोजेदार नेक दुआओं की मांग करते हैं। जिसे अल्लाह के यहां दुआएं कबूल होती है। साथ ही कहा कि रमजान माह में शबर करने वाले को अल्लाह पसंद फरमाता है। उन्होंने दुआ मांगते हुए कहा कि रमजान माह में सभी को बरकत दे और जहन्नम की आग निजात दे और अल्लह हम सभी की रोजा को कबूल फरमाए तथा एक दूसरे भाईयों के बीच मोहब्बत पैदा कर मानव समाज को बेहतर समाज बनाते हुए विकास में भागीदारी बनाए साथ ही सभी लोगों के द्वारा एक साथ आपसी प्रेम भाईचारा और अमन चैन हेतू दुआ मांगा गया। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मोख्तार अंसारी,सेक्रेटरी मो0 अजहर के अलावे हसनैन अंसारी,जफीर अंसारी,सयुब अंसारी,वसीम अकरम,अफरोज अंसारी,एताजुल अंसारी सहित मुस्लिम धमार्लंबियों के लोग उपस्थित थे।

## पत्रकार प्रवीण सिन्हा का निधन, प्रदेश भाजपा ने जताया शोक



**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण सिन्हा का कोकर स्थित उनके आवास पर सोमवार रात निधन हो गया। वह लीवर के बीमारी से पीड़ित थे। उनके असामयिक निधन पर प्रदेश भाजपा ने शोक जताया है। प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि यह पत्रकारिता जगत की अपूरणीय क्षति है। साहू ने कहा कि ईश्वर प्रवीण सिन्हा की आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। तथा दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें। वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा के भाई थे। वह लंबे समय से एक दैनिक अखबार से जुड़े थे। शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद डॉ प्रदीप वर्मा,मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, यदुनाथ पांडेय, प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, बालमुकुंद सहाय, नीलकंठ सिंह मुंडा, आरती कुजूर, प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह, हेमंत दास, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, सहित प्रदेश पदाधिकारी सहित अन्य शामिल हैं।

# झारखंड में गैस संकट गहराने की आशंका, 3.27 लाख रिफिल पेंडिंग, सदन में केंद्र पर बरसे मंत्री, कमर्शियल गैस की आपूर्ति 80 फीसदी घटी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में एलपीजी की आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है. झारखंड विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य में गैस आपूर्ति की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हालात के कारण गैस आपूर्ति प्रभावित हो रही है और इसका असर झारखंड में भी दिखाई दे रहा है.

### बुकिंग अवधि बढ़ने से उपभोक्ता परेशान

मंत्री ने बताया कि राज्य में कमर्शियल और घरेलू एलपीजी की डिलीवरी में परेशानी उत्पन्न हो गई है. इसकी वजह से गैस सिलेंडर की बुकिंग अवधि भी बढ़ा दी गई है. अब शहरी उपभोक्ताओं के लिए रिफिल बुकिंग की अवधि 15 दिन से बढ़ाकर 25 दिन और ग्रामीण उपभोक्ताओं के लिए 45 दिन कर दी गई है.

### डिलीवरी में लग रहा तीन से चार दिन

उन्होंने कहा कि पहले गैस बुकिंग के 48 घंटे के भीतर सिलेंडर की आपूर्ति हो जाती थी, लेकिन अब डिलीवरी में 3 से 4 दिन तक का समय लग रहा है. 16 मार्च 2026 तक राज्य में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम की ओर से गैस आपूर्ति में कुल 3,27,630 रिफिल पेंडिंग हैं.

### कमर्शियल गैस की आपूर्ति में भारी कटौती

मंत्री ने बताया कि 13 मार्च को केंद्र सरकार के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जानकारी दी गई कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति को 80 प्रतिशत से घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है. 14 मार्च को राज्य सरकार और तेल कंपनियों के साथ हुई बैठक में यह सामने आया कि झारखंड में हर महीने औसतन 2273.11 मीट्रिक टन कमर्शियल गैस की जरूरत होती है, जबकि अब केवल 454.6 मीट्रिक टन की आपूर्ति ही हो पाएगी. इस तरह राज्य को हर महीने 1818.51 मीट्रिक टन गैस की कमी झेलनी पड़ सकती है.

### उद्योग और होटल व्यवसाय पर असर

मंत्री ने कहा कि रांची और जमशेदपुर जैसे औद्योगिक शहरों में कई बड़े उद्योग संचालित होते हैं. इन उद्योगों के कैंटीन में काम करने वाले हजारों श्रमिकों के लिए भोजन की व्यवस्था गैस सिलेंडर पर निर्भर है. गैस आपूर्ति बाधित होने से औद्योगिक गतिविधियों और उत्पादन पर असर पड़ सकता है. इसके अलावा, होटल और दूसरी कमर्शियल जगहों को भी चलाने में मुश्किलें आ सकती हैं.

### अंतरराष्ट्रीय हालात का असर

मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बने युद्ध जैसे हालात और वैश्विक ऊर्जा बाजार की स्थिति का असर भारत और झारखंड पर भी पड़ रहा है. उन्होंने केंद्र सरकार से इस स्थिति पर स्पष्ट रणनीति और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की. साथ ही उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर अंतरराष्ट्रीय संकट लंबा खिंचता है तो देश की ऊर्जा आपूर्ति, आर्थिक नीति और आम लोगों की रसोई पर इसका गंभीर असर पड़ सकता है. मंत्री ने केंद्र सरकार से एलपीजी के साथ-साथ उर्वरक की आपूर्ति को लेकर भी स्पष्ट तैयारी बताने की मांग की. संसदीय कार्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि आपकी सरकार के मालिक डोनाल्ड ट्रंप ने विश्व को रुस से तेल खरीदने की अनुमति दे दी है पर जो तेल आप रुस से लेंगे वे वैश्विक दर पर होगा. इस दौरान इंडिया स्पेसिफिक डिस्काउंट नहीं मिलेगा. अगर यह युद्ध महीना खींच गया तो आपकी मॉनेटरी और फिस्कल पॉलिसी का तेल निकल जाएगा.

# झारखंड की मिट्टी में अपार संभावनाएं, आधुनिक खेती अपनाएं किसान: राज्यपाल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची में आयोजित ह्यएग्रोटेक किसान मेला-2026 के समापन समारोह में शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालयों का दायित्व केवल प्रयोगशालाओं में शोध तक सीमित नहीं है, बल्कि उन शोधों को खेतों तक पहुंचाना भी उतना ही आवश्यक है. वैज्ञानिकों को किसानों के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य करना चाहिए. राज्यपाल ने कहा कि इस प्रकार के किसान मेले किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों, नवीन शोध और उन्नत कृषि पद्धतियों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. उन्होंने कहा कि झारखंड एक कृषि प्रधान राज्य है और यहां की मिट्टी में अपार संभावनाएं हैं. किसानों को परंपरागत खेती के साथ-साथ फल, सब्जी, फूल, औषधीय पौधों और बागवानी की खेती अपनाने के लिए आगे आना चाहिए. उन्होंने कहा कि मुर्गीपालन, मत्स्यपालन, बकरीपालन और मधुमक्खी पालन जैसे सहायक व्यवसाय किसानों की आय बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं. राज्यपाल ने मोटे अनाज (श्री अन्न) के बढ़ते महत्व का उल्लेख करते हुए किसानों से रागी (मड़ुआ), बाजरा और ज्वार जैसे पौष्टिक अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का आह्वान किया. साथ ही सहजन (मूंगा) जैसे पौष्टिक पौधों की खेती की संभावनाओं पर भी बल दिया. राज्यपाल ने कृषि वैज्ञानिकों और शोधार्थियों से गांवों में जाकर किसानों के साथ मिलकर कार्य करने और नई तकनीकों और उन्नत खेती के तरीकों की जानकारी किसानों तक पहुंचाने की अपील की. उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय के विद्यार्थी गांवों को गोद लेकर किसानों को कम भूमि में अधिक उत्पादन और आय बढ़ाने के उपायों के बारे में मार्गदर्शन दे सकते हैं. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और किसान क्रेडिट कार्ड जैसी कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिनका लाभ किसानों को अवश्य लेना चाहिए.कार्यक्रम के अंत में राज्यपाल ने राज्य के कई प्रगतिशील और नवोन्मेषी किसानों को सम्मानित किया.

# विधानसभा चुनावों पर सियासत तेज, पश्चिम बंगाल और असम पर सभी ठोक रहे जीत के दावे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** असम सहित देश के पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधि तेज है. इन पांच राज्यों में सबकी नजर पश्चिम बंगाल और असम पर है, जहां सभी राजनीतिक दल अभी से चुनाव जीतने का दावा करने में लगे हैं. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने बंगाल में इस बार कमल खिलने का दावा किया है. वे कहते हैं कि असम में भी भाजपा की सरकार फिर से बनेगी और शेष राज्यों में भाजपा और उसके गठबंधन मजबूती के साथ उभरेगी. उन्होंने कहा कि यह कोई आश्चर्य की बात नहीं कि तमिलनाडु में भाजपा की सरकार बन जाये. असम में जेएमएम के चुनाव लड़ने की घोषणा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि वहां चुनाव लड़ने से कौन उन्हें रोकता है. उन्होंने कहा कि आज से 10 साल पहले कांग्रेस की ही सरकार थी और लगातार वहां वह जीतती रही है. बाबूलाल मरांडी ने एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि असम में जब कांग्रेस की सरकार थी और आदिवासियों का आंदोलन वहां चल रहा था तो उस समय ट्राइबल महिलाओं को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा गया था. उस समय जेएमएम का कांग्रेस के साथ गठबंधन था, उस समय दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने कहा था कि इस प्रकार की घटनाएं होती रहती हैं.

### असम में हिमंता बिस्वा सरमा से मिलेगी मुक्ति - दीपिका पांडे सिंह

इधर, बीजेपी के दावों को कांग्रेस निराधार बताने में जुटी हुई है. कांग्रेस नेत्री और हेमंत सरकार की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह कहती हैं कि बहुत दिनों से असम की जनता हिमंता बिस्वा सरमा सरकार से त्रस्त है और उस भ्रष्टाचारी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार हैं. उन्होंने कहा कि जिस तरह से वहां की सरकार कॉरपोरेट के लिए काम कर रही है उससे जनता त्रस्त है. ऐसी स्थिति में वहां की जनता सरकार को उखाड़ फेंकेगी और गौरव गोगोई असम के मुख्यमंत्री बनेंगे. इधर, कांग्रेस नेता और राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के सहयोग से ही सरकार बनने का दावा किया है. उन्होंने कहा कि पांचों राज्य में कांग्रेस बेहतर करेगी. मैं आलाकमान को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे असम के चुनाव प्रचार में भेजने का काम किया है.

# बुंडू कुम्हार टोली में किराना दुकान में लगी आग, जलकर राख



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बुंडू।** थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली में रविवार की मध्य रात्रि एक किराना दुकान में भीषण आग लग गई, जिससे दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। यह दुकान बुधन कुम्हार की बताई जा रही है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। साथ ही दुकान में रखे नगदी रुपये भी आग की चपेट में आ गए। दुकान मालिक बुधन कुम्हार का कहना है कि यह आग कोई जानबूझकर लगाई गई है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि इस घटना के बाद उनका पूरा परिवार सड़क पर आ गया है और उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।स्थानीय लोगों के अनुसार, देर रात अचानक दुकान से आग की लपटें उठती देख अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक दुकान पूरी तरह जल चुकी थी।

# सस्ते दर पर रेटिना हेमरेज का इलाज, रांची सदर अस्पताल में मिलेगी सुविधा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** देश के सर्वश्रेष्ठ 10 सदर अस्पतालों में से एक रांची सदर अस्पताल अपनी उपलब्धियों की सूची में में और बेहद महत्वपूर्ण विशिष्ट सेवा जोड़ने जा रहा है. सदर अस्पताल में रेटिना हेमरेज के इलाज की सुविधा शीघ्र शुरू होने वाली है. निजी अस्पतालों-नेत्र क्लिनिक में बेहद महंगी इंट्राविट्रियल इंजेक्शन की सुविधा बहुत कम दर पर उपलब्ध होगी.

### मधुमेह, उच्च रक्तचाप की वजह से रेटिना हेमरेज के मामले बढ़े

मधुमेह, उच्च रक्तचाप या किसी अन्य कारणों से आंखों को नुकसान पहुंचता है. ऐसी स्थिति में आंख की रेटिना में सूजन या हेमरेज होना आम है. इस स्थिति में नेत्र चिकित्सक इंट्राविट्रियल इंजेक्शन से आंखों की रोशनी को बचाने की कोशिश करते हैं. आम जनता के लिए परेशानी का सबब यह होता है कि यह इलाज काफी खचीर्ला होता है. अभी रांची के निजी नेत्र अस्पताल या क्लिनिक में इंट्राविट्रियल इंजेक्शन पैकेज के लिए 40 हजार से एक लाख रुपये चार्ज करते हैं. अब सदर अस्पताल इस व्यवस्था में लगा है कि सदर अस्पताल में नेत्र रोग रेटिना हेमरेज का इलाज इंट्राविट्रियल इंजेक्शन का पूरा पैकेज महज 05-06 हजार में उपलब्ध हो जाए. सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि उनकी कोशिश होगी कि आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जनआरोग्य योजना के तहत लाभुकों को यह सेवा निशुल्क मिले. साथ ही सामान्य लोगों को भी बेहद मामूली दर (5-6 हजार) रुपये में पूरा पैकेज मिल जाए. सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह ने कहा कि उनकी कोशिश यह भी है कि निकट भविष्य में सदर अस्पताल के नेत्र रोग विभाग में कॉर्निया ट्रांसप्लांट एवं रेटिना से संबंधित अन्य सर्जरी जैसी सुविधा शुरू हो जाए. उन्होंने बताया कि काला मोतिया के इलाज और जांच की सारी सुविधाएं उपलब्ध है और इसे और दुरुस्त किया जाएगा. सदर अस्पताल के नेत्र सर्जन डॉक्टर प्रीतेश बताते हैं कि रेटिना हेमरेज की स्थिति में इंजेक्शन का यह पैकेज काफी उपयोगी होता है.

# सरहुल पर्व को लेकर प्रशासन अलर्ट, रांची डीसी व एसएसपी ने सरना स्थलों का किया निरीक्षण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** प्रकृति पर्व सरहुल पर्व, जो 21 मार्च को मनाया जाएगा, को लेकर रांची जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं. रविवार को डीसी मंजूनाथ भजंत्री और वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शहर के प्रमुख सिरम टोली और हातमा सरना स्थल का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने प्रवेश मार्ग, पूजा स्थल, श्रद्धालुओं के आवागमन, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग और सुरक्षा इंतजाम की समीक्षा की. सरना समितियों ने प्रशासन को बताया कि सरहुल के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं, इसलिए लाइटिंग, सड़क समतलीकरण, पेयजल, जेनरेटर, मोबाइल टॉयलेट और बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था जरूरी है. इस पर उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सभी तैयारियां समय पर पूरी करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि सरहुल झारखंड की समृद्ध आदिवासी संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण पर्व है, जिसे शांति और उत्साह के साथ मनाया जाता है. वहीं एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि प्रमुख सरना स्थलों और जुलूस मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल, सीसीटीवी और ड्रोन से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी.

# जानलेवा जटिल प्रसूति बीमारी प्लेसेंटा परक्रिटा का सफल ऑपरेशन कर पारस एचईसी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने बचाई मरीज की जान

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** पारस एचईसी हॉस्पिटल में एक बेहद जटिल और जानलेवा प्रसूति बीमारी प्लेसेंटा परक्रिटा का सफल ऑपरेशन कर डॉक्टरों की टीम ने एक महिला की जान बचाई। यह सर्जरी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ और लैप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. रितिका पाठक के नेतृत्व में की गई। मरीज को पहले कई अस्पतालों में इस बीमारी की गंभीरता के कारण ऑपरेशन करने से मना कर दिया गया था। प्लेसेंटा परक्रिटा एक दुर्लभ और अत्यंत गंभीर स्थिति होती है, जिसमें प्लेसेंटा गर्भाशय की दीवार को पार कर आसपास के अंगों, विशेषकर ब्लैडर तक पहुंच जाता है। ऐसी स्थिति में प्रसव के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव का खतरा रहता है और मरीज की जान पर बन सकती है। डॉक्टरों की टीम ने सावधानीपूर्वक योजना बनाते हुए सीजेरियन हिस्टरेक्टॉमी के साथ आंशिक सिस्टेक्टॉमी कर प्लेसेंटा और ब्लैडर के प्रभावित हिस्से को सुरक्षित रूप से हटाया। ऑपरेशन तकनीकी रूप से काफी जटिल था और सर्जरी के दौरान अधिक रक्तस्राव होने के कारण मरीज को कई यूनिट रक्त भी चढ़ाना पड़ा। अस्पताल के अनुसार विशेषज्ञ सर्जिकल तकनीक, विभिन्न विभागों के समन्वित सहयोग और समय पर उपलब्ध रक्त सहायता से यह ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति स्थिर रही और स्वस्थ होने के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। डॉ. रितिका पाठक ने कहा कि उन्होंने मुंबई के एक प्रतिष्ठित संस्थान से एडवांस लैप्रोस्कोपिक सर्जरी और हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी के प्रबंधन में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उनकी कोशिश है कि रांची और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को उन्नत और सुरक्षित इलाज स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सके। पारस एचईसी हॉस्पिटल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने इस सफलता का श्रेय पूरी सर्जिकल टीम, समय पर उपलब्ध रक्त सहायता और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं को दिया। उन्होंने कहा कि प्लेसेंटा परक्रिटा जैसे जटिल मामलों के सफल इलाज में अनुभवी डॉक्टरों और मल्टीडिसिप्लिनरी मेडिकल टीम की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है।

# बोड़ेया में राजकीयकृत उच्च विद्यालय को चोरों ने बनाया निशाना, कई सामान लेकर फरार

**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना इलाके में चोरों ने चोरी की सारी हदें पार कर दी है. विद्या का मंदिर कहे जाने वाले स्कूल को भी अब नहीं छोड़ रहे हैं. ताजा मामला कांके थाना क्षेत्र स्थित बोड़ेया के राजकीयकृत उच्च विद्यालय की है जिसको चोरों ने निशाना बनाया है. चोरों ने एक क्रोम बूक (जिसकी कीमत पच्चीस हजार) और सात टैब (जिसकी कीमत करीब 70 हजार) लेकर फरार हो गये. इसके अलावा चोरों ने कई सामानों को क्षतिग्रस्त कर दिया है. क्षतिग्रस्त समान में एक टीवी (जिसकी कीमत 55 हजार), एक डेस्कटॉप (कीमत 35 हजार), सात पीस अलमीरा (कीमत 45 हजार), एक लॉकर (कीमत 15 हजार), पांच पीस लॉक (कीमत तीन हजार) और सीसीटीवी कैमरा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है. इस मामले को लेकर स्कूल के प्रिंसिपल ने कांके थाना में एफआईआर दर्ज कराया है. प्रिंसिपल ने पुलिस को बताया कि आज सुबह जब स्कूल खोला गया तब ग्रिल का दोनों ताला टूटा हुआ था. अंदर जाने पर पता चला की स्कूल का बहुत सारा सामान गायब और क्षतिग्रस्त है. इस मामले को लेकर कांके थाना मंह अज्ञात चोरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया है.

# एयर एंबुलेंस हादसे की उच्चस्तरीय जांच की मांग, आजसू नेता ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** आजसू पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष डॉ. पार्थ पारितोष के नेतृत्व में एक चिकित्सक प्रतिनिधिमंडल ने आज राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में 23 फरवरी 2026 को चतरा में हुई एयर एंबुलेंस दुर्घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है. ज्ञापन में कहा गया है कि यह दुर्घटना बेहद दुखद और गंभीर है, जिसमें कई लोगों की असामयिक मौत हुई. इस हादसे में प्रख्यात चिकित्सक डॉ. विकास गुप्ता का भी निधन हो गया, जिससे चिकित्सा समुदाय सहित पूरे राज्य में शोक की लहर है. डॉ. पार्थ पारितोष ने कहा कि विभिन्न माध्यमों से यह जानकारी सामने आई है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान में फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (ब्लैक बॉक्स) उपलब्ध नहीं था. यदि यह तथ्य सही है तो यह अत्यंत गंभीर मामला है कि बिना ब्लैक बॉक्स के विमान को सेवा की अनुमति कैसे दी गई. इसके अलावा यह भी बताया गया कि मौसम विभाग द्वारा पहले से ही आंधी-तूफान की चेतावनी जारी की गई थी, इसके बावजूद विमान को टेकऑफ की अनुमति दी गई. ऐसे में पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कराना आवश्यक है. एयर एंबुलेंस दुर्घटना की उच्चस्तरीय स्वतंत्र जांच कराई जाए. विमान में ब्लैक बॉक्स की अनुपस्थिति के मामले की स्पष्ट जांच हो. मौसम चेतावनी के बावजूद टेकऑफ की अनुमति दिए जाने के कारणों की जांच की जाए. दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए.

# जेटेट परीक्षा में बड़ा बदलाव, 31 मार्च तक नई नियमावली होगी तैयार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड में शिक्षक बनने की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों के लिए महत्वपूर्ण खबर सामने आई है. झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) की नई नियमावली को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है और इसे 31 मार्च तक फाइनल किए जाने की तैयारी चल रही है. राज्य का स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इस दिशा में तेजी से काम कर रहा है ताकि लंबे समय से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों को जल्द स्पष्ट दिशा मिल सके. जानकारी के अनुसार, जेटेट परीक्षा के लिए नया पाठ्यक्रम तैयार कर लिया गया है. झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (जेसीईआरटी) ने संशोधित सिलेबस तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंप दिया है. अब विभाग की ओर से नियमावली को अंतिम रूप देने के बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी. नई नियमावली लागू होने के बाद आगामी जेटेट परीक्षा इसी आधार पर आयोजित की जाएगी.

### अभ्यर्थियों ने जताई थी आपत्ति

दरअसल, वर्ष 2024 में जेटेट के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी लेकिन परीक्षा के सिलेबस और प्रश्नों के कठिनाई स्तर को लेकर अभ्यर्थियों ने आपत्ति जताई थी. उनका कहना था कि झारखंड में निर्धारित सिलेबस और प्रश्नों का स्तर अन्य राज्यों या केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सीटेट) की तुलना में काफी अधिक कठिन है. इसी को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने एक समिति का गठन किया था. जिसने स्थिति की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसी रिपोर्ट के आधार पर नियमावली में बदलाव का निर्णय लिया गया है.

> “परिषद की ओर से संशोधित सिलेबस तैयार कर शिक्षा विभाग को सौंप दिया गया है. अब अंतिम निर्णय शिक्षा विभाग को लेना है, क्योंकि उसी के आधार पर आगे जेटेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा.
> **-प्रदीप कुमार चौबे, डिप्टी डायरेक्टर, जेसीईआरटी.**”

### जेटेट परीक्षा के प्रश्नों की कठिनाई के स्तर में बदलाव

नई व्यवस्था के तहत जेटेट परीक्षा के प्रश्नों की कठिनाई के स्तर में बदलाव किया जाएगा. पहले कक्षा 1 से 5 के लिए होने वाली परीक्षा में इंटरमीडिएट स्तर तक के प्रश्न पूछे जाते थे, जबकि कक्षा 6 से 8 के लिए स्नातक स्तर के प्रश्न शामिल होते थे. अब इस व्यवस्था को सरल बनाया जा रहा है. संशोधित नियमों के अनुसार कक्षा 1 से 5 के लिए परीक्षा के प्रश्नों का स्तर मैट्रिक या समकक्ष होगा, जबकि कक्षा 6 से 8 के लिए प्रश्नों का स्तर इंटरमीडिएट या प्लस टू के बराबर रखा जाएगा.

### परीक्षा प्रणाली में बड़ा बदलाव

परीक्षा प्रणाली में एक और बड़ा बदलाव पासिंग क्राइटेरिया को लेकर किया जा रहा है. वर्तमान नियमावली के तहत अभ्यर्थियों को कुल न्यूनतम अंक प्राप्त करने के साथ-साथ प्रत्येक विषय या खंड में भी अलग-अलग पास मार्क्स लाना अनिवार्य होता है. सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को प्रत्येक खंड में कम से कम 40 प्रतिशत और कुल मिलाकर 60 प्रतिशत अंक लाने होते हैं, जबकि आरक्षित वर्ग के लिए प्रत्येक खंड में 35 प्रतिशत और कुल 55 प्रतिशत अंक आवश्यक होते हैं. नई नियमावली में इस प्रावधान को सरल बनाया जा रहा है.

# सदन में दीपक बिरुआ ने गिनायी सरकार की पहल, नियुक्ति से लेकर भूमि सुधार तक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मंत्री दीपक बिरुआ ने कार्मिक, प्रशासनिक सुधार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार तथा परिवहन विभाग की अनुदान मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी. मंत्री ने कहा कि सरकार 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है. इसके लिए विधानसभा से पारित झारखंड स्थानीय व्यक्तियों की परिभाषा विधेयक 2022 को नौवीं अनुसूची में शामिल करने का आग्रह केंद्र सरकार से किया गया है. उन्होंने बताया कि राज्य में सेवाओं और पदों पर आरक्षण की सीमा बढ़ाकर 77 प्रतिशत करने का प्रावधान किया गया है. इसमें अनुसूचित जनजाति को 28 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 12 प्रतिशत, अत्यंत पिछड़ा वर्ग को 15 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है. ट्रांसजेंडर समुदाय को भी ओबीसी सूची में शामिल किया गया है. सभी वर्गों की महिलाओं के लिए 5 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है. दीपक बिरुआ ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में नियुक्तियों में तेजी आई है. वर्ष 2020 से 2025 के बीच जेएसएससी के माध्यम से 34 हजार से अधिक पदों पर नियुक्तियां हुई हैं, जबकि जेपीएससी के माध्यम से 3 हजार से अधिक पदों पर बहाली की गई है. भूमि प्रबंधन को पारदर्शी बनाने के लिए सरकार नई नीतियां और डिजिटल व्यवस्था लागू कर रही है. दाखिल-खारिज प्रक्रिया में सुधार के लिए सोमोटो सिस्टम और परिशोधन पोर्टल लागू किया गया है. पुराने खतियानों को समझने के लिए कैथी लिपि की पाठ्य पुस्तिका भी प्रकाशित की गई है. परिवहन विभाग में 40 नए मोटर निरीक्षकों की नियुक्ति की गई है. सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती इलाकों में चेक पोस्ट बनाने की योजना है.

# तीनपहाड़ थाना के पड़रिया गांव में एक बंद घर में ताला तोड़ चोरों ने किया हाथ साफ

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**चोर घर पर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी उड़ा ले गए,जांच में जुटी पुलिस**



**तीनपहाड़/साहिबगंज।** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पड़रिया गांव में एक बंद घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देने का मामला प्रकाश में आया है।मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित के परिजन ने थाने में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।आवेदन में पीड़ित रणधीर सिंह ने बताया कि वे बिहार के भागलपुर जिले के लगमा हाट का रहने वाले है,वर्तमान में तीनपहाड़ महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के साथ साथ अपने जीजा (मनोज कुमार सिंह) जो कई वर्षों से रांची में रहते हैं और उनका पड़रिया में मां भागेश्वरी ऑयल पेट्रोल पंप है जिसका हिसाब किताब और घर की जिम्मेदारी उन पर ही है।इसी बीच रविवार को पीड़ित घर को बंद कर अपने बच्चों को छोड़ने के लिए बाहर गए हुए थे। वहीं मौका देखकर चोरों ने घर के कमरों में लगे मजबूत तालों को तोड़कर नकदी चोरी की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है।आवेदन में पीड़ित ने बताया कि घर के अंदर रखे दोनों अलमीरा को तोड़ लगभग डेढ़ लाख रुपए की नगद राशि और लगभग डेढ़ लाख रुपए के चांदी सोने गहने सहित कई जरूरी कागजात पर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया है साथ ही चोरों ने जाते जाते घर के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी साथ लेकर गए ताकि पुलिस को कोई सबूत न मिले।वही बताते चले कि बीते 10 मार्च को थाना क्षेत्र के स्टेट बैंक से कुछ दूर आगे एक ऑनलाइन डिलीवरी कार्यालय और बजाज शोरूम में भी चोरी हुई थी जिसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए छानबीन कर ही रही थी कि फिर से रविवार की रात्रि दोबारा चोरों ने एक बंद घर का ताला काट कर एक बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दे दिया है।वही घटना की सूचना मिलते ही राजमहल पुलिस निरक्षक राजीव कुमार रंजन और तीनपहाड़ थाना के एएसआई ललन रजवार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे जहां उन्होंने हर कमरे और पूरे घर की बारीकी से तलाशी लेते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की खंगाला गया है।

## लालमाटी कृषक पाठशाला में कृषि पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, आधुनिक तकनीक व समेकित कृषि मॉडल की दी गई जानकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** राजमहल प्रखंड अंतर्गत लालमाटी स्थित कृषक पाठशाला में जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक (आत्मा) प्रमोद एक्का की उपस्थिति में कृषि पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कृषक पाठशाला के प्रशिक्षण भवन में संपन्न हुआ, जिसमें अधिकारियों को विभिन्न कृषि योजनाओं और उनके क्रियान्वयन से जुड़े पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान कृषक पाठशाला परिसर में विकसित समेकित कृषि विकास मॉडल का भी अवलोकन कराया गया। पदाधिकारियों ने प्रक्षेत्र भ्रमण कर कृषि की नवीनतम तकनीकों के बारे में जानकारी हासिल की। इस दौरान मलचिंग तकनीक के माध्यम से लगाए गए उच्च मूल्य की फसलों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही पशु संसाधन विकास के लिए तैयार किए गए विभिन्न शेड का भी निरीक्षण कराया गया, ताकि अधिकारी किसानों को इन तकनीकों से बेहतर तरीके से अवगत करा सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, उप परियोजना निदेशक मंटू कुमार सहित जिला आत्मा एवं कृषि कार्यालय के सभी कर्मी मौजूद रहे। इसके अलावा साहिबगंज जिले के सभी प्रखंडों से प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक तथा पौध संरक्षण केंद्र के कर्मियों ने भी भाग लिया।

## साहिबगंज में जल महोत्सव का आयोजन, निबंध-पेंटिंग प्रतियोगिता व प्रभात फेरी से जल संरक्षण का दिया संदेश




**साहिबगंज।** पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, साहिबगंज (झारखंड) द्वारा जिले में जल संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जल महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों के कई विद्यालयों में निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता तथा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण के महत्व पर अपने भावपूर्ण निबंध और आकर्षक पेंटिंग के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं प्रभात फेरी में बच्चों ने हाथों में तख्तियां लेकर जल की अहमियत और स्वच्छता का संदेश लोगों तक पहुंचाया, जिससे समुदाय में जागरूकता का संचार हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से जिले में जल के महत्व को लेकर लोगों को जागरूक किया गया और सभी ने मिलकर स्वच्छ, सुरक्षित और संरक्षित पेयजल के प्रति संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति स्वयं जागरूक रहने के साथ-साथ समाज के अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित मास्टर जलसहिया, विद्यालय के अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अनुज पाराशर, धीरज शाह, सहायक अभियंता, सभी कनिय अभियंता, जिला समन्वयक, प्रखंड समन्वयक, जेएसएलपीएस की दीदी, मुखिया सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की नियमित पदस्थापना की मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दक्षिण बेगमगंज पंचायत स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर एवं नर्स की नियमित पदस्थापना की मांग को लेकर राधानगर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अचिंतो मंडल ने झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को आवेदन सौंपा है। दिए गए आवेदन में उन्होंने कहा है कि दक्षिण बेगमगंज पंचायत के उप स्वास्थ्य केन्द्र में कई वर्षों से न तो कोई डॉक्टर पदस्थापित है और न ही नर्स की व्यवस्था है। इसके कारण क्षेत्र के गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों को इलाज के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों को मामूली बीमारी से लेकर गंभीर उपचार के लिए पश्चिम बंगाल या फिर भागलपुर जाना पड़ता है। दूर-दराज इलाज कराने में मरीजों को आर्थिक परेशानी के साथ-साथ समय और संसाधनों की भी भारी दिक्कत झेलनी पड़ती है। कई गरीब परिवार बेहतर इलाज कराने में असमर्थ हो जाते हैं। मुखिया प्रतिनिधि अचिंतो मंडल ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि दक्षिण बेगमगंज स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द से जल्द पर्याप्त संख्या में डॉक्टर एवं नर्स की पदस्थापना सुनिश्चित की जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके।

# बड़हरवा स्टेशन पर हिंदी में तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन, गरमी में रेल पटरियों के रखरखाव पर हुई चर्चा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।**मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा मंडल के राजभाषा विभाग के तत्वावधान में सोमवार को बड़हरवा स्टेशन स्थित रेल पथ कार्यालय में ‟गरमी के मौसम में पटरियों का रखरखाव" विषय पर हिंदी में तकनीकी संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बड़हरवा रेलवे स्टेशन के विभिन्न कार्यालयों के कर्मचारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत वरिष्ठ अनुवादक विद्यासागर राम द्वारा स्वागत भाषण के साथ हुई। उन्होंने उपस्थित प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथि के रूप में पधारे सीनियर सेक्शन इंजीनियर एस. एल. मरैया एवं मुख्य वक्ताओं – सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेल पथ) तीनपहाड़ शशिकांत कुमार और जूनियर इंजीनियर बड़हरवा सैयदुल हक – का स्वागत किया अपने संबोधन में श्री मरैया ने मालदा मंडल के राजभाषा विभाग द्वारा आयोजित इस हिंदी तकनीकी संगोष्ठी की सराहना करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी में तकनीकी संगोष्ठी आयोजित करने से तकनीकी विषयों की जानकारी सरल और सहज तरीके से कर्मचारियों तक पहुंचाई जा सकती है। संगोष्ठी के दौरान मुख्य वक्ताओं ने गरमी के मौसम में रेल पटरियों के रखरखाव और इस दौरान बरती जाने वाली आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तकनीकी विषयों की बेहतर समझ विकसित करने के लिए हिंदी माध्यम से आयोजित इस प्रकार की संगोष्ठियाँ कर्मचारियों के लिए काफी उपयोगी साबित होती हैं। मालदा मंडल द्वारा आयोजित यह तकनीकी संगोष्ठी कर्मचारियों को राजभाषा हिंदी के संवर्द्धन, प्रोत्साहन तथा कार्यालयी कार्यों में इसके प्रभावी उपयोग के लिए प्रेरित करने में सहायक सिद्ध हुई। मंडल द्वारा समय-समय पर हिंदी के प्रचार-प्रसार और उसके अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के लैब टेक्नीशियन जो विगत 20-25 वर्षो से कार्यरत हैं उनका नियमितीकरण हो- विधायक.



**साहिबगंज।**राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने लैब टेक्नीशियन के मांग को सदन में रखते हुए कहे कि दौरान टीबी उन्मूलन अभियान के लैब टेक्नीशियन जो 20-25 वर्षों से कार्यरत हैं उनके नियमितीकरण की दिशा में अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है जिस कारण उन्हें पीएफ वेतनमान वृद्धि अवकाश नियमावली मेडिकल सुविधा सहित अन्य लाभ नहीं मिल पा रहा है इसलिए लैब टेक्नीशियन को नियमितीकरण करने की दिशा में झारखंड राज्य स्वास्थ्य विभाग सकारात्मक पहल करें.

## रसूलपुर दहला मारपीट मामले में नगर थाना पुलिस की कार्रवाई, तीन आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल



**साहिबगंज।**नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने बीते 3 फरवरी 2026 को रसूलपुर दहला में दो पक्षों के बीच हुए मारपीट मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।सोमवार को नगर थाना पुलिस तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद मेडिकल जांच के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल लेकर पहुंची। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. केशव कृष्णा ने सभी आरोपियों का बारी-बारी से मेडिकल जांच किया। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले को लेकर नगर थाना के एएसआई बाबूधन ने बताया कि थाना कांड संख्या 17/26 के आरोपी आकाश कुमार रिखियासन (22 वर्ष), पिता परदेशी रिखियासन, निवासी रसूलपुर दहला को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना कांड संख्या 18/26 के आरोपी जीतन दास (22 वर्ष), पिता मंकर दास एवं मनोज कुमार दास (25 वर्ष), पिता स्व. बलदेव दास, दोनों निवासी रसूलपुर दहला को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।उन्होंने बताया कि आपसी मारपीट के मामले में दोनों पक्षों के युवकों ने एक-दूसरे के खिलाफ नगर थाना में मामला दर्ज कराया था। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# तेज आंधी-बारिश से बरहरवा में जनजीवन प्रभावित, कई जगह पेड़ व बिजली पोल गिरे

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार की देर शाम अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ गया। तेज आंधी के साथ हुई बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर बड़े-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन बाधित रहा। आंधी का असर बिजली व्यवस्था पर भी देखने को मिला। कई जगहों पर बिजली के पोल गिर गए और तार क्षतिग्रस्त हो गए, जिसके कारण बरहरवा नगर समेत कई गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। जानकारी के अनुसार करीब 18 से 20 घंटे तक कई मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों में बिजली गुल रही, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली नहीं रहने से पानी की आपूर्ति और अन्य दैनिक कार्य भी प्रभावित रहे। आंधी-बारिश का असर मकानों पर भी पड़ा। कई स्थानों पर टीन-शेड और कमजोर छप्पर उड़ जाने की खबर है, जिससे कुछ घरों को आंशिक नुकसान पहुंचा। वहीं सड़कों पर पेड़ गिर जाने से यातायात भी प्रभावित हुआ। हालांकि स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से कई जगहों पर गिरे पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ किया, जिससे धीरे-धीरे आवागमन सामान्य हो सका। इधर इस आंधी और बारिश से किसानों को भी नुकसान उठाना पड़ा है। खेतों में तैयार खड़ी चना और गेहूं की फसल तेज हवा और बारिश के कारण कई जगहों पर गिर गई, जिससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। किसानों का कहना है कि यदि मौसम इसी तरह खराब रहा तो नुकसान और बढ़ सकता है। उधर बिजली विभाग की टीमों ने देर रात से ही क्षतिग्रस्त बिजली लाइनों और गिरे हुए पोलों को ठीक करने का काम शुरू कर दिया। विभाग के कर्मियों की लगातार मेहनत के बाद धीरे-धीरे विभिन्न इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल की जा रही है।अचानक आई इस आंधी और बारिश ने बरहरवा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में काफी नुकसान और परेशानियां खड़ी कर दी हैं।

## साहिबगंज मंडल कारा के बंदी की सदर अस्पताल में मौत, मिर्गी की शिकायत से बिगड़ी थी तबीयत




झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**साहिबगंज।** साहिबगंज मंडल कारा में बंद एक बंदी की सोमवार की सुबह सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान बरहेट थाना क्षेत्र के सोनाजोड़ी निवासी नईम अंसारी के रूप में हुई है, जो चोरी के एक पुराने मामले में जेल में बंद था।मिली जानकारी के अनुसार नईम अंसारी को मिर्गी की शिकायत थी। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह करीब 9 बजे जेल में बंद रहने के दौरान उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद जेल प्रबंधन द्वारा उसे तत्काल बेहतर इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. प्रशांत कुमार ने बंदी का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया था। हालांकि आरोप है कि जेल प्रबंधन द्वारा उसे समय पर हायर सेंटर नहीं ले जाया गया। इधर सोमवार की सुबह सदर अस्पताल के कैदी वार्ड में इलाज के दौरान बंदी नईम अंसारी की मौत हो गई। घटना के बाद अस्पताल और जेल प्रशासन में हलचल मच गई है। मामले को लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया और जांच की बात कही जा रही है।

## मिजार्पुर पंचायत की मुख्य सड़क बनी तालाब, गंदगी और जलजमाव से ग्रामीण परेशान



**बरहड़वा/साहिबगंज।**बरहड़वा प्रखंड क्षेत्र के मिजार्पुर पंचायत में मुख्य सड़क की स्थिति इन दिनों काफी दयनीय हो गई है। सड़क पर जगह-जगह कचरे का अंबार लगा हुआ है और हल्की बारिश के बाद ही गंदा पानी जमा हो जाने से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।गंदगी और जलजमाव के कारण इलाके में कई प्रकार की बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। स्कूल के चारों ओर बारिश का पानी जमा हो जाने से सड़क पूरी तरह कीचड़मय हो गई है और कई जगहों पर पोखर जैसा दृश्य बन गया है। ऐसे में बच्चों को स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि फोटो में दिखाई देने वाली सड़क कोई धान रोपने का खेत नहीं, बल्कि मिजार्पुर गांव के अंदर की मुख्य सड़क है। हैरानी की बात यह है कि मात्र एक दिन की बारिश में ही सड़क की यह स्थिति हो गई, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।ग्रामीणों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से जल्द से जल्द सड़क की सफाई कराने और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि लोगों को इस समस्या से राहत मिल सके।

## बरहरवा स्टेशन के प्लेटफॉर्म-02 पर लगा चिल्ड वाटर कूलर, गर्मी में यात्रियों को मिलेगी राहत



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज।** मालदा रेलमंडल अंतर्गत बरहरवा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठंडे पेयजल (चिल्ड वाटर) की व्यवस्था की गई है। अब यात्रियों को गर्मी के मौसम में साफ और ठंडा पानी आसानी से उपलब्ध हो सकेगा, जिससे सफर के दौरान उन्हें काफी राहत मिलेगी। दैनिक यात्रियों की इस महत्वपूर्ण जरूरत को पूरा करने के लिए रेल प्रशासन का यह कदम सराहनीय माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, भीषण गर्मी को देखते हुए मालदा रेल मंडल की ओर से बरहरवा स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या दो पर नए वाटर कूलर लगाए गए हैं। कुछ दिन पहले रेलवे के अधिकारियों ने मुआयना के दौरान प्लेटफार्म संख्या एक व दो पर दो नए वाटर कूलर लगाने की बात कही थी। पहले स्टेशन पर दिन के समय यात्रियों की संख्या अधिक होने के कारण एक ही नल पर लंबी कतार लग जाती थी, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती थी। लेकिन नए वाटर कूलर लगने के बाद यात्रियों को काफी सहूलियत मिल रही है और उन्हें आसानी से ठंडा पेयजल उपलब्ध हो रहा है। यात्रियों ने रेल प्रशासन के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जताई है कि आने वाले समय में स्टेशन पर यात्रियों के लिए और भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

# पीएमश्री योजना विद्यालय नयाबाजार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन.

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल पीएमश्री मध्य विद्यालय नयाबाजार में सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डु, वार्ड पार्षद अमीर कुमार मंडल, बीईईओ रॉबिन चंद्र मंडल ,प्रधानाध्यापक दिलीप कुमार व विद्यालय अध्यक्ष सिंटू घोष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.इस दौरान विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया. बीईईओ रॉबिन चंद्र मंडल ने बताया कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को निखारना और उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है.अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया. मौके पर सविता रानी घोष, बैजू रविदास, जितेंद्र यादव, विक्रम कुमार, पंकज कुमार, अशोक हालदार, तुषार चक्रवर्ती सहित कई अभिभावक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. बगैर किसी सूचना पट्ट के हो रहे भवन निर्माण एवं कार्य में अनियमित्ता से अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने जताई नाराजगी. पीएम श्री मध्य विद्यालय नया बाजार में निर्माणधीन कंप्यूटर लैब भवन के कार्य में अनियमित्ता देख नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुददीन शेख व उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि इसमें बच्चे पठन-पाठन करेंगे और गुणवत्ता में अनियमित बरती जा रही है इसकी जवाब दे कौन होंगे. जब इसकी जानकारी प्रखंड शिक्षा प्रकार पदाधिकारी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक से ली गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण से संबंधित जानकारी उनको नहीं है. कार्य कर रही एजेंसी के माध्यम से भी कोई सूचना पट्ट स्थल पर नहीं लगाया गया है. अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने कहा कि यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है पूरी तरह से लीपापोती किया जा रहा है इसकी उच्च स्तरीय जांच की मांग की जाएगी. अभियंता एवं एजेंसी के विरुद्ध कठोर निर्णय लेने के लिए विभाग को पत्राचार भी किया जाएगा.

# उपायुक्त व एसएसपी ने धनबाद पुलिस को मिले आधुनिक वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक मजबूत होगी कानून – व्यवस्था**



**सिंदरी/ धनबाद** । राज्य सरकार द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से धनबाद पुलिस को उपलब्ध कराए गए 40 महिन्द्रा बोलेरो वाहनों को सोमवार को पुलिस लाइन से उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री आदित्य रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि धनबाद पुलिस के बेड़े में नए वाहनों के शामिल होने से पुलिस की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। शहर के साथ-साथ सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी।?कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पुलिस को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि जिले में बेहतर कानून-व्यवस्था कायम रखी जा सके। उन्होंने यह भी बताया कि जिले के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना पर तेजी से काम चल रहा है। दुर्गा पूजा से पहले इन्हें स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक श्री प्रभात कुमार ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा राज्य के सभी जिलों को नए वाहन आवंटित किए गए हैं। इसी क्रम में धनबाद को 40 बोलेरो वाहन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें विभिन्न थाना और अंचल कार्यालयों में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त धनबाद पुलिस को 45 अपाचे मोटरसाइकिल भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिनका उपयोग विशेष रूप से गश्त और त्वरित कार्रवाई के लिए किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि सभी वाहनों के सही संचालन और रखरखाव के लिए संबंधित पदाधिकारियों और वाहन चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इन वाहनों के माध्यम से पुलिस की पेट्रोलिंग और भी प्रभावी होगी, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। किसी भी घटना या सूचना पर त्वरित कार्रवाई करने और जरूरतमंदों तक शीघ्र मदद पहुंचाने में भी इन वाहनों से काफी सहूलियत मिलेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले वित्तीय वर्ष में भी धनबाद पुलिस को और नए वाहन मिलने की संभावना है, जिससे पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा। इन थाना और पुलिस अंचल कार्यालयों को मिले वाहन की संख्या राजगंज थाना 1, तोपचाँची थाना 1, बाघमारा थाना 1, हरिहरपुर थाना 1, कतरास थाना 1, निरसा थाना 1, पंचेत ओपी 1, टुण्डी थाना 1, पूर्वी टुण्डी थाना 1, पुलिस केन्द्र, धनबाद 1, गोविन्दपुर अंचल 1, जोड़ापोखर अंचल 1, सिन्दरी अंचल 1, केन्दुआडीह अंचल 1, कतरास अंचल 1, तोपचाँची अंचल 1, निरसा अंचल 1, महुदा अंचल 1, टुण्डी अंचल 1, चिरकुण्डा थाना 1, धनबाद थाना 2, सरायढेला थाना 2, बैंकमोड़ थाना 1, धनसार थाना 1, भूली ओपी 1, गोविन्दपुर थाना 1, बरवाअड्डा थाना 1, जोड़ापोखर थाना 1, झरिया थाना 1, बलियापुर थाना 1, पुटकी थाना 1, केन्दुआडीह थाना 1, जोगता थाना 1, लोयाबाद थाना 1, महुदा थाना 1, मधुबन थाना 1, तेतुलमारी थाना 1, बरोरा थाना को 1 वाहन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण एसपी श्री कपील चौधरी, नगर आयुक्त श्री आशीष गंगवार, सिटी एसपी श्री ऋतविक श्रीवास्तव, एसडीएम श्री लोकेश बारांगे, डीएसपी मुख्यालय श्री धीरेन्द्र नारायण बंका, एसडीपीओ बाघमारा श्री पुरुषोत्तम कुमार सिंह, डीएसपी साइबर श्री संजीव कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवान उपस्थित थे।

## पलामू पुलिस की कार्रवाई: एनबीडब्लयु के दो वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायिक हिरासत में भेजा



**छतरपुर (पलामू):** पलामू जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने NBW (नॉन-बेलेबल वारंट) के आधार पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सीताराम यादव, पिता स्वर्गीय छद्दू यादव तथा अजय यादव, पिता केसर यादव शामिल हैं। दोनों छतरपुर थाना क्षेत्र के गुलेरियाटांड अर्जुनडीह के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस के अनुसार सीताराम यादव के विरुद्ध Comp-6959/2025 तथा अजय यादव के विरुद्ध Comp - 448/2026 के तहत 47A Excise Act में मामला दर्ज था। न्यायालय द्वारा जारी NBW वारंटी के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद दोनों अभियुक्तों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में  वारंटियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## सूक्ष्म टपक सिंचाई से बदली महेशपुर की कोनिका दीदी की जिंदगी

**आधुनिक तकनीक से खेती कर बनीं ग्रामीण महिलाओं और किसानों के लिए प्रेरणा**



**पाकुड़ :** जिले के महेशपुर प्रखंड के सीतारामपुर गांव की रहने वाली कोनिका कोड़ाइन कभी एक साधारण गृहिणी थीं। उनका अधिकांश समय घर के कामकाज में ही बीतता था और खेती भी पारंपरिक तरीके से सीमित स्तर पर ही की जाती थी। वर्ष 2021 में गांव में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कोनिका दीदी दीदी सागेन साकाम आजीविका सखी मंडल से जुड़ीं। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने नियमित बचत शुरू की और धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ाया। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के अंतर्गत संचालित जापान इंटरनेशनल कॉपोरेशन एजेंसी (JICA) परियोजना से जुड़ने के बाद उन्हें सूक्ष्म टपक सिंचाई यंत्र, बर्मी कम्पोस्ट यूनिट तथा पॉली नर्सरी हाउस उपलब्ध कराया गया। प्रारंभ में उन्हें इस तकनीक पर विश्वास नहीं था, लेकिन JSLPS द्वारा रांची के ओरमांझी और अनगड़ा प्रखंड में प्रगतिशील किसानों के खेतों का भ्रमण कराने के बाद वे काफी प्रेरित हुईं।इसके बाद कोनिका दीदी ने पहली बार अपने 25 डिसमिल भूमि पर सूक्ष्म टपक सिंचाई के माध्यम से तरबूज की खेती की, जिससे उन्हें लगभग 47,400 रुपये की शुद्ध आमदनी हुई। इस सफलता ने उनके आत्मविश्वास को बढ़ाया और उन्होंने खेती का दायरा बढ़ाने का निर्णय लिया। जनवरी 2026 में उन्होंने अपने एक एकड़ खेत में सूक्ष्म टपक सिंचाई तकनीक से तरबूज और खीरा की खेती शुरू की। वर्तमान में खीरे की तुड़ाई शुरू हो चुकी है और अब तक लगभग 5 क्विंटल खीरा मुरारई और नलहट्टी बाजार में औसतन 65 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से बेचकर 32,500 रुपये की आमदनी कर चुकी हैं। आने वाले समय में इस फसल से 1 लाख से 1.20 लाख रुपये तक आय होने की संभावना है। वहीं तरबूज की फसल में भी फूल आना शुरू हो गया है, जिससे अच्छी पैदावार की उम्मीद है। आज कोनिका दीदी की सफलता न केवल उनके परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों और ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है। उनकी कहानी यह दशार्ती है कि सही मार्गदर्शन, आधुनिक तकनीक और दृढ़ संकल्प के साथ खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।अपनी सफलता पर कोनिका दीदी ने खरछढर एवं खक्ळअ परियोजना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समूह से जुड़ने, प्रशिक्षण और तकनीकी सहयोग के कारण ही वे आज आत्मनिर्भर बन पाई हैं।

## माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन को किया सम्मानित

**वरिष्ठ पत्रकार अविनाश कुमार सिंह ने भी दी बधाई, नगर के विकास को लेकर जताई उम्मीद**




**छतरपुर :** छतरपुर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन को माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव ने उनके कार्यालय पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अविनाश कुमार सिंह भी विशेष रूप से छतरपुर पहुंचकर नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष अविनाश देव का मार्गदर्शन और सहयोग छतरपुर नगर के विकास तथा जनहित के कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और अपेक्षित है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नगर पंचायत को आगे बढ़ाने में काफी सहायता मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि वरिष्ठ पत्रकार अविनाश कुमार सिंह का स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद उन्हें पत्रकारिता जीवन में हमेशा मिलता रहा है। उनके सानिध्य में उन्हें बहुत कुछ सीखने और समझने का अवसर प्राप्त हुआ है, जो आज भी उनके जीवन में प्रेरणा का स्रोत है। नगर अध्यक्ष ने दोनों वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी का स्नेह, आशीर्वाद और सहयोग ही उन्हें जनसेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आप सभी का विश्वास और समर्थन ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है, जिसके बल पर वे छतरपुर नगर के विकास और जनता की सेवा के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी नगर अध्यक्ष को बधाई देते हुए छतरपुर नगर पंचायत के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रशासन ने दिखाई मजबूत तैयारी, ग्रामीणों में सायरन से उत्सुकता और आश्चर्य

**ईद और रामनवमी के पर्व को लेकर बड़कागांव में झारखंड सरकार की ओर से प्रदान किए गए 10 नए सुरक्षा पेट्रोलिंग वाहनों के साथ बड़े पैमाने पर फ्लैग मार्च निकाला गया।**

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

**बड़कागांव (हजारीबाग)**, ईद और रामनवमी जैसे महत्वपूर्ण पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से मनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में आज बड़कागांव एवं केरेडारी के अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी मनोज कुमार और पुलिस निरीक्षक ललित कुमार के संयुक्त नेतृत्व में झारखंड सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए 10 आधुनिक सुरक्षा पेट्रोलिंग वाहनों के माध्यम से बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांवों और संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया।इस फ्लैग मार्च में शामिल प्रमुख गांव और क्षेत्र इस प्रकार रहेः

- केरेडारी, गर्री कलां गर्री खूर्द, बेलतु, कंडाबेर, बेंगवरी, बारियातु,होरम, चंदौल, पुंदौल, महुगाईकला, अंबाजीत, मोतरा, बादम, रुद्दी, हरली
- नापोकला, नापोखुर्द, डोकाटांड़, खरांटी, गोसाईबलिया, चौपदारबलिया, नयाटांड़, बिश्रामपुर
- शिवाडीह, पिपराडीह, सांढ, सोनपुरा, महुदी, मिजार्पुर, कांडतरी, सिरमा, छवनिया
- खैरातरी, पड़रिया, बड़कागांव के रामनवमी जुलूस मार्ग के सभी मुहल्ले
- बरवाडीह, महटीकरा, चमगढ़ा, सिकरी आदि जिला पुलिस के कई पदाधिकारी और जवान भी इस अभियान में शामिल थे। थाना प्रभारी राकेश कुमार सहित दर्जनों पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि यह फ्लैग मार्च प्रशासन की ओर से स्पष्ट संदेश है कि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तत्परता बरती जा रही है। पुलिस निरीक्षक ललित कुमार ने कहा कि इन नए पेट्रोलिंग वाहनों से पुलिस बल की गतिशीलता में काफी वृद्धि होगी। सुरक्षा व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी, क्षेत्रीय निगरानी में सुधार होगा और किसी भी घटना पर त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि आपात स्थिति में डायल 112 पर तुरंत संपर्क करें। फ्लैग मार्च के दौरान पेट्रोलिंग वाहनों के सायरन बजने पर ग्रामीणों में काफी आश्चर्य और उत्सुकता देखी गई। कई लोगों ने सोचा कि कोई बड़ी घटना हो गई है, जिससे असमंजस की स्थिति बनी। हालांकि, प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यही था कि ग्रामीणों को भरोसा दिलाया जाए–प्रशासन हर हाल में तैयार और सतर्क है। यह प्रयास झारखंड पुलिस की हालिया मजबूती (जैसे नए वाहनों की प्राप्ति) का भी हिस्सा है, जिससे त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

## नगर पंचायत छतरपुर का होगा चंहुमुखी विकास, समन्वय के साथ होगा काम: वित्तमंत्री

**वित्तमंत्री के मार्गदर्शन में छतरपुर नगर पंचायत का होगा चहुंमुखी विकास : अरविंद गुप्ता चुनमुन**

**वित्त मंत्री का भव्य स्वागत, नगर के सर्वांगीण विकास को लेकर हुई सार्थक चर्चा**

**अरविंद अग्रवाल, झारखंड उजाला,ब्यूरो पलामू**






**छतरपुरः** छतरपुर के विधायक सह झारखंड सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर के छतरपुर आगमन पर नगर पंचायत छतरपुर के नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन के कार्यालय में उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने मंत्री को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। वहीं मंत्री ने भी नगर अध्यक्ष को अंगवस्त्र प्रदान कर उन्हें हाल ही में हुए निर्वाचन में विजय की शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके सफल एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल की कामना की। उन्होंने कहा कि छतरपुर नगर पंचायत को सुंदर, स्वच्छ और समृद्ध नगर बनाने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। समन्वय और सहभागिता के साथ कार्य करते हुए नगर का चहुंमुखी विकास सुनिश्चित किया जाएगा। नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि छतरपुर नगर के समग्र विकास के लिए उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वित्तमंत्री के सहयोग, अनुभव और प्रेरणा से ही नगर पंचायत के विकास की योजनाओं को धरातल पर उतारना संभव होगा। उन्होंने मंत्री के कार्यालय आगमन के लिए आभार व्यक्त करते हुए छतरपुर नगर पंचायत को एक विकसित, सुव्यवस्थित और आधुनिक नगर के रूप में स्थापित करने की अपनी परिकल्पना से भी उन्हें अवगत कराया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित युवाओं ने भी मंत्री राधा कृष्ण किशोर का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा छतरपुर के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। नगर अध्यक्ष अरविंद गुप्ता चुनमुन ने कहा कि जनता का विश्वास और वरिष्ठजनों का आशीर्वाद ही उन्हें निरंतर जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। लोगों ने उम्मीद जताई कि नगर पंचायत के नए नेतृत्व में छतरपुर का सर्वांगीण विकास होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय युवा, गणमान्य नागरिक तथा पत्रकार भी उपस्थित रहे।

## नववर्ष यात्रा जुलूस को लेकर 18 मार्च को जमशेदपुर में नो-एंट्री लागू

**पूर्वी सिंहभूम।** शहर में 18 मार्च को निकलने वाले नववर्ष यात्रा जुलूस को देखते हुए जिला प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था में अस्थायी बदलाव करते हुए नो-एंट्री लागू करने का निर्णय लिया है। हिंदू उत्सव समिति सहित विभिन्न संगठनों की ओर से आयोजित इस जुलूस के दौरान शहर में भीड़ और यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है। जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी, वरीय पुलिस अधीक्षक पियुष पांडेय तथा ट्रैफिक डीएसपी नीरज कुमार की ओर से जारी संयुक्त आदेश के अनुसार 18 मार्च को सुबह 6 बजे से रात 11 बजे तक शहर में सभी प्रकार के भारी वाहनों के प्रवेश और परिचालन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। प्रशासन का कहना है कि यह कदम जुलूस के दौरान यातायात को सुचारू बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के उद्देश्य से उठाया गया है। हालांकि आम यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बसों के परिचालन पर रोक नहीं लगाई गई है। बसें सामान्य रूप से अपने निर्धारित मार्गों पर चलती रहेंगी। प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करते हुए पुलिस और प्रशासन का सहयोग करें, ताकि नववर्ष यात्रा जुलूस शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके।

## ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित



**हजारीबागः** ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण एवं शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज दिनांक 16 मार्च को स्थानीय पैराडाइज रिजॉर्ट, हजारीबाग में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने की। बैठक में महापौर श्री अरविंद राणा, उप महापौर श्री अविनाश  यादव, उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, नगर आयुक्त, अपर समाहर्ता, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष, शांति समिति एवं सद्भावना समिति के अध्यक्ष तथा सदस्य उपस्थित थे। बैठक के दौरान आगामी त्योहारों के शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित संपादन के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर पूजा अखाड़ा समितियों के प्रतिनिधियों द्वारा भी प्रशासन का ध्यान आवश्यक व्यवस्थाओं की ओर आकृष्ट कराया गया। उन्होंने शोभा यात्रा के दौरान नशामुक्त अभियान चलाने, जुलूस मार्गों पर बिजली की समुचित व्यवस्था, एम्बुलेंस एवं मेडिकल टीम की प्रतिनियुक्ति, शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था, एम्बुलेंस के लिए वैकल्पिक मार्ग, पेड़ों की छंटाई तथा महिला पुलिस बल की तैनाती जैसे विषयों पर अपने सुझाव रखे। बैठक के दौरान उपायुक्त श्री शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी अपने वैभव एवं अनुशासन के लिए विख्यात है। इसकी गरिमा एवं परंपरा को बनाए रखने के लिए सभी को मिलकर एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं तथा पर्व-त्योहारों को परंपरागत एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने का प्रयास किया जाना चाहिए। उपायुक्त ने लोगों से नशामुक्त वातावरण में त्योहार मनाने तथा विधि-व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि डीजे के प्रयोग पर प्रशासन की सख्त मनाही है, क्योंकि अत्यधिक ध्वनि से वृद्ध, मरीज एवं अन्य संवेदनशील वर्गों को परेशानी होती है। पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी काफी प्रसिद्ध है और इसमें लाखों श्रद्धालु जुलूस में शामिल होते हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा जुलूस के सुचारू संचालन हेतु व्यापक व्यवस्था की जा रही है। प्रत्येक प्रमुख चौराहे पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा ड्रोन एवं सीसीटीवी के माध्यम से गतिविधियों की निगरानी की जाएगी। प्रत्येक जुलूस की नंबरिंग की जाएगी तथा रियल टाइम मॉनिटरिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर तीन नियंत्रण कक्ष हजारीबाग, बड़कागांव एवं बरही में संचालित किए जाएंगे, जहां से विधि-व्यवस्था की निरंतर निगरानी की जाएगी। साथ ही उन्होंने आम लोगों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करने की अपील करते हुए सभी से मिल-जुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व-त्योहार मनाने की अपील की।

# डीजे का प्रयोग न करने , अफवाहों से बचने और निर्धारित मार्ग से ही जुलूस निकालने के दिए गए दिशा निर्देश

**ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, नगर थाना में शांति समिति की बैठक**

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**




**पाकुड़ः** रमजान का पाक महीना चल रहा है और चंद दिनों में ईद-उल-फितर का त्योहार आने वाला है। इसके साथ ही रामनवमी और आदिवासी समाज का प्रमुख पर्व सरहुल भी नजदीक है। इन तीनों महत्वपूर्ण त्योहारों को जिले में शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद है। प्रशासन की कोशिश है कि किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद या असामाजिक तत्वों की गतिविधियों से माहौल प्रभावित न हो।इसी कड़ी में सोमवार को नगर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया तथा आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ सभी पर्व मनाने पर सहमति व्यक्त की।नगर थाना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 मार्च 2026 को थाना परिसर में ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अंचलाधिकारी पाकुड़, नगर प्रशासक पाकुड़, नगर परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, विभिन्न वार्डों के पार्षदों के साथ नगर के शांति समिति के सदस्य एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि सभी त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाएगा। विशेष रूप से रामनवमी के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को पूर्व से निर्धारित मार्ग से ही निकालने पर चर्चा हुई और इस पर सभी की सहमति बनी। साथ ही प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जुलूस के दौरान डीजे का प्रयोग नहीं किया जाएगा और कानून-व्यवस्था का पूरी तरह पालन किया जाएगा।प्रशासन की ओर से लोगों से अपील की गई कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को सूचना दें। इसके अलावा त्योहारों के दौरान शराब से परहेज करने का भी आग्रह किया गया ताकि समाज में शांति और सद्भाव बना रहे।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करेंगे और त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने में प्रशासन का सहयोग करेंगे। एसपी कार्यालय से भी जानकारी दी गई की सोमवार को ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व के मद्देनजर पाकुड़ जिले के विभिन्न थाना/ओ.पी. में शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। उक्त बैठक में थाना/ओपी क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता/गणमान्य सदस्य एवं अखाड़ा समिति के सदस्य सम्मिलित हुए। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्य सदस्यों को उक्त पर्व के दौरान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले गाना/अश्लील गाना नहीं बजाने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ/भ्रामक मैसेज नहीं डालने, जुलूस के दौरान समिति द्वारा ड्रेस कोड के साथ वोलेंटियर रखने एवं पुलिस मुख्यालय द्वारा निर्गत सभी आवश्यक निदेर्शों से अवगत कराया गया तथा ईद, सरहुल एवं रामनवमी पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाये जाने हेतु आग्रह किया गया।

# जिले में घरेलू रसोई गैस की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध,घबराकर अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं:डीसी

**घरेलू गैस आपूर्ति को लेकर डीसी ने की बैठक,कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी**

**झारखंड उजाला, ब्यूरो पलामू**



**पलामू:**जिले में घरेलू एलपीजी (रसोई गैस) सिलेंडर की उपलब्धता को लेकर सामने आयी शिकायतों और उपभोक्ताओं की परेशानियों के बीच सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त समीरा एस ने समाहरणालय सभागार में पलामू के विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों,प्रखंड आपुर्ति पदाधिकारियों संग रसोई गैस के निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर बैठक की।सर्वप्रथम डीसी ने विभिन्न गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों से उनके यहां उपलब्ध सिलिंडर,आगामी दिनों में प्राप्त होने वाले गैस सिलिंडर की जानकारी ली।बैठक में कुछ गैस एजेंसियों द्वारा डीसी को बताया गया कि उनके पास पूर्व की तरह ही सिलिंडर की आपुर्ति की जा रही है लेकिन विगत कुछ दिनों से उपभोक्ताओं के द्वारा अचानक बड़ी संख्या में बुकिंग आने से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।बैठक में डीसी ने गैस की सप्लाई करने में होस्टल, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं हॉस्पिटल को प्राथमिकता देने पर बल दिया।

घरेलू गैस आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे में,कालाबाजारी करने पर होगी सख्त कार्रवाईःउपायुक्त बैठक में डीसी ने सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों से कहा कि घरेलू गैस आवश्यक वस्तु अधिनियम के दायरे में आती है, ऐसे में इसकी कालाबाजारी करने पर अधिनियम के तहत सख्त करवाई की जायेगी।उन्होंने कहा कि गैस सिलेंडरों में टैम्परिंग करने की शिकायत पर भी कार्रवाई की जायेगी।उन्होंने गैस सिलेंडरों में टैम्परिंग तथा घरेलू सिलेंडर से गैस निकालकर व्यावसायिक सिलेंडरों में भरने की शिकायतों को गंभीर बताते हुए ऐसे मामलों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

एजेंसी अपने निर्धारित क्षेत्र में ही कार्य करें,अनावश्यक एजेंसी को बंद रखने पर भी होगी कार्रवाईःउपायुक्त

बैठक में उपायुक्त ने सभी गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों से अपने निर्धारित क्षेत्रों में ही गैस की आपूर्ति करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि अपने निर्धारित क्षेत्र से बाहर कार्य करने पर भी कार्रवाई की जाएगी।इसके अलावे उन्होंने कहा कि सिर्फ निर्धारित दिन को ही एजेंसी बंद रखा जाये।उन्होंने एजेंसी के बाहर सार्वजनिक रूप से एजेंसी का संपर्क नंबर प्रदर्शित करने पर बल दिया।कई एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने डीसी को गैस वितरण के समय लगने वाले अनावश्यक भीड़ को रेखांकित करते हुई,निराकरण की बात कही।इसपर डीसी ने कहा कि एक क्यूआरटी का गठन किया जा रहा है जिसमें एमओ,एजेंसी के प्रतिनिधि व पुलिस के जवान रहेंगें।उन्होंने समस्या उत्पन्न होने की स्थिति में स्थानीय थाना प्रभारी, एमओ व बीडीओ से संपर्क करने की बात कही।

**जिले में घरेलू रसोई गैस की पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध,घबराकर अनावश्यक रूप से गैस बुकिंग करने की आवश्यकता नहीं:डीसी**

जिले की उपायुक्त समीरा एस ने पलामू वासियों से कहा है कि पूर्व की भांति विभिन्न गैस कंपनियों द्वारा जिले को रसोई गैस की खेप उपलब्ध कराई जा रही है।ऐसे में आप सभी से अपील है कि घबराकर अनावश्यक रूप से गैस की बुकिंग करने से बचें।उन्होंने कहा कि शहर के लिए निर्धारित 25 एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 45 दिनों के बाद ही बुकिंग करें।उन्होंने कहा कि सभी उपभोक्ताओं को ससमय रसोई गैस की आपूर्ति कर दी जाएगी।उन्होंने पलामूवासियों से अपील की है कि वे गैस कंपनियों और प्रशासन के निदेशों का पालन करें,ताकि पलामू में रसोई गैस की उपलब्धता सुचारू रूप से बनी रहे।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,विभिन्न एमओ व गैस एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।वहीं वर्चुअल मोड से आईओसीएल, बीपीसीएल और एचपीसीएल के मार्केटिंग ऑफिसर एवं एरिया ऑफीसर भी जुड़े रहे।

## जिले में मलेरिया की स्थिति की समीक्षा, रोकथाम और उपचार व्यवस्था को मजबूत करने पर चर्चा




**पाकुड़ :** सिविल सर्जन कार्यालय, पाकुड़ में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत इंटेंसिफाइड मलेरिया एलिमिनेशन प्रोजेक्टझ्र3 (IMEP-3) के तहत जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। यह कार्यक्रम चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट (CINI) के सहयोग से आयोजित किया गया।बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा ने की। बैठक के दौरान सिविल सर्जन डॉ. एस. के. मिश्रा ने जिले में मलेरिया की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए रोग नियंत्रण के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि मलेरिया एवं कालाजार उन्मूलन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी विभागों की सक्रिय भागीदारी, सतत निगरानी और सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक हैं। बैठक में जिला भीबीडी पदाधिकारी डॉ अमित कुमार तथा उक्छक के जिला प्रतिनिधि अमित अग्रवाल ने इंटेंसिफाइड मलेरिया एलिमिनेशन प्रोजेक्ट-3 के अंतर्गत संचालित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान मलेरिया नियंत्रण की रणनीतियों, जांच एवं उपचार व्यवस्था तथा उक्छक द्वारा प्रदान किए जा रहे तकनीकी एवं कार्यक्रमगत सहयोग पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं डब्लूएचओ के जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. हसीब ने मलेरिया के परजीवी विज्ञान तथा इसके प्रमुख क्लिनिकल लक्षणों के बारे में जानकारी देते हुए समय पर जांच और उपचार की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक स्तर पर जांच और उपचार से मलेरिया के प्रभावी नियंत्रण में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की जा सकती है।बैठक के अंत में डीआरसीएचओ डॉ. एस. के. झा एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, एनएचएम द्वारा ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) से होने वाले सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए प्रस्तावित टीकाकरण कार्यक्रम पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को HPV वैक्सीन के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा, जिससे जिले की बड़ी संख्या में किशोरियों को लाभ मिलने की संभावना है।बैठक के दौरान सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए मलेरिया, कालाजार तथा अन्य वेक्टर जनित रोगों के प्रभावी नियंत्रण एवं उन्मूलन के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अमित कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, एमओईसी, अमड़ापाड़ा एवं लिट्टीपाड़ा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. के. के. सिंह सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जिले में आयोजित आयुष जांच शिविर में 202 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** आयुष विभाग, पाकुड़ की ओर से जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयुष जांच शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 202 लाभुकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। यह शिविर पाकुड़ प्रखंड के इशाकपुर, लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड के लिट्टीपाड़ा, हिरणपुर प्रखंड के बिंदाडीह और महेशपुर प्रखंड के महेशपुर में आयोजित किए गए। शिविर में उपस्थित चिकित्सकों डॉ राजेश कुमार, डॉ सौरभ विश्वास, डॉ अबु तालिब शेख,डॉ डॉ लवकुश यादव एवं डॉ प्रेम प्रकाश ने बताया कि जांच शिविर में रक्तचाप, मधुमेह, जोड़ एवं गठिया रोग, बच्चों से संबंधित रोगों आदि का निःशुल्क परीक्षण किया गया। साथ ही लाभुकों को मुफ्त दवा भी उपलब्ध कराई गई। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण लाभान्वित हुए और उन्होंने इस पहल की सराहना की।

## क्या प्रखंड ऑपरेटर से लेकर डीएसओ कार्यालय के ऑपरेटर ने खेला काला खेल

**गोड्डा में पिएच राशनकार्ड में काला खेल**




**गोड्डा:**जिले के बोआरीजोर प्रखंड क्षेत्र में बहुत सारी राशनकार्ड में हेरा फेरी का मामला सामने आया है।बताया जाता है कि कार्ड को ही पूरा बदल दिया गया है।जो नियम संगत गलत है।कार्ड नंबर 202004931151 कार्डधारी चमरू सोरेन से रमेश मरांडी बना दिया गया,कार्ड नंबर 202004920679 कार्डधारी छलो मरांडी से डेटमय टुडू बना दिया गया,कार्ड नंबर 202004909965 कार्डधारी देवीलाल सोरेन से संतलाल मरांडी बना दिया गया,कार्ड नंबर 202001011053 दिबीमय सोरेन से तालाबाबू मोहाली बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001011103 दुलाड मुर्मु से बिमली टुडू बना दिया गया, कार्ड नंबर 202004909750 कार्डधारी मैदाश सोरन से जोसेफ मुर्मू बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001011190 मारांगकुड़ी मरांडी से मारांगमई मुर्मु बना दिया गया,कार्ड नंबर 202004921345 कार्डधारी मरंग्मय मुर्मू से तालाकुडी सोरेन बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001011156 मीरु मारंडी से मारांगमय हेंब्रम बना दिया गया,कार्ड नंबर 202001008028 कार्डधारी एस एल टुडू से बुधराय मुर्मु बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001011200 कार्डधारी सनझाला मुरमु से दिलीप मोहाली बना दिया गया, कार्ड नंबर 202004920971 संझली मरांडी से डेमाय सोरेन बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001011155 कार्डधारी संझला मुर्मू से सुनीता हांसदा बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001008060 कार्डधारी टी एम सोरेन से रामजीवन मुर्मू बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001008071 कार्डधारी तालामई हब्रम से शैलेन्द्र मुर्मू बना दिया गया, कार्ड नंबर 202001011171 तालामय मुर्मू से लता कुमारी बना दिया गया हालांकि बड़ी काला खेल हुआ कैसे यह तो जांच का विषय है।इधर क्षेत्र में चर्चा है कि प्रखंड ऑपरेटर से लेकर जिले के डीएसओ कार्यालय के ऑपरेटर के मिली भगत से सारी उक्त राशनकार्ड पर काला खेल खेला गया है।हालांकि अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मामले पर गोड्डा डीसी क्या संज्ञान लेती है।

## केरेडारी कोल परियोजना लगातार ठप: 10 मार्च से खनन बंद, पावर सेक्टर में गहराई चिंता; प्रशासन की चुप्पी पर सवाल



**हजारीबाग:** हजारीबाग जिले के केरेडारी क्षेत्र में एनटीपीसी की महत्वपूर्ण कोल परियोजना (केरेडारी कोल माइन) 10 मार्च 2026 से पूरी तरह ठप पड़ी हुई है। स्थानीय विवादों और आंदोलनों के कारण खनन गतिविधियां रुकी हुई हैं, जिससे कोयला उत्पादन और आपूर्ति पर गहरा असर पड़ रहा है। बीजीआर माइनिंग कंपनी को खदान दोबारा चालू करने में लगातार कठिनाइयां आ रही हैं, जबकि कई दिन बीत जाने के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं निकला है। स्थानीय निवासी और प्रभावित पक्षों का आरोप है कि इतने बड़े पैमाने पर औद्योगिक गतिरोध के बावजूद जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की ओर से कोई स्पष्ट पहल या हस्तक्षेप नहीं दिख रहा। लोगों में बढ़ते असंतोष के बीच प्रशासनिक चुप्पी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में बताया गया है कि स्थानीय विवाद, मुआवजा, रोजगार और अन्य मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी हैं, जिसने स्थिति को और जटिल बना दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह मामला केवल स्थानीय स्तर तक सीमित नहीं है। केरेडारी जैसी परियोजना एनटीपीसी और राष्ट्रीय पावर सेक्टर के लिए कोयले की प्रमुख आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा है। देश में बिजली की बढ़ती मांग के बीच कोयला आपूर्ति में यह बाधा पावर प्लांट्स के लिए गंभीर चुनौती बन सकती है। वित्तीय वर्ष के अंतिम चरण में यह बंदी केंद्र और राज्य सरकार के कोयला उत्पादन लक्ष्यों को प्रभावित कर रही है, जिससे लक्ष्य अधूरे रहने की आशंका जताई जा रही है।

इसके अलावा, खदान के ठप होने सेः

- सैकड़ों श्रमिकों और उनके परिवारों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।
- राज्य सरकार के राजस्व में कमी आ रही है।
- कोयला ढुलाई, ट्रांसपोर्ट और जुड़ी आर्थिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

क्षेत्र के विकास, रोजगार सृजन और ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से केरेडारी परियोजना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अब सभी की नजरें राज्य सरकार, जिला प्रशासन और संबंधित कंपनियों की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि समय रहते सक्रिय कदम नहीं उठाए गए, तो यह गतिरोध झारखंड के औद्योगिक और ऊर्जा क्षेत्र के लिए लंबे समय तक बड़ी चुनौती बन सकता है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल संवाद, वार्ता और समाधान की जरूरत है ताकि परियोजना जल्द पटरी पर लौट सके।

# हुसैनाबाद नगर पंचायत में उपाध्यक्ष पद को लेकर मंथन, वार्ड पार्षदों ने अध्यक्ष अजय भारती पर जताया भरोसा

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हुसैनाबाद,पलामूः** हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव में सोमवार को नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों व शहर के प्रबुद्ध लोगों की एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक का नेतृत्व पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने किया, जबकि अध्यक्षता नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष अजय भारती ने की। बैठक में वार्ड पार्षद राजेंद्र पाल, अनवर आलम, राजकुमार कश्यप, सरवरी बीबी, अभिमन्यु कुमार सहित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि नजीर अहमद मौजूद रहे। वहीं पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, समाजसेवी सचिन आनंद, उदय कुमार सोनी व सैयद मूसवी रजा भी बैठक में शामिल हुए। बैठक में 17 मार्च को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह से पहले आपसी समन्वय बनाकर नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पद पर किसी एक वार्ड पार्षद को निर्विरोध चुनने को लेकर चर्चा हुई। सभी वार्ड पार्षदों ने इस मामले में अध्यक्ष अजय भारती के निर्णय पर भरोसा जताते हुए निर्विरोध उपाध्यक्ष बनाने का समर्थन किया। इस मौके पर अध्यक्ष अजय भारती ने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के समग्र विकास के लिए सभी वार्ड पार्षदों को आपसी मतभेद भुलाकर एकजुटता के साथ काम करना होगा। वहीं शेर अली ने कहा कि निर्विरोध उपाध्यक्ष का चयन होने से जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा कि सभी जनप्रतिनिधि नगर पंचायत के विकास के लिए एक साथ खड़े हैं। समाजसेवी सचिन आनंद ने कहा कि पिछले 18 वर्षों में नगर पंचायत के विकास में जो कमियां रह गई हैं, उन्हें दूर करना अब नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है। यदि उपाध्यक्ष का चुनाव निर्विरोध होता है तो विकास कार्य भी बिना किसी बाधा के तेजी से आगे बढ़ेंगे।बैठक में सभी ने एकजुट होकर अध्यक्ष अजय भारती के नेतृत्व में हुसैनाबाद नगर पंचायत को झारखंड का आदर्श नगर पंचायत बनाने का संकल्प लिया।

## हजारीबाग रामनवमी की परंपरा पर कोई सवाल नहीं, पूर्ण वैभव के साथ बजेगा गाजा-बाजा: मनीष जायसवाल

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**हजारीबागः** रामनवमी के पावन अवसर पर डीजे और पारंपरिक वाद्य यंत्रों को लेकर चल रही चचाओं के बीच हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने अपना रुख पूरी तरह स्पष्ट कर दिया है। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि परंपराओं के साथ कोई समझौता नहीं होगा।सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी में पिछले 100 से ऊपर सालों से परंपरागत तरीके से जो गाजा-बाजा होता है, वह बजते आ रहा है। यह प्रश्न ही बेकार है कि डीजे बजेगा कि नहीं बजेगा। शत-प्रतिशत, हर साल जैसे होता है, वैसा ही होगा।प्रशासनिक बंदिशों और सरकारी निदेर्शों पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि आस्था का मार्ग सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सरकार का अपना काम है, सरकार अपना काम करती है और जो धर्म के लोग हैं, जो धर्म का पालन करने वाले हैं, धर्म के मानने वाले लोग हैं उनका अपना धर्म है और वे उस धर्म का ही पालन करेंगे।उन्होंने कहा कि मैं पूरी रिस्पांसिबिलिटी के साथ आपको कह सकता हूँ कि पूरे झारखंड में ही नहीं, बल्कि पूरे देश में रामनवमी के उपलक्ष्य में जो गाजा-बाजा बजता है, वह पूर्ण वैभव के साथ बजेगा और रामनवमी संपन्न होगा। करोड़ों लोगों की आस्था इससे जुड़ी हुई है।

# कैलाश नगर में जलजमाव से जनजीवन बेहाल, समस्या देखने पहुँचे नगर परिषद के जनप्रतिनिधि

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**जलजमाव प्रभावित क्षेत्र का किया गया विस्तृत निरीक्षणः-**
**पाकुड़ः** नगर परिषद क्षेत्र के कैलाश नगर में सोमवार को जलजमाव से प्रभावित इलाके का निरीक्षण करने के लिए नगर परिषद के जनप्रतिनिधि मौके पर पहुँचे। इस दौरान अध्यक्ष शबरी पाल, उपाध्यक्ष राणा ओझा तथा वार्ड पार्षद निभा देवी ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने देखा कि इलाके में थोड़ी सी बारिश के बाद ही सड़कों और गलियों में पानी भर जाता है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।जनप्रतिनिधियों ने जलमग्न इलाकों में जाकर स्थानीय निवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। इस दौरान लोगों ने बताया कि हर वर्ष बरसात के मौसम में कैलाश नगर की स्थिति अत्यंत दयनीय हो जाती है और उन्हें कई प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

**हल्की बारिश में भी बन जाती है बाढ़ जैसी स्थितिः**-स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों को बताया कि कैलाश नगर में हल्की बारिश होने पर ही बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बारिश का पानी सड़कों और गलियों में जमा होकर धीरे-धीरे लोगों के घरों के अंदर तक प्रवेश कर जाता है, चारों ओर पानी भरा रहने के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को विशेष रूप से कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जलजमाव के कारण गंदगी और बदबू की समस्या भी बढ़ जाती है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी उत्पन्न हो जाते हैं।

**प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर सुनी समस्याएंः** निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने जलजमाव से प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और उनसे उनकी परेशानियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम में उन्हें जलजमाव, गंदगी, मच्छरों की बढ़ती समस्या और आवागमन में बाधा जैसी कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जनप्रतिनिधियों ने लोगों को आश्वासन दिया कि नगर परिषद उनकी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने की दिशा में प्रयास करेगा।

**नगर परिषद अध्यक्ष ने समाधान के लिए बैठक का दिया आश्वासनः**इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि कैलाश नगर में जलजमाव की समस्या काफी समय से बनी हुई है और यह वास्तव में गंभीर विषय है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद की बोर्ड बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा और विशेषज्ञों से सलाह लेकर स्थायी समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।उन्होंने कहा कि फिलहाल तत्काल राहत देने के लिए सफाई पर्यवेक्षक को जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि क्षेत्र में जमा पानी को जल्द से जल्द बाहर निकाला जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

**वार्ड पार्षद निभा देवी ने दिया सर्वांगीण विकास का भरोसाः** वहीं वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि कैलाश नगर में जलजमाव की समस्या अत्यंत विकराल रूप ले चुकी है और यहां के लोगों को हर वर्ष भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि साल के लगभग चार महीने तक यह इलाका जलमग्न रहता है, जिससे लोगों का सामान्य जीवन पूरी तरह प्रभावित हो जाता है।उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते उनकी प्राथमिकता है कि वार्ड के हर नागरिक को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हों और लोगों को इस तरह की समस्याओं से राहत मिले। जलजमाव की समस्या को लेकर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से भी बातचीत की जाएगी, ताकि स्थायी रूप से जल निकासी की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।निभा देवी ने यह भी कहा कि वह वार्ड के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव तत्पर और प्रतिबद्ध रहेंगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी अपील की कि वे विकास कार्यों में सहयोग करें, ताकि मिल-जुलकर कैलाश नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित क्षेत्र बनाया जा सके।

**स्थायी समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं स्थानीय लोगः** कैलाश नगर के निवासियों को उम्मीद है कि नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के प्रयासों से इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकलेगा। यदि जल निकासी की समुचित व्यवस्था और मजबूत नालियों का निर्माण कराया जाता है तो हर वर्ष बरसात में उत्पन्न होने वाली इस समस्या से लोगों को काफी राहत मिल सकती है।

**समाधान की ओर बढ़ते कदम, विकास की जगी नई उम्मीदः**कैलाश नगर में लंबे समय से बनी जलजमाव की गंभीर समस्या को देखते हुए नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों द्वारा मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेना और स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुनना एक सकारात्मक पहल मानी जा रही है। जनप्रतिनिधियों ने जिस तरह से स्थायी समाधान की दिशा में प्रयास करने, प्रशासन से समन्वय स्थापित करने तथा जल निकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने का आश्वासन दिया है, उससे स्थानीय लोगों में उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में इस समस्या का प्रभावी समाधान निकलेगा। साथ ही वार्ड के सर्वांगीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त किए जाने से यह विश्वास भी मजबूत हुआ है कि क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ कर कैलाश नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और विकसित बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किए जाएंगे।

## कर्रा थाना में सरहुल, ईद और रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**खूंटी।** कर्रा थाना परिसर के स्वागत कक्ष में सोमवार को कर्रा-लोधमा क्षेत्र के सरहुल, ईद उल फितर और रामनवमी पर्वों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थाना प्रभारी दीपक कांत ने की। तोरपा एसडीपीओ क्रिस्टोफर केरकेट्टा, इंस्पेक्टर अशोक सिंह, सीओ अन्वेषा ओना सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि चांद दिखने के बाद कर्रा, लोधमा, बिरदा और तिक्की में ईद की नमाज होगी। सरहुल पर 21 मार्च को कर्रा और चांपी में दोपहर एक से 4 बजे तक जुलूस निकलेगा। इस दौरान वाहनों की आवाजाही पर अस्थायी रोक रहेगी। प्रशासन ने लोगों से शांति-भाईचारे और सूचना देने की अपील की। इंस्पेक्टर अशोक सिंह ने कानून-व्यवस्था के लिए गश्त बढ़ाने, असामाजिक तत्वों पर नजर रखने और सरहुल पर शराब पीकर वाहन न चलाने की हिदायत दी। एसआई जुगेश सिंह,जयमंगल मुंडा,अनूप लकड़ा,विनोद सोनी,मेंहदी हसन, परवेज खान, मनोज धान, शेख फिरोज, अफजल मिरयासी, चंदा पाहन, महादेव लोहरा, विष्णु सोनी तथा कई मुखिया एवं दर्जनों लोग शामिल हुए।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव- रिजल्ट के बाद बदल जाएगी देश की राजनीति



करण कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

इन राज्यों के ये विधानसभा चुनाव तकनीकी दृष्टि से तो यह तय करेंगे कि यहां की जनता ने अगले 5 वर्षों के लिए किस पार्टी की सरकार को चुना है। लेकिन राजनीतिक वास्तविकता तो यही है कि यह सही मायनों में मिनी इंडिया का चुनाव है जिसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए एक मिड टर्म जनमत संग्रह के तौर पर भी देखा जा सकता है। देश के केंद्रीय चुनाव आयोग ने रविवार को चार महत्वपूर्ण राज्यों- केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और असम के साथ ही एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। केरल, असम और पुडुचेरी में एक ही चरण में 9 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं तमिलनाडु में भी एक ही चरण में राज्य की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल को वोटिंग होगी। पश्चिम बंगाल में इस बार चुनाव आयोग ने सिर्फ दो ही चरण में- 23 और 29 अप्रैल को मतदान करवाने की घोषणा की है। इन सभी राज्यों में मतगणना 4 मई को होगी।

इन राज्यों के ये विधानसभा चुनाव तकनीकी दृष्टि से तो यह तय करेंगे कि यहां की जनता ने अगले 5 वर्षों के लिए किस पार्टी की सरकार को चुना है। लेकिन राजनीतिक वास्तविकता तो यही है कि यह सही मायनों में मिनी इंडिया का चुनाव है जिसे केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के लिए एक मिड टर्म जनमत संग्रह के तौर पर भी देखा जा सकता है। एनडीए बनाम इंडिया गठबंधन के बीच केंद्रित होती जा रही देश की राजनीति में अभी भी कई क्षेत्रीय दल ऐसे हैं जो केंद्र के स्तर पर तो गठबंधन की राजनीति करना चाहते हैं लेकिन अपने-अपने राज्यों में वो सत्ता को बांटना नहीं चाहते हैं। इस लिहाज से अगर देखा जाए तो पांच राज्यों के ये विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के साथ-साथ गठबंधनों के लिए भी अस्तित्व बचाने के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण हो गए हैं।

असम में पिछले 10 वर्षों से बीजेपी की सरकार है। कांग्रेस पार्टी की सरकार के दौरान राज्य के सुपर चीफ मिनिस्टर माने जाने वाले हिमंत बिस्वा सरमा वर्तमान में बीजेपी के मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में आने के बाद सरमा ने न केवल वर्ष 2016 और 2021 के लगातार दो विधानसभा चुनावों में असम में कांग्रेस को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई बल्कि पूरे नॉर्थ ईस्ट के राज्यों में कांग्रेस के अस्तित्व को ही खतरे में डाल दिया। इसलिए असम का यह विधानसभा चुनाव कांग्रेस खासकर गांधी परिवार के लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का मुद्दा बन गया है। इसलिए राहुल गांधी ने दिग्गज नेताओं की फौज के साथ ही प्रियंका गांधी को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर असम में उतार दिया है। अगर हिमंत बिस्वा सरमा असम में लगातार तीसरी बार बीजेपी को जीत दिला पाने में कामयाब हो जाते हैं तो वो भी पार्टी की तरफ से प्रधानमंत्री बनने के संभावित दावेदारों की सूची में शामिल हो जाएंगे। लेकिन अगर कांग्रेस उन्हें हरा पाने में कामयाब हो जाती है तो एक तरफ जहां नॉर्थ ईस्ट के अन्य राज्यों में कांग्रेस के अच्छे दिनों की वापसी हो जाएगी वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर भी राहुल गांधी की स्वीकार्यता बढ़ती हुई नजर आएगी।



असम की तरह केरल में भी कांग्रेस पार्टी पिछले दो विधानसभा चुनाव हार कर 10 वर्षों से राज्य की सत्ता से बाहर है। एक बार लेफ्ट फ्रंट ( छळ्ऋ) और एक बार कांग्रेस वाले फ्रंट ( वळ्ऋ ) की सरकार के रिवाज को बदलते हुए 2021 में लगातार दूसरी बार राज्य में सरकार बनाकर लेफ्ट दलों ने नया इतिहास बना दिया था। केरल लेफ्ट दलों का आखिरी दुर्ग है जिसे अगर वो नहीं बचा पाए तो फिर आने वाले दिनों में ये दल सिर्फ इतिहास और एकेडमिक बहसों का हिस्सा मात्र बन कर रह जाएंगे। वहीं अगर कांग्रेस लगातार तीसरी बार केरल में चुनाव हार गई तो फिर वहां आने वाले दिनों में बीजेपी के नेतृत्व में एक नया गठबंधन मजबूती से उभरता हुआ नजर आएगा। केरल की हार कांग्रेस को दिल्ली की सत्ता से और दूर कर देगी।

पश्चिम बंगाल में एक तरफ जहां क्षेत्रीय दल तृणमूल कांग्रेस की नेत्री ममता बनर्जी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई है वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने भी इसे व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का मुद्दा बना लिया है। वर्ष 2011 से लगातार बंगाल की सत्ता में बनी हुई ममता बनर्जी लगातार चौथी बार सरकार बनाने के लिए मैदान में है जबकि पिछले विधानसभा चुनाव में 3 से बढ़कर सीधे 77 पर पहुंचने वाली बीजेपी को यह बखूबी मालूम है कि इस बार की हार बंगाल में उसके पार्टी संगठन को बुरी तरह से तहस-नहस कर देगी। तमिलनाडु का विधानसभा चुनाव दोनों क्षेत्रीय दलों- सत्तारूढ़ पार्टी डीएमके और विपक्षी एआईएडीएमके के लिए महत्वपूर्ण है। कांग्रेस और बीजेपी दोनों इस राज्य में साइड एक्टर की भूमिका में है। यहां दोनों क्षेत्रीय दलों में से जिसको भी सत्ता मिलेगी, वह पूरी हिस्सेदारी के साथ केंद्र में अपने गठबंधन को मजबूत बनाता हुआ ही नजर आएगा। पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नतीजे यह भी बताएंगे कि आने वाले दिनों में क्षेत्रीय दलों की देश की राजनीति में क्या भूमिका रहने वाली है। ममता बनर्जी और स्टालिन की जीत अगले साल उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को हर तरीके से नई ताकत देते हुए नजर आएगी और इनकी हार कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी पर हावी होने का मौका दे देगी। पुडुचेरी में बीजेपी एनडीए गठबंधन की सरकार की वापसी की लड़ाई लड़ रही है।

यह स्पष्ट है कि इन विधानसभा चुनावों में जहां एक तरफ कांग्रेस और बीजेपी जैसे राष्ट्रीय दलों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है वहीं तृणमूल कांग्रेस , डीएमके और एआईएडीएमके जैसे मजबूत क्षेत्रीय दलों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। ये चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, एम के स्टालिन और हिमंत बिस्वा सरमा जैसे कई नेताओं के राजनीतिक भविष्य को भी तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला चुनाव है।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। कारोबार विस्तार की नई योजनाएं बना सकते हैं। आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। मन में उत्साह तथा विचारों की स्थिरता के कारण सभी कार्य अच्छी तरह से कर सकेंगे। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें और सेहत का ध्यान रखें। लम्बी यात्रा पर जाने से बचें।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। काम में मन लगेगा और मेहनत के अनुसार परिणाम मिलेंगे। रुके हुए कार्य शुरू होंगे, जिससे मन में उत्साह रहेगा। दांपत्य जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। आध्यात्मिक और धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। मनोरंजन, सौंदर्य-प्रसाधन, आभूषण आदि के पीछे खर्च हो सकता है। सेहत भी अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यस्थल पर कुछ चीजें परेशान कर सकती हैं, लेकिन अपने परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कार्यभार की अधिकता से शारीरिक तथा मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। मित्रों और परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। माता-पिता और जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधे में आर्थिक लाभ की स्थिति रहेगी। कारोबार विस्तार की योजनाएं बना सकते हैं, लेकिन जलाशय, जमीन-जायदाद के दस्तावेज आदि से दूर रहें। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा और परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। कार्यभार की अधिकता से मानसिक अस्वस्थता हो सकती है। संतानों की चिंता रहेगी। सरकारी काम आसानी से निपटेंगे।

**कन्या राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग हैं। नौकरी खोजने के प्रयास सफल रहेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी, लेकिन कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। कई लोग आपसे प्रेरणा ले सकते हैं। मकान-भूमि संबंधी कार्यों में सावधानी बरतें। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ता है। धन का खर्च अधिक हो जाने से मन व्यग्र रहेगा। आर्थिक मामलों में संभलकर चलें। परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी और आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी पेशा वालों के लिए समय अच्छा रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण और वाणी पर संयम रखें। परिवार में खुशहाली रहेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन कारोबारियों के लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा। वाणी पर संयम रखें, अन्यथा परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे, जिससे समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र से संबंधित यात्रा पर जा सकते हैं, जो सफल रहेगी। खान-पान का ध्यान रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजनाएं बनाएंगे और नए सौदों को अंतिम रूप दे सकते हैं। पुराने मित्रों से मुकालात होगी, जो लाभप्रद रहेगी। धार्मिक कार्यों के पीछे खर्च हो सकता है। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार का माहौल अच्छा रहेगा। परिजनों के साथ घूमने-फिरने जा सकते हैं। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में सहयोगियों का भरपूर रहेगा और सभी कार्य सफल होंगे। व्यापार में नए सौदे होने की संभावना बनेगी। कार्य से संबंधित यात्रा सफल होगी। नए मित्र बन सकते हैं, जो लाभदायक सिद्ध होंगे। आकस्मिक धनलाभ हो सकता है। धार्मिक प्रवास का आयोजन हो सकता है। धन के लेन-देन से बचें। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में छोटी-छोटी अड़चनें आ सकती हैं। कार्यभार की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक तथा मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। परिवार का वातावरण आनंदमय रहेगा। परिजनों का भरपूर सहयोग मिलेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा बहस हो सकती है। जीवनसाथी की समझने का प्रयास करें। खाने-पीने का ध्यान रखें।

**मीन राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यों में सफलता मिलने से आत्मविश्वास बढ़ेगा, लेकिन काम की अधिकता रहेगी, जिससे शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव करेंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है, जो लाभदायक रहेगी। धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भाग ले सकते हैं, जिससे समाज में सम्मान बढ़ेगा। खर्च की अधिकता रहेगी। परिवार में नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## सावधानी का समय

भारत में जैसे ही कोरोना जांच में वृद्धि हुई है, संक्रमण के मामले भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे नजर आए हैं। पांच दिनों में संक्रमण के मामलों में कमी देखी जा रही थी, लेकिन अब संक्रमण तीन लाख के आंकड़े को पार कर गया है। आठ महीने बाद ऐसी स्थिति बनी है, ऐसे में भी महाराष्ट्र में सोमवार से स्कूल खोलने का फैसला निंदनीय है। जब वर्क फ्रॉम होम की पैरोकारी हो रही है, तब स्कूल खोलने का फैसला कितना सही है? पिछले दिनों शादी-विवाह के मौसम और बाजारों, धर्मस्थलों में बढ़ी आवाजाही का नतीजा हम भुगत रहे हैं। बड़े पैमाने पर कोरोना संक्रमण का विस्फोट हुआ है। मौतों की संख्या भी बढ़ी है, तब स्कूल खोलने का फैसला त्रासद है। क्या महाराष्ट्र में कोरोना मामले काबू में आ गए हैं? नहीं, सच्चाई यह है कि महाराष्ट्र कोरोना महामारी के मामले में नेतृत्व कर रहा है। भारत के चिकित्सा प्रभारियों को महाराष्ट्र सरकार के इस फैसले पर आपत्ति करनी चाहिए। होता यह है कि एक सरकार जब कोई फैसला लेती है, तब दूसरी सरकारों पर ऐसे ही फैसले के लिए दबाव बढ़ता है। अतः यह जरूरी है कि हर सरकार समझदारी के साथ कदम बढ़ाए। ध्यान रहे कि यह लहर बच्चों को भी समान रूप से पीड़ित कर रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि दुनिया इस समय कोरोना की चौथी लहर से गुजर रही है। दुनिया में पिछले एक सप्ताह में प्रतिदिन 29 लाख मामले दर्ज किए जा रहे हैं। जब अफ्रीका और यूरोप में कोविड मामले घट रहे हैं, तब एशिया में बढ़त दिख रही है। भारत में अभी लगभग 19 लाख सक्रिय मामले दर्ज हैं। विशेषज्ञ जानते हैं कि पीड़ितों की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा हो सकती है। संक्रमण के मामले अगर ऐसे ही बढ़ते रहे, तो जनजीवन स्वतः बाधित हो जाएगा। खैर, आधिकारिक रूप से सरकार ने मान लिया है कि देश में महामारी की तीसरी लहर चल रही है। ऐसे में, सरकार को अपनी बचाव संबंधी नीतियों को और चाक-चौबंद कर लेना चाहिए। पॉजिटिविटी दर 16 प्रतिशत के आसपास होना बहुत चिंताजनक है। स्कूल खोलने के लिए लालायित महाराष्ट्र की ही अगर बात करें, तो वहां साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट दो फीसदी से बढ़कर 22 प्रतिशत हो गई है। केरल में पॉजिटिविटी रेट 32 प्रतिशत व दिल्ली में 30 प्रतिशत है। उत्तर प्रदेश में पॉजिटिविटी दर महज छह प्रतिशत दर्ज की जा रही है, लेकिन पूरी सावधानी बरतना समय की मांग है। बेशक, हम अभी बेहतर स्थिति में हैं। दूसरी लहर के चरम दौर में केवल दो प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हुआ था, जबकि अब लगभग 72 प्रतिशत आबादी का टीकाकरण हो चुका है। शायद यही कारण है कि इस बार मौतें कम हो रही हैं। दूसरी लहर 30 अप्रैल 2021 को चरम पर थी, उस दिन 3,86,452 नए मामले आए थे, 3,059 लोगों की जान गई थी और कुल सक्रिय मामले 31,70,228 थे। वहीं 20 जनवरी 2022 को 3,17,532 नए मामले, 380 मौतें और 19,24,051 सक्रिय मामले हैं। मामले यहां से और ऊपर न जाएं, इसके लिए हमें मिलकर बचाव, जांच, इलाज के पूरे इंतजाम से रहना होगा। देश जान-माल का और नुकसान झेलने की स्थिति में नहीं है। ध्यान रहे, गुरुवार को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आने वाले 25 साल कड़ी मेहनत, त्याग व तपस्या की पराकाष्ठा होंगे। देशवासियों को यह साबित करने में मनोयोग से जुट जाना चाहिए।

## शिव, काम और रति: जीवन-संतुलन का त्रिकोण

शिव महादेव हैं और काम रूप-सौन्दर्य का देवता। दोनों एक ही कुल अर्थात देव-समूह के हैं किन्तु लोकजीवन में दोनों के प्रतीकार्थ भिन्न हैं। शिव कल्याण के प्रतीक हैं और कामदेव कामनाओं के, मनुष्य की विविध प्रकार की अभिलाषाओं के प्रतीक हैं । शिव अर्थात कल्याण का स्वरूप स्थिर है। वह परिवर्तित नहीं होता। पौराणिक आख्यानों के अनुसार सौन्दर्य के देवता कामदेव ने भगवान शिव की तपस्या में विघ्न उत्पन्न किया और भगवान शिव ने उसे अपने तृतीय नेत्र की क्रोधाग्नि से भस्म कर दिया किन्तु जब काम की पत्नी रति ने शिव से प्रार्थना की और अपने पति को पुनः जीवित करने का वरदान माँगा तब शिव ने काम को देह रहित रूप में संसार को प्रभावित करने की शक्ति देकर उसे पुनर्जीवित कर दिया तथा वह मानसिक स्तर पर सक्रिय होकर संसार को संचालित करने लगा। उसके नए नाम मनसिज, मनोज, अनंग आदि प्रचलित हो गए।



शिवह्यमहादेव हैं और काम रूप-सौन्दर्य का देवता । दोनों एक ही कुल अर्थात देव-समूह के हैं किन्तु लोकजीवन में दोनों के प्रतीकार्थ भिन्न हैं। शिव कल्याण के प्रतीक हैं और कामदेव कामनाओं के, मनुष्य की विविध प्रकार की अभिलाषाओं के प्रतीक हैं । शिव अर्थात कल्याण का स्वरूप स्थिर है। वह परिवर्तित नहीं होता। वह शाश्वत है, सनातन है। इसीलिए शिव उच्च स्तर पर प्रतिष्ठित महादेव हैं और अधिक शक्ति सम्मान्न है। कामदेव का स्वरूप वैविध्यपूर्ण है। वे अपनी सकारात्मकता में रचनात्मक हैं किन्तु नकारात्मकता में भयंकर विध्वंसात्मक भी हैं। अतः वह देवता होकर भी महादेव के समकक्ष नहीं हैं । शिव द्वारा काम-दहन की कथा कल्याण के पथ पर कामनाओं के नियंत्रण का संदेश है। अच्छी-बुरी अनंत कामनाओं को साथ लेकर मनुष्य अपना कल्याण नहीं कर सकता, साथ ही वह समस्त कामनाओं को त्यागकर भी जीवित नहीं रह सकता। जीवन मैं सुख शांति और आनंद की प्राप्ति के लिए अच्छी कामनाओं का होना भी आवश्यक है। कामनाएं ही मनुष्य को कर्मपथ पर प्रेरित करती हैं। इसीलिए शिव एक बार काम को पूर्णतया समाप्त करके उसे पुनः जीवन देते हैं। अभिप्राय यह कि मानव-मन में निहित समस्त दुरभिलाषाओं को समाप्त कर संसार के कल्याण के लिए आवश्यक अभिलाषाओं को पुनः प्रोत्साहित करना मानव जीवन की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है।

कामदेव सौन्दर्य के देवता हैं। सौन्दर्य सदा आकर्षित करता है तथा मन में इच्छाओं को जन्म देता है। वे इच्छाएँ जब मानवीय गरिमा, सामाजिक मयार्दा और न्यायसंगत होती हैं तब शिव की कल्याणरुपिणी शक्ति बनती हैं किन्तु जब मानव मूल्यों के विरुद्ध निजी दुरभिलाषाओं और स्वार्थों के लिए सक्रिय होती हैं तब उनका नाश करना अथवा संयम के बल पर उन्हें नियन्त्रित करना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। काम के इस अशिव रूप का नाश किए बिना शिव अर्थात कल्याण प्राप्ति की साधना पूर्ण नहीं हो सकती।

कामदेव को भस्म करने वाला शिव का तृतीय नेत्र ज्ञान और वैराग्य का प्रतीक है। जब तक तीसरा नेत्र नहीं खुलता तब तक कामनाएँ भस्म नहीं होतीं। ज्ञान और वैराग्य का तीसरा नेत्र जब खुलता है तब मनुष्य के मन में संयम, संतोष, त्याग, परोपकार, अपरिग्रह जैसे मूल्य पुष्ट होते हैं और लोभ, मोह, अभिमान, स्वार्थपरता, हिंसा, व्यभिचार जैसी दुर्वृत्तियां समाप्त हो जाती हैं और कल्याण की प्राप्ति होती है। भगवान शिव की रोषानल काम की देह को भस्म करती है। देह भौतिकता की प्रतीक है और सांसारिक प्रलोभनों की ओर संकेत करती है। कल्याण का विचार वही क्रियान्वित कर सकता है जो भौतिक सुख-सुविधाओं और लौकिक आकर्षणों से परे है। कामदेव का देहनाश ह्यजर-जोरू और जमीनह्ण के लिए होने वाले संघर्ष को विराम देने का अर्थ व्यक्त करता है क्योंकि काम के इस भौतिक स्वरूप का नाश हुए बिना शिव की तपस्या अर्थात कल्याण की प्राप्ति असंभव है ।

काम के अनेक अर्थ हैं। काम को स्त्री-पुरुष के शारीरिक संबंध के अतिरिक्त धन, पद, यश, सम्मान आदि कामनाओं के अर्थ में भी ग्रहण किया जाता है। काम का स्वरूप अत्यंत सुन्दर है अर्थात इन समस्त कामनाओं की पूर्ति के लिए मनुष्य यदि दूसरों के अधिकारों का अपहरण, शोषण-उत्पीड़न न करे, माननीय गरिमा और सामाजिक मयार्दाओं के अनुरुप कार्य करे तो इनकी सकारात्मक सक्रियता जीवन में सौदर्य का विधान रचती है । अतः श्रेष्ठ इच्छाओं का मन में जीवित रहना जीवन के लिए आवश्यक है। इसीलिए ज्ञान के आवेश में शिव अपने तृतीय नेत्र से पहले तो कामदेव को भस्म कर देते हैं - अर्थात मन में पल रही अच्छी-बुरी समस्त इच्छाओं को पूर्ण रूप से समाप्त कर देते हैं किन्तु बाद में सांसारिक सुन्दरता की प्रतीक रति के विलाप को सुनकर लौकिक जीवन के सुख विधान के लिए सद अभिलाषाओं के रुप में कामदेव को पुनः नवजीवन दे देते हैं।

कामदेव की पत्नी रति सृष्टि की सुन्दरता की प्रतीक है। सुन्दरता की सार्थकता उसके विवेक सम्मत उपयोग में है, उपयोग की कामना में है। इसलिए काम का पुनर्जीवन आवश्यक है। रति और कामदेव- सुन्दरता और सुन्दरता के प्रति आकर्षण से उत्पन्न कामना-- दोनों सांसारिक जीवन रथ के दो चक्र हैं। उनके अभाव में जीवन असंभव है और जीवन के अभाव में कल्याण अर्थात शिव का भी कोई अर्थ नहीं रह जाता। मनुष्य रहित सृष्टि का सौन्दर्य किस काम का ? मनुष्य के अस्तित्व में ही रति-कामदेव और शिव--तीनों की सार्थकता है। तीनों की व्याप्ति से ही जीवन है, समाज है। आज के समय में रति, काम और शिव के अर्थ बदल गए हैं।

## ब्रह्मपुत्र पर प्रोजेक्ट बनाने वाले चीन को मोदी ने दिया जवाब, नदी के नीचे सुरंग बनाने का किया ऐलान

बांरान बाइपास पर बना 4.2 किमी का सुदृढ़ खंड अब ऐसा राजमार्ग है जो कुछ ही मिनट में सैन्य रनवे में बदल सकता है। विशेष कंक्रीट से बनी यह पट्टी तेज गर्मी और भारी वजन सहने में सक्षम है। इस पर लड़ाकू विमान, भारी परिवहन विमान और हेलिकाप्टर उतर सकते हैं। मोदी सरकार पूर्वोत्तर को सामरिक और आर्थिक शक्ति का केंद्र मानकर योजनाएं बनाती है और स्वयं प्रधानमंत्री जिस तरह लगातार पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरों के माध्यम से इस क्षेत्र के विकास की गति को रफ्तार देते हैं उसकी बदौलत हाल के वर्षों में यहां की दशा दिशा में बड़ा बदलाव आया है। आज भी असम के डिब्रुगढ़ के पास मोरान बाइपास पर चीन सीमा के करीब बनी आपात लैंडिंग सुविधा पर खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उतर कर बड़ा सामरिक संदेश दिया। साथ ही गोहपुर से नुमालीगढ़ तक प्रस्तावित चार लेन हरित मार्ग और ब्रह्मपुत्र के नीचे सड़क और रेल सुरंग परियोजना मिलकर सुरक्षा, संपर्क और समृद्धि की नई कहानी लिख रहे हैं। यह संयोग नहीं, स्पष्ट रणनीति है।

मोरान बाइपास पर बना 4.2 किमी का सुदृढ़ खंड अब ऐसा राजमार्ग है जो कुछ ही मिनट में सैन्य रनवे में बदल सकता है। विशेष कंक्रीट से बनी यह पट्टी तेज गर्मी और भारी वजन सहने में सक्षम है। इस पर लड़ाकू विमान, भारी परिवहन विमान और हेलिकाप्टर उतर सकते हैं। यह दोहरे उपयोग वाली परिसंपत्ति है, जो शांति के समय जन सुविधा और संकट के समय सैन्य ताकत का आधार बनती है। प्रधानमंत्री का खुद इस पट्टी पर उतरना एक प्रतीक भर नहीं था। यह साफ संकेत था कि भारत अपनी सीमा सुरक्षा को लेकर सजग, सक्रिय और आत्मविश्वासी है। संदेश यह भी कि अब भारत पहले से तैयारी रखने वाला देश है। सीमा के पास तेज तैनाती, त्वरित रसद और वैकल्पिक हवाई पट्टियां किसी भी संघर्ष की स्थिति में खेल बदल सकती हैं।

यह सुविधा चीन सीमा से लगभग 300 किमी दूरी पर है। यदि किसी हालात में मुख्य हवाई अड्डे निशाने पर आएं, तो ऐसी पट्टियां वायु सेना को संचालन जारी रखने का विकल्प देती हैं। अलग अलग राजमार्गों पर ऐसे बिंदु बनाकर भारत एक तरह का फैलाव आधारित वायु रक्षा जाल तैयार कर रहा है, जिसे निष्क्रिय करना किसी भी विरोधी के लिए कठिन होगा। इसका महत्व केवल युद्ध तक सीमित नहीं है। बाढ़, भूकंप या किसी आपदा के समय यही पट्टियां राहत का जीवन मार्ग बन सकती हैं। भारी विमान सीधे राहत सामग्री, बचाव दल और चिकित्सा सहायता लेकर दूर दराज इलाकों तक पहुंच सकते हैं। पूर्वोत्तर जैसे संवेदनशील और भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में यह क्षमता अमूल्य है। अब बात दूसरी बड़ी पहल की। केंद्र सरकार ने गोहपुर से नुमालीगढ़ तक लगभग 33.7 किमी लंबे चार लेन नियंत्रित हरित मार्ग को मंजूरी दी है। इसकी लागत 18,662 करोड़ रुपए है। इस परियोजना का सबसे साहसिक हिस्सा है ब्रह्मपुत्र के नीचे 15.79 किमी लंबी टिवन ट्यूब सड़क और रेल सुरंग। यह केवल इंजीनियरिंग का कमाल नहीं, रणनीतिक सोच का उदाहरण है। अभी गोहपुर से नुमालीगढ़ पहुंचने में करीब 240 किमी और छह घंटे लगते हैं। नया मार्ग समय और दूरी दोनों घटाएगा। इससे असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और अन्य राज्यों में माल ढुलाई तेज होगी, लागत घटेगी और व्यापार बढ़ेगा। यह मार्ग कई आर्थिक केंद्र, पर्यटन स्थल, रसद बिंदु, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे और जलमार्ग टर्मिनल को जोड़ेगा। अनुमान है कि इससे लाखों मानव दिवस का रोजगार बनेगा। इस परियोजना का सामरिक अर्थ भी गहरा है। चीन अक्सर ब्रह्मपुत्र पर या उसके आसपास नई जल और ढांचा परियोजनाओं की घोषणा करता रहा है।



# एनडीए के पांचों उम्मीदवार को अग्रिम बधाई..', राज्यसभा के लिए वोटिंग के बीच एनडीए का दावा

**एजेंसी**



**पटनाः** बिहार में पांच राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग जारी है. एनडीए के नेताओं ने पांचों सीट पर जीत दावा किया है. उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट हैं. हम पांचों सीट जीत रहे हैं. वहीं, पटना साहिब के सांसद रविशंकर प्रसाद ने सभी उम्मीदवारों के जीत की अग्रिम बधाई दी है तो, ललन सिंह ने कहा है कि इंतजार कीजिए गिनती पूरी होने तक का पांचों सीट पर कब्जा एनडीए का होगा.

**एनडीए एकजुटः** उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा पूरी तरह एनडीए एकजुट है. एनडीए के लोगों ने सभी अपने पांचो उम्मीदवारों को जीताने के लिए संकल्पित हैं. लगभग सभी ने अपना मतदान कर लिया है. एक दो लोग बचे हैं, वह भी मतदान कर लेंगे. हमारे सभी पांचों उम्मीदवार चुनाव जीत रहे हैं. जब पूछा गया कि कांग्रेस के विधायक नहीं पहुंच रहे हैं तो उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस के विधायक बताएंगे.दूसरे दल के लोग भी हमें मतदान कर रहे हैं. वे बिहार की उन्नति को देखते हुए हमें मतदान कर रहे हैं. सबका स्वागत है. एनडीए पांचों सीट पर जीत दर्ज करेगा.

**उम्मीदवारों को अग्रिम बधाईः** बीजेपी सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि मैं अपने सभी उम्मीदवारों को अग्रिम बधाई दे रहा हूं. उपेंद्र कुशवाहा जी, शिवेश राम जी, नीतीश कुमार जी, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी, रामनाथ ठाकुर जी सभी को मैं अग्रिम बधाई देता हूं. हमारे गठबंधन की बहुत प्रभावी और प्रमाणित जीत हो रही है.

**'कुछ लोग कांग्रेस को खोज रहे':** रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कुछ लोग कांग्रेस को खोज रहे हैं. तो क्या कांग्रेस के नेता अपने बिहार के पार्टी के नेताओं को खोजते हैं? मैं तो सांसद हूं मुझे बताया गया है कि यहां कांग्रेस के विधायक दल का नेता नहीं है ना कोई सचेतक है. जिस पार्टी का यह हाल हो उसके बारे में क्या कहना.राज्यसभा में एनडीए बहुत ही प्रभावी तरीके से उभरेगा. बहुमत के पास पहुंचेगा. विपक्ष पूरी तरह से साफ हो चुका है. हम पांचों का पांचों सीट जीत रहे हैं. हमारे उम्मीदवार को अग्रिम बधाई है.

**100% से ज्यादा जीत सुनिश्चितः** एनडीए उम्मीदवार उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि मैं अपनी जीत पर कुछ नही बोलूंगा, लेकिन पांचों के पांचों एनडीए के उम्मीदवार जीत रहे हैं. सभी 100% से ज्यादा सुनिश्चित है. 5:00 बजे तक का इंतजार कीजिए कुछ घंटे में सब कुछ साफ हो जाएगा. केंद्रीय मंत्री ललन सिंह ने कहा कि बिहार के राज्यसभा के पांचों सीटों को हम लोग जीतने जा रहे हैं. गिनती का इंतजार कीजिए. दावा करने से किसी को कोई नहीं रोक सकता है. उन्होंने (तेजस्वी) विधानसभा में भी दावा किया था. वह कहां पहुंच गए, आप लोगों के सामने है.

**5 राज्यसभा सीट के लिए वोटिंगः** बिहार में 5 राज्यसभा सीट के लिए वोटिंग हो रही है. पांच सीटों के लिए 6 उम्मीदवार हैं. इसमें एनडीए के 5 और महागठबंधन के एक उम्मीदवार मैदान में हैं. एक सीट जीतने के लिए उम्मीदवार को 41 विधायकों की वोट की जरूरत है. एनडीए का दावा है कि वह पांचों सीट जीत रहा है.

# भाजपा जिस पार्टी के साथ रहती है, उसको ही बर्बाद कर देती है : तेजस्वी यादव

**एजेंसी**



**बिहारः** बिहार की पांच राज्यसभा सीटों के लिए सोमवार सुबह 9 बजे से मतदान जारी है, जो शाम 4 बजे तक चलेगा. इसके साथ ही राज्य में सियासी बयानबाजी भी तेज हो गई है. इस बीच बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और राजद नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा है.तेजस्वी यादव ने कहा कि उन्होंने पहले ही नीतीश कुमार के प्रति सहानुभूति जताई थी. यह भी कहा कि जिस दिन नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ गए थे, उसी दिन हमने कह दिया था कि जदयू का भविष्य खत्म हो गया है.आप कह सकते हैं कि महाराष्ट्र वाला ही काम किया गया है, बस इस बार तरीका थोड़ा अलग था. पहले उन्हें एक-दो महीने मुख्यमंत्री पद पर रहने दिया गया और बाद में बदल दिया गया. भाजपा जिस पार्टी के साथ रहती है, उसे बर्बाद कर देती है.

**बिहार में राज्यसभा चुनाव काफी दिलचस्प**

बिहार में इस बार राज्यसभा चुनाव काफी दिलचस्प माना जा रहा है. राज्य की पांच सीटों के लिए कुल छह उम्मीदवार मैदान में हैं. इनमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार (जदयू), केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर (जदयू), भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश कुमार (भाजपा) की जीत लगभग तय मानी जा रही है. वहीं पांचवीं सीट के लिए मुकाबला काफी कड़ा है. इस सीट पर एनडीए समर्थित उपेंद्र कुशवाहा (आरएलएम) और राजद के अमरेंद्र धारी सिंह के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है.

# बिहार, ओडिशा और हरियाणा की 11 राज्यसभा सीटों पर वोटिंग जारी, बिहार में मुकाबला दिलचस्प

**एजेंसी**




**बिहारः** देश के 10 राज्यों की कुल 37 राज्यसभा सीटों में से 26 सीटों पर उम्मीदवार पहले ही निर्विरोध चुन लिए गए हैं. बाकी 11 सीटों के लिए आज मतदान हो रहा है. वोटिंग सुबह 9 बजे शुरू हुई है और शाम 4 बजे तक चलेगी. इसके बाद मतों की गिनती होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे.

**बिहार की 5 सीटों पर 6 उम्मीदवार मैदान में**

जिन राज्यों में आज मतदान हो रहा है, उनमें बिहार की 5 सीटें, ओडिशा की 4 सीटें और हरियाणा की 2 सीटें शामिल हैं. बिहार में मुकाबला सबसे ज्यादा दिलचस्प माना जा रहा है, क्योंकि यहां 5 सीटों के लिए 6 उम्मीदवार मैदान में हैं. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार (जेडीयू), केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर (जेडीयू), भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और शिवेश कुमार (भाजपा) की जीत लगभग तय मानी जा रही है. वहीं पांचवीं सीट के लिए एनडीए समर्थित उपेंद्र कुशवाहा (आरएलएम) और आरजेडी के अमरेंद्र धारी सिंह के बीच कड़ा मुकाबला बताया जा रहा है. ओडिशा में भी 4 सीटों के लिए 5 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं. जबकि हरियाणा में 2 सीटों के लिए 3 प्रत्याशी मैदान में हैं. सुबह से ही विधायक विधानसभा भवन पहुंचने लगे हैं. चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं.बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार विधानसभा पहुंचे हैं. इसके अलावा कई विधायक विधानसभा पहुंचने लगे हैं.

**भाजपा जिस पार्टी के साथ रहती, उसको बर्बाद कर देती**

तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा राज्यसभा चुनाव का नामांकन दाखिल करने पर कहा कि हमने तो नीतीश कुमार के प्रति अपनी सहानुभूति जताई है. जिस दिन वे INDIA गठबंधन को छोड़कर भाजपा के साथ गए थे, तभी हमने कह दिया था कि खत्र का कोई भविष्य नहीं रह गया है. आप कह सकते हैं कि महाराष्ट्र वाला काम किया. लेकिन इस बार थोड़ा तरीका बदलकर किया. 1-2 महीने मुख्यमंत्री पद पर रहने दिया गया. उसके बाद उन्हें बदल दिया. भाजपा जिसके साथ रहती है, उसे बर्बाद करती है.भाजपा विधायक विजय कुमार खेमका ने कहा कि NDA के पांचों उम्मीदवार निश्चित रूप से जीतेंगे. कहीं किंतु-परंतु नहीं है. पांचों उम्मीदवारों की जीत पक्की है. बिहार सरकार में मंत्री संजय कुमार पासवान ने कहा कि हम लोग एकजुट हैं. विपक्ष का कुनबा ढह जाएगा. वे डरे हुए हैं. अपने विधायकों को बंद करके रखा था. दो-चार तो भाग भी गए. बिहार सरकार में मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि सभी उम्मीदवार NDA के पक्ष में चुनाव जीतकर राज्यसभा जाएंगे. विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे एकजुट नहीं हैं. सभी विधायकों को जबरदस्ती होटल में बंद करके रखा गया है. विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि विधायकों को बंदी बनाकर रखना लोकतंत्र का अपमान है. कुछ विधायक आजादी से मुक्त हुए हैं. कैद नहीं हैं तो हम उनकी हिम्मत की दाद देते हैं. राजद विधायक रामानंद यादव ने कहा कि डर की बात नहीं है, हम सब एकजुट हैं. जीत सुनिश्चित है. CPI-M नेता अजय कुमार कुशवाहा ने कहा कि हम सभी पांच सीटें जीतेंगे. भाजपा उम्मीदवार शिवेश राम ने कहा कि बिहार के सभी नेता एकजुट हैं और शाम को बहुत अच्छे नतीजे आने वाले हैं. NDA के पांचों उम्मीदवार जीतने वाले हैं. बिल्कुल जीत सुनिश्चित होगी, क्योंकि हम लोग एकजुट हैं. विपक्ष एकजुट नहीं हैं. मैं इतना जानता हूं कि मुझे तीन वोट चाहिए और उन्हें 6 वोट चाहिए. उन्हें सदन में आने दीजिए.बिहार सरकार के मंत्री और JDU नेता विजय चौधरी ने कहा कि चुनाव के नतीजे स्पष्ट हैं. पांचों NDA के उम्मीदवार प्रबल और प्रचंड बहुमत से जीतेंगे. किसी को कोई संशय नहीं है. लेकिन NDA के सभी विधायक स्वच्छंद घूम रहे हैं और पांचों कार्यकताओं, नेताओं और विधायकों पर पूरा भरोसा है. यही हमारी जीत सुनिश्चित करेगी. क्रॉस वोटिंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि क्रॉस वोटिंग की उम्मीद नहीं की जाती वो तो खास परिस्थिति विशेष में हो जाता है. LJP (रामविलास) प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा कि दावा करने का समय चला गया है. आज मतदान हो रहा है और आज ही नतीजे आएंगे. पांचों सीटों पर NDA के प्रत्याशी जीतेंगे.

## संक्षिप्त खबर

### बिहार के 19 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट, अगले तीन दिनों में गिरेगा पारा, आईएमडी ने जारी की एडवाइजरी



**बिहार :** बिहार के कुछ जिलों में मौसम का मिजाज बदल गया है. मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई हिस्सों में बादल गरजने और ठनका गिरने की संभावना जताई है. 17 मार्च को बिहार के 19 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान तेज बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना जताई गई है.मौसम विभाग ने जिन जिलों में अलर्ट जारी किया है, उनमें सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा, पूर्णिया, कटिहार, खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका, वैशाली, समस्तीपुर और जमुई शामिल है. मौसम के मिजाज को बदलता देख लोगों से अलर्ट रहने की अपील की गई है. खासकर किसानों को खुले में नहीं रहने की सलाह दी गई.मौसम विभाग की माने तो, राज्यभर में अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों के अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है. लेकिन अगले तीन दिनों के दौरान तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है. रविवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस राजगीर में दर्ज किया गया.मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, बिहार के निचले वायुमंडल में नमी बढ़ने और स्थानीय संवहनीय गतिविधियों के कारण अगले सात दिनों तक मौसम अस्थिर रह सकता है. इस दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज हवा और बारिश देखने को मिल सकती है. उत्तर और पूर्वी बिहार के जिलों में इसका असर ज्यादा रहेगा. लेकिन दक्षिण-पश्चिम बिहार में बीच-बीच में बादलों के साथ धूप भी निकलती रहेगी.

### आंकड़े हमारे साथ.. 41 वोट पक्के', राज्यसभा चुनाव के मतदान के बीच तेजस्वी यादव का दावा



**पटनाः** बिहार की पांच सीटों पर राज्यसभा चुनाव के लिए मतदान जारी है. बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव मतदान करने के लिए विधानसभा पहुंचे. इस बीच उन्होंने दावा किया कि, हम लोग निश्चिंत हैं. आंकड़े हम लोगों के साथ हैं. AIMIM और बीएसपी ने हमारा समर्थन किया है.हमारे पास महागठबंधन से जुड़े विपक्ष के 41 विधायकों का समर्थन है, हमारे 41 वोट पक्के है. निश्चित रूप से, अगर हम जीतते हैं, तो यह सीट हमारी है और इसे अपने पास बनाए रखना हमारा संवैधानिक अधिकार है. परिस्थितियां भी हमारे साथ हैं.बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने राज्यसभा चुनाव पर कहा, 'चुनौती बड़ी थी हमें 6 वोटों की जरूरत थी और भारतीय जनता पार्टी को 3 वोटों की. फिर भी, एआईएमआईएम और बहुजन समाज पार्टी के लोगों ने अपना समर्थन दिया.'अब तक महागठबंधन के तीन विधायक अब तक वोट देने नहीं पहुंचे हैं. राष्ट्रीय जनता दल के ढाका विधायक फैसल रहमान नहीं पहुंचे हैं और उनका मोबाइल स्विच ऑफ है. इसके अलावा कांग्रेस पार्टी के बाल्मीकि नगर विधायक सुरेंद्र कुशवाहा और फारबिसगंज विधायक मनोज विश्वास के मतदान करने नहीं पहुंचे हैं. आरजेडी कैंडिडेट अमरेंद्र धारी सिंह को दोबारा राज्यसभा भेजने के लिए तेजस्वी यादव खूब पसीन बहा रहे हैं. समर्थन के लिए उन्होंने एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान की इफ्तार पार्टी में भी शामिल हुए. उनको एआईएमआईएम के 5 विधायक का तो सपोर्ट मिल गया लेकिन अपने ही कई विधायक गायब हो गए हैं. ऐसे में एडी सिंह की जीत की राह मुश्किल नजर आ रही है. 5 सीटों के लिए 6 उम्मीदवार मैदान में हैं. एनडीए की तरफ से बीजेपी के नितिन नबीन और शिवेश कुमार राम, जेडीयू से नीतीश कुमार और रामनाथ ठाकुर के अलावे आरएलएम से उपेंद्र कुशवाहा प्रत्याशी हैं, जबकि आरजेडी ने एक बार फिर अमरेंद्र धारी सिंह को कैंडिडेट बनाया है.

### बिहार में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान ये क्या हो रहा है? तेजस्वी से मिलीं मांझी की बहू और समधन



**पटनाः** बिहार में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग के दौरान कांग्रेस के दो विधायक (सुरेंद्र प्रसाद कुशवाहा और मनोज विश्वास) और आरजेडी के एक विधायक (फैसल रहमान) गायब थे. इस बीच एनडीए में भी एक अलग ही चर्चा शुरू हो गई है. दरअसल केंद्रीय मंत्री और बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी की समधन ज्योति मांझी और बहू दीपा मांझी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के केबिन से बाहर निकलतीं नजर आईं. एक तरफ विधानसभा में राज्यसभा चुनाव की वोटिंग जारी है. वहीं दूसरी तरफ मांझी की समधन और बहू, तेजस्वी यादव के कमरे से बातचीत करके बाहर निकलती नजर आईं हैं. उनके पीछे एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरूल ईमान और आरजेडी के राज्यसभा उम्मीदवार एडी सिंह भी कमरे से बाहर निकलते कैमरे में कैद हुए हैं.ज्योति मांझी दीपा मांझी की तेजस्वी से बातचीत से सियासी गलियारे में खलबली मची है. हालांकि इसपर सफाई देते हुए दीपा मांझी और ज्योति मांझी ने कहा है कि दोनों गलती से तेजस्वी यादव के चैंबर में चली गई थीं.

**मुलाकात के तीन एंगलः** बताया जा रहा है कि मतदान शुरू होने से पहले ही ज्योति मांझी और दीपा मांझी विधानसभा पहुंचीं. इस दौरान कुछ देर के लिए दोनों तेजस्वी यादव से मुलाकात करने उनके कमरे में पहुंचीं. कुछ मिनटों की बातचीत के बाद दोनों कमरे से एक के बाद एक मुस्कुराते हुए बाहर आईं. इस मुलाकात के बाद चचाएं अब दोनों खमों में शुरू हो गई है. सियासी गलियारे में चर्चा इस बात को लेकर भी है कि मांझी नाराज चल रहा हैं. वहीं कुछ लोग इसे शिष्टाचार मुलाकात करार दे रहे हैं. वहीं हम इसे भूल करार देने में लगा है.

**5 बजे से वोटों की गिनती :** बता दें कि देश में 10 राज्यों के 37 राज्यसभा सीटों के लिए वोटिंग हो रही है. बिहार में 5 सीटों की लिए मतदान हो रहा है. इसके लिए बिहार विधानसभा में मतदान केंद्र बनाया हया है. जहां विधायक अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं. सुबह 9 बजे से शाम के 4 बजे तक मतदान होना है. पांच बजे से मतों की गिनती होगी.

# कांग्रेस के 2 और राजद के 1 विधायक कहां हैं? मंत्री अशोक चौधरी ने किया ये दावा

**एजेंसी**



4.बिहारः राज्यसभा चुनाव को लेकर आज शाम 4 बजे तक वोट डाले जायेंगे. महागठबंधन की तरफ से अब तक कांग्रेस के दो और आरजेडी के एक विधायक ने वोट नहीं किया है, जिसे लेकर सियासी पारा चढ़ गया है. महागठबंधन के विधायकों के नहीं पहुंचने के सवाल पर अशोक चौधरी ने कहा, अभी तो समय है. हो सकता है कि आ जाएं. लेकिन नहीं आयेंगे तो इसमें हम क्या कर सकते हैं.इसके साथ ही एनडीए के संपर्क में तीन विधायकों के होने के सवाल पर कहा, हमारे संपर्क में तो पूरा बिहार है. साथ ही कहा कि यहां विचारों की पॉलिटिक्स होती है. हमने अपने विधायकों को होटल में बंद नहीं रखा है. हमारे विधायक खुले हुए थे. प्रेशर पॉलिटिक्स बिहार में कभी भी सक्सेसफुल नहीं हो सकती है.

तेजस्वी यादव को लेकर क्या बोले अशोक चौधरी?

इसके साथ ही मंत्री अशोक चौधरी ने यह भी दावा कर कहा कि तेजस्वी जी की लीडरशिप को बिहार के लोग एक्सेप्ट नहीं करते होंगे. बात करते हैं समाजिक न्याय और दलित-पिछड़ों की. लेकिन Captalist को कैंडिडेट बनाएं. किसको आपने उम्मीदवार बनाया, क्या वह बिहार का है? बिहार में कभी रहे हैं? तेजस्वी यादव के विधायक इसलिए भाग रहें क्योंकि वे कहते कुछ और करते कुछ हैं. आपके कथनी और करनी में फर्क है.

**तेजस्वी यादव ने क्या किया था दावा?**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कांग्रेस विधायकों के गायब होने की खबरों को सिरे से खारिज किया. उन्होंने कहा कि यह सिर्फ अफवाह है और भाजपा की ओर से भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है. तेजस्वी ने दावा किया कि महागठबंधन के सभी विधायक पूरी तरह एकजुट हैं और उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करेंगे.

**जीत के लिए कितने वोट की जरूरत?**

राज्यसभा चुनाव में एक सीट जीतने के लिए 41 वोट की जरूरत है. बिहार विधानसभा में कुल 243 विधायक हैं और पांच सीटों के लिए मतदान हो रहा है. संख्या बल के आधार पर एनडीए के पास चार सीटें लगभग सुरक्षित मानी जा रही हैं, लेकिन पांचवीं सीट के लिए अतिरिक्त वोटों की जरूरत पड़ सकती है. यही वजह है कि इस सीट को लेकर दोनों खेमों में राजनीतिक रणनीति और जोड़-तोड़ अपने चरम पर है.

# जमुई में किसान की गोली मारकर हत्या, बेड पर खून से लथपथ पड़ा मिला शव

**एजेंसी**



**जमुईः** बिहार के जमुई में किसान की बेरहमी से हत्या कर दी गई. इस वारदात को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब वह सो रहा था. घटना जमुई टाउन थाना क्षेत्र अंतर्गत लगमा गांव के पैनपुरवा गांव की है. पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है.

**किसान की बेरहमी से हत्याः** मृतक की पहचान 55 वर्षीय किसान गणेश रावत के रूप में हुई है. परिजनों ने बताया कि गणेश का नया मकान बन रहा है. उसी जगह पर वह रात में पत्नी के साथ सोया करता था लेकिन रविवार को पोते की तबीयत खराब होने के कारण पत्नी पुराने घर में ही सो गई थी. गणेश अकेले ही उस निमार्णाधीन घर में सोया था.

**रात को सोने के दौरान मारी गोलीः** सुबह जब पत्नी नए मकान पर पहुंची तो देखा दरवाजा लगा था और पति अंदर ही हैं. आमतौर पर वह हर दिन सुबह ही उठकर खेत में काम करने चले जाते थे. दरवाजा खोलकर जब अंदर गई तो देखा कि पति की मौत हो चुकी है.

गणेश रावत का पुराना मकान भी है गांव में लेकिन वो अपने निर्माण हो रहे मकान में सोते थे. पत्नी भी साथ रहती थी लेकिन कल रात में पोते की तबीयत खराब थी. इस कारण पत्नी पुराने मकान पर ही रह गई. उसके सिर में सटाकर गोली मारी गई है. शव चौकी पर पड़ा था, मच्छरदानी लगी थी. मृतक की पत्नी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग भी दौड़े-दौड़े वहां पहुंचे. जिस हाल में गणेश रात में सोया थी, उसी हाल में उसका शव पड़ा था. उसके सिर में नजदीक से गोली मारी गई थी. गणेश रावत के तीन बेटे हैं. दो बाहर रहकर काम करते हैं, जबकि तीसरा जमुई में ही घर पर रहकर टेम्पो चलाता है. वहीं, बेटी की शादी हो चुकी है.

**तफ्तीश में जुटी पुलिसः** वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तहकीकात शुरू कर दी है. एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है. एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि मृतक के सिर पर बड़े जख्म के निशान हैं. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अनुसंधान के बाद ही कारणों का खुलासा हो पाएगा.

# अब चुनाव नहीं लडूंगा, जेल लौटने से पहले अनंत सिंह का ऐलान, बोले- अब बच्चे लड़ेंगे

**एजेंसी**



**बिहारः** बिहार की राजनीति में बाहुबली और छोटे सरकार के नाम से मशहूर अनंत सिंह ने एक ऐसे मोड़ पर संन्यास का ऐलान किया है, जिसकी कल्पना शायद ही किसी ने की थी. सोमवार को राज्यसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने जेल से विधानसभा पहुंचे अनंत सिंह ने साफ कर दिया कि अब वे आगे कोई चुनाव नहीं लड़ेंगे. पुलिस की सुरक्षा घेरे में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने घोषणा की कि उनकी राजनीतिक विरासत को अब उनके बच्चे संभालेंगे. 6 बार के विधायक रहे अनंत सिंह का यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्य में राज्यसभा की 5वीं सीट के लिए सियासी घमासान चरम पर है.

**वोट डालकर फिर लौटे जेल**

राज्यसभा चुनाव में मतदान के लिए अनंत सिंह को पुलिस सुरक्षा में जेल से बिहार विधानसभा लाया गया था. मतदान करने के बाद उन्हें वापस बेऊर जेल ले जाया गया. इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए साफ कहा कि अब वे सक्रिय चुनावी राजनीति से दूर रहेंगे.उन्होंने कहा कि अब परिवार की अगली पीढ़ी राजनीति में आगे आएगी और चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा- उनके बड़े बेटे चुनावी राजनीति में सक्रिय होंगे.

**ठउअ की जीत का किया दावा**

अनंत सिंह ने राज्यसभा चुनाव को लेकर भी बड़ा दावा किया. उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन पूरी तरह मजबूत है और उसके सभी पांचों उम्मीदवार चुनाव जीतेंगे. उनका कहना था कि मौजूदा राजनीतिक समीकरणों में एनडीए की स्थिति काफी मजबूत है और परिणाम भी उसी के पक्ष में जाएंगे.

**निशांत कुमार पर भी दिया बयान**

मुख्यमंत्री पद के सवाल पर भी अनंत सिंह ने प्रतिक्रिया दी. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार में मुख्यमंत्री बनने के सभी गुण मौजूद हैं. हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला बड़े नेता करेंगे.

**जेल में रहते हुए भी दर्ज की थी जीत**

अनंत सिंह पिछले साल हुए बिहार विधानसभा चुनाव में मोकामा सीट से जीत हासिल कर चुके हैं. उन्होंने आरजेडी की उम्मीदवार वीणा देवी को 28,206 वोटों के अंतर से हराया था.उन्हें कुल 91,416 वोट मिले थे, जबकि वीणा देवी को 63,210 वोट मिले थे. उस समय भी अनंत सिंह जेल में थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने चुनाव जीतकर राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया था.

**दुलार चंद यादव हत्याकांड में जेल**

अनंत सिंह इस समय दुलार चंद यादव हत्याकांड के मामले में जेल में हैं. आरोप है कि जन सुराज पार्टी के समर्थक दुलार चंद यादव की हत्या के मामले में उनका नाम सामने आया था.1 नवंबर 2025 को विधानसभा चुनाव से पहले उन्हें गिरफ्तार किया गया था. इसके बाद अदालत ने उन्हें बेऊर जेल में न्यायिक हिरासत में भेज दिया. फिलहाल उनकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है और इस फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी की जा रही है.

# भोजपुर : इंटर के छात्र की गोली मारकर हत्या, पुलिया के पास मिला शव

**एजेंसी**




**भोजपुरः** भोजपुर के शाहपुर थात्रा क्षेत्र में एक इंटर के छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई. हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैली गई है. मृतक का नाम सुमित पांडे है. वह बनाही गांव निवासी राजीव पांडेय का पुत्र था. रविवार को वह अपने दादा के साथ सोया था. लेकिन सोमवार की सुबह जब वह उठे तो देखा कि सुमित नहीं था. परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी. आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई मगर उसका कुछ पता नहीं चला. कुछ समय बाद गांव के पुलिया के पास कुछ लोगों ने युवक का शव देखा. लोगों ने उसे पहचान कर उसके परिजनों को इसकी जानकारी दी. मौके पर पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. उन्होंने बताया कि सुमित को आधी रात फोन कर बुलाकर हत्या कर दी गई.घटना की सूचना पुलिस को दी गई. सूचना पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है. शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए आरा सदर अस्पताल भेज दिया गया है. परिजनों ने बताया कि सुमित के पिता गुजरात में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते है. सुमित कुछ दिन से वहीं था. और कल (रविवार) को ही गांव लौटा था. वह इंटर का छात्र था. आज से उसकी परीक्षा थी. थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. प्रथम द्दष्टया मामला गोली मारकर हत्या का प्रतीत हो रहा है. पुलिस हत्या के कारणों का पता लगा रही है. FSL टीम को बुलाया गया है. वह साक्ष्य जुटा रहे है. उसके दोस्त रिश्तेदार से पूछताछ की जा रही है. सुमित के कॉल रिकॉर्डस भी देखे जा रहे है. जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी.

## खबर संक्षेप



### चिंता बढ़ने से बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहन में सुधार

नई दिल्ली। ईरान तथा अमेरिका एवं इजराइल के बीच युद्ध जारी रहने तथा खाड़ी देशों से मालवाहक पोतों की आवाजाही लगभग ठप होने के चलते कच्चे तेल एवं खाद्य तेलों की आपूर्ति घटने की आशंकाएं बढ़ने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजारों में बीते सप्ताह लगभग सभी खाद्य तेल-तिलहनों की कीमतों में मजबूती का रुख रहा। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में पिछले सप्ताह बाजार मजबूत होने तथा खाद्य तेल एवं रसोई गैस की आपूर्ति प्रभावित रहने की आशंकाओं के बीच मांग में अचानक उछाल आया है।

### वेदांता एनसीडी जारी कर 2,575 करोड़ रुपए जुटाएगी

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड संस्थागत निवेशकों की ओर से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर



(एनसीडी) निर्गम के जरिये करीब 2,575 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड जैसे संस्थागत निवेशकों की ओर से इस निर्गम जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है। खनन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी का निर्गम पिछले सप्ताह खुला था।

### कोल इंडिया उचित कीमत पर करेगा बिजली आपूर्ति सुनिश्चित

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच देश में बिजली की आपूर्ति को



उचित कीमत पर सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकता है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह संकट वैश्विक पोत परिवहन मार्गों और आयातित कोयले की कीमतों को प्रभावित कर रहा है। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) देश में कुल घरेलू कोयला उत्पादन का 80 प्रतिशत और कोयले पर आधारित कुल बिजली उत्पादन का 75 प्रतिशत योगदान देती है।

### पेप्सी ने अहान और अनीत को ब्रांड एम्बैसडर बनाया

नई दिल्ली। गर्मियों के मौसम से पहले शीतल पेय पदार्थ बनाने वाली कंपनी पेप्सिको की भारतीय इकाई ने युवाओं, खासकर नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए फिल्म 'सैयारा' के अभिनेता अहान पांडेय और अभिनेत्री अनीत पड्डा को अपने नए प्रचार अभियानों का चेहरा बनाया है। कंपनी ने कहा कि इस कदम का उद्देश्य युवाओं के साथ अपने जुड़ाव को और मजबूत करना है। कंपनी के अनुसार, दोनों कलाकार अपने स्वाभाविक अंदाज और लोकप्रियता के कारण नई पीढ़ी के बीच तेजी से पहचान बना रहे हैं।

# फेरारी ने लांच की 10.37 करोड़ की सुपरकार, पलक झपकते होगी हवा-हवाई

नई दिल्ली

फेरारी ने अपनी नई फ्लैगशिप सुपरकार 849 टेस्टारोसा को इंडियन मार्केट में लॉन्च कर दिया है। ये क्लासिक 1980 टेस्टारोसा नाम के साथ आने एसएफ90 स्ट्राडेल का सक्सेसर है। प्लग-इन हाइब्रिड तकनीक के साथ ये भारतीय सुपरकार बाजार में लैंबोर्गिनी रेवुएल्टो की कड़ी टक्कर देगी। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 10.37 करोड़ रुपए से शुरू होती है, जो ऑप्शन्स जोड़ने पर 11-12 करोड़ तक पहुंच सकती है। दिल्ली में ऑन-रोड प्राइस लगभग 12 करोड़ रुपए से शुरू होगा। फेरारी 849 टेस्टारोसा की बुकिंग भी शुरू होने वाली है। इसे दो वेरिएंट ऑप्शन-स्टैंडर्ड और असेटो में खरीदा जा सकेगा।

## कंपनी ने नई क्लासिक 849 टेस्टारोसा की लांच

### डिजाइन और डायमेंशन

फेरारी 849 टेस्टारोसा का डिजाइन बोल्ड और एग्रेसिव है, जो 1970s एंड्योरेंस प्रोटोटाइप्स (जैसे 512एस) और क्लासिक टेस्टारोसा से इंस्पायर्ड है। लो-स्लंग सिल्हूट (ऊंचाई मात्र 1225 एमएम), लंबाई 4718 एमएम और चौड़ाई 2304 एमएम के साथ ये सड़क पर दबदबा जमाएगी। फ्रंट में एल-शेप्ड एलईडी हेडलैंप्स ब्लैक ग्लॉसी ट्रिम से जुड़े हैं, बड़ा एयर इंटेक और फ्रंट लिप स्पॉइलर इसे स्पोर्टी बनाते हैं।




### फेरारी की सबसे एक्टिव एयरो डायनामिक्स कार

साइड प्रोफाइल में बड़े अलॉय व्हील्स, ब्लैक रूफ और ए-पिलर,बड़े साइड एयर इंटेक्स और स्कल्प्टेड डोर पैनल्स हैं। रियर में स्लिम एलईडी टेललाइट बार, हाई-माउंटेड डुअल एग्जॉस्ट, स्प्लिट स्पॉइलर और बड़ा डिफ्यूजर है। ग्लास इंजन बे और एक्टिव एयरोडायनामिक्स हाई-स्पीड स्टेबिलिटी बढ़ाते हैं। कुल मिलाकर ये फेरारी की सबसे स्कल्प्टेड और एयरोडायनामिक कारों में से एक है।

### केबिन और कंफर्ट

केबिन पूरी तरह ड्राइवर-फोकस्ड है। स्प्लिट कॉकपिट लेआउट में कोई सेंट्रल इंफोटेनमेंट स्क्रीन नहीं है। इसके बजाय 16-इंच का बड़ा डिजिटल ड्राइवर डिस्प्ले और 9-इंच पैसेंजर स्क्रीन दिए गए हैं। रेसिंग-स्टाइल स्पोर्ट सीट्स प्रीमियम लेदर और कार्बन फाइबर से बनी हैं। थ्री-स्पोक फ्लैट-बॉटम स्टीयरिंग व्हील पर फिजिकल बटन्स दिए गए हैं, जो रेसिंग फील देते हैं।

### फीचर्स और सेफ्टी

फीचर लिस्ट में वायरलेस एपल कारप्ले और एंड्रॉइड ऑटो, वायरलेस फोन चार्जिंग, 7-स्पीकर हाई-फाई ऑडियो सिस्टम, स्टीयरिंग-माउंटेड फोन कंट्रोल्स, एडवांस्ड एचएमआई शामिल हैं। असेटो फियोरेनो पैकेज में बेहतर सस्पेंशन, लाइटवेट कंपोनेंट्स और एयरो पार्ट्स मिलते हैं। ईड्राइव मोड में साइलेंट इलेक्ट्रिक ड्राइविंग, ट्रैक मोड और लॉन्च कंट्रोल जैसी रेस-रेडी फीचर्स हैं। इसमें एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, ब्रेक असिस्ट (बीए), इलेक्ट्रॉनिक ब्रेकफोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (ईबीडी), इलेक्ट्रॉनिक पार्किंग ब्रेक और वेंटिलेटेड डिस्क ब्रेक्स स्टैंडर्ड हैं।

## वित्त मंत्रालय ने 13 मार्च को किया अधिसूचित

# आईपीओ लाने वाली कंपनियों के लिए सार्वजनिक निर्गम नियमों में संशोधन

नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय ने शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम से संबंधित नियमों में संशोधन किया है और इसे निर्गम के बाद की पूंजी से जोड़ दिया है।

**हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी**

इस महीने की 13 तारीख को अधिसूचित प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 के अनुसार, जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक और 5,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें सूचीबद्ध होने के तीन साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी।

## तीन साल के भीतर सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ानी होगी

### हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना होगा

ऐसा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा तय तरीके से किया जाएगा। नियमों में आगे कहा गया है कि निर्गम के बाद की सीमा चाहे कुछ भी हो, सूचीबद्ध होने के समय प्रतिभूतियों के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 2.5 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश किया जाना चाहिए।




### ऋण पत्र कम से कम 25 फीसदी होना अनिवार्य

संशोधन के अनुसार, यदि किसी कंपनी के निर्गम के बाद उसकी पूंजी 1,600 करोड़ रुपये तक है, तो कंपनी द्वारा जारी किए गए प्रत्येक वर्ग के इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र का कम से कम 25 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश करना अनिवार्य होगा।

### पूंजी कम होने पर शेयर जारी करने होंगे

अगर यह पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 4,000 करोड़ रुपये से कम है, तो कंपनी को 4,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर पेश करने होंगे। जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 4,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 5,000 करोड़ रुपये के बराबर या उससे कम है, उनके लिए सार्वजनिक पेशकश कंपनी द्वारा जारी इक्विटी शेयरों या परिवर्तनीय ऋण पत्र के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 10 करोड़ होना चाहिए।

### आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे

वहीं, 5,000 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन एक लाख करोड़ रुपये से कम या उसके बराबर की पूंजी वाली कंपनियों को 1,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर और प्रत्येक वर्ग के कम से कम आठ प्रतिशत शेयर जनता को देने होंगे। इन कंपनियों को सूचीबद्ध होने के पांच साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी।

### एक फीसदी के बराबर शेयर जारी करने होगे

इसी तरह निर्गम के बाद पांच लाख रुपये से अधिक की पूंजी वाली कंपनी को कम से कम 1,500 करोड़ रुपये के शेयरों के बराबर और उनके द्वारा जारी किए जाने वाले प्रत्येक वर्ग के शेयरों या परिवर्तनीय डिबेंचर के कम से कम एक प्रतिशत बराबर शेयर जारी करने होंगे।

### जुर्माना लगाने की अनुमति

ये नियम पंजीकृत शेयर बाजारों को संशोधित नियमों के लागू होने से पहले के सार्वजनिक शेयरधारिता नियमों के गैर-अनुपालन के लिए जुर्माना लगाने की अनुमति देते हैं।

# फरवरी में भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात बढ़ा

## 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर पर

मुंबई

भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर (24,340.05 करोड़ रुपये) हो गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार अन्य बाजारों में विस्तार के कारण निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई।

परिषद के आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष पहले इसी महीने में कुल निर्यात 258.10 करोड़ डॉलर (22,460.13 करोड़ रुपये) रहा था। अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात लगभग स्थिर रहा और यह 2,593.37 करोड़ डॉलर (2,28,230.06 करोड़ रुपये) रहा, जबकि इससे एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 2,591.58 करोड़



डॉलर (2,18,737.62 करोड़ रुपये) था।

रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के चेयरमैन किरीट भंसाली ने कहा कि बीता वर्ष वैश्विक रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस दौरान अमेरिका की शुल्क नीतियों में बदलाव, भू-राजनीतिक अनिश्चितता और प्रमुख बाजारों में उपभोक्ताओं की बदलती पसंद जैसे कारकों का प्रभाव रहा।

### चुनौतियों के बावजूद भारत मजबूत

भंसाली ने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद भारत के रत्न एवं आभूषण क्षेत्र ने उल्लेखनीय मजबूती दिखाई है। भंसाली ने कहा कि निर्यातकों ने सक्रिय रूप से नए बाजारों में विस्तार किया है और संयुक्त अरब अमीरात तथा ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अपनी मौजूदगी मजबूत की है, जहां मुक्त व्यापार समझौतों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## 4,000 से अधिक कर्मियों पर कार्रवाई

# एयर इंडिया के कर्मचारियों ने किया यात्रा नीति का दुरुपयोग

नई दिल्ली/मुंबई

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (ईएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर विसंगतियां पाई हैं। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं और एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने सहित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है।

टाटा समूह ने जनवरी, 2022 में घाटे में चल रही एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था। इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है। एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं। मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की ईएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला। ईएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके द्वारा नामित व्यक्तियों (जैसे जीवनसाथी और माता-पिता) को एक निश्चित संख्या में मुफ्त हवाई टिकट दिए जाते हैं। यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है।




### दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना

एयर इंडिया ने इस दिशा में सुधारात्मक कदम उठाते हुए संबंधित कर्मचारियों से धोखाधड़ी के जरिये ली गई राशि वापस करने को कहा है। इसके साथ ही कई दोषी कर्मचारियों पर भारी जुर्माना भी लगाया गया है।

सूत्रों ने बताया कि कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था। कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया। इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया के लिए एयर इंडिया को भेजे गए विस्तृत सवालों का फिलहाल कोई जवाब नहीं मिला है।

एक सूत्र ने बताया कि 4,000 से अधिक कर्मचारियों को ईएलटी नीति का दुरुपयोग करते पाया गया है। उल्लंघन के ये मामले पिछले वित्त वर्ष से जुड़े हुए हैं। हालांकि, इस दुरुपयोग के कारण हुए कुल वित्तीय नुकसान और सटीक समय अवधि का पता नहीं चल सका है।

# नई श्रम संहिताओं से रोजगार में आएगी तेजी : रिपोर्ट

नई दिल्ली

लगभग 75 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद निश्चित अवधि वाले रोजगार में वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट में कहा गया कि यह बदलाव कार्यबल के औपचारिककरण की दिशा में एक बड़ा संकेत है। मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यबल के औपचारिककरण की ओर झुकाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है। लगभग 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं का मानना है कि नई श्रम संहिताओं के बाद कंपनियां रणनीतिक रूप से निश्चित अवधि वाले रोजगार को अपनाएंगी। यह अधिक संगठित, अनुपालन वाले और दस्तावेजी रोजगार व्यवस्था की ओर एक निर्णायक कदम है। उल्लेखनीय है कि नवंबर, 2025 में सरकार ने 29 केंद्रीय श्रम कानूनों की जगह चार व्यापक संहिताओं - मजदूरी, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा - को लागू किया था।

### कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करने वाले प्रमुख कारक होंगे। विश्लेषकों ने कहा कि इसके अलावा अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर के फैसले और मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार को प्रभावित करेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध उपाध्यक्ष अजित मिश्रा ने कहा कि यह सप्ताह घरेलू और वैश्विक स्तर पर कई महत्वपूर्ण घटनाक्रमों और आंकड़ों से भरा है। उन्होंने बताया कि भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर विशेष नजर रहेगी, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतों पर उनका प्रभाव बाजार की समग्र दिशा को प्रभावित कर सकता है।

**सेवादल व एनसीसी कैडेट ने पेश की परेड**

# वनस्थली विद्यापीठ का 42 वां दीक्षांत समारोह संपन्न

जयपुर

वनस्थली विद्यापीठ का 42वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे अध्यक्ष, राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी फोरम भारत सरकार रहे। वनस्थली के स्वागत द्वार पर विद्यापीठ के अध्यक्ष प्रो. सिद्धार्थ शास्त्री, कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री, कोषाध्यक्ष प्रो. सुधा शास्त्री एवं वनस्थली सेंटर फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक प्रो. अंशुमान शास्त्री ने स्वागत किया। तत्पश्चात वनस्थली सेवा दल के बैंड द्वारा राष्ट्रीय सलामी के उपरांत छात्राओं ने पारंपरिक शैली में तिलक लगा कर एवं सूत की माला पहना कर स्वागत गान के द्वारा मुख्य अतिथि का अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने वनस्थली की मूल प्रेरणा शक्ति स्थल शांताबाई शिक्षा कुटीर व संस्थापकों के मूल निवास स्थान गांधी घर का अवलोकन किया। कुलपति, प्रो. ईना आदित्य शास्त्री द्वारा मुख्य अतिथि को इस स्थान की महत्ता से अवगत कराया गया। तदुपरांत मुख्य अतिथि लक्ष्मीबाई मैदान में ध्वजारोहण कर वनस्थली सेवादल व एनसीसी कैडेट द्वारा द्वारा प्रस्तुत परेड में सम्मिलित हुए। इसी क्रम में वे विद्यापीठ के शैक्षिक विभागों स्कूल ऑफ डिजाइन, स्कूल ऑफ ऑटोमेशन एवं सेंटर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का परिदर्शन किया। संगीत विभाग की छात्राओं द्वारा सुर मंदिर सभागार में शास्त्रीय संगीत एवं राजस्थानी लोक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कुलपति प्रो. ईना आदित्य शास्त्री ने दीक्षांत समारोह शुरू किया और कहा कि इन अवसरों पर आम तौर पर औपचारिक जीवन परिचय दिया जाता है परंतु इन परिचयों से सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान का आकलन नहीं किया जा सकता।



दीक्षांत समारोह

## ऑर्डर में हो रहा है सुधारः मैजिकपिन सीईओ

# एलपीजी की कमी से वैकल्पिक रास्ता अपना रहे रेस्तरां

नई दिल्ली

खाने-पीने के सामान की ऑनलाइन ऑर्डर पर डिलिवरी करने वाले मंच मैजिकपिन ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की वजह से वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी से प्रभावित रेस्तरांओं के ऑर्डर में अब सुधार देखने को मिल रहा है। मैजिकपिन के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अंशू शर्मा ने कहा कि रेस्तरांओं ने अपने 'मेन्यू' में समायोजन किया है और साथ ही वे खाना पकाने के वैकल्पिक तरीके अपना रहे हैं। शर्मा ने कहा कि एलपीजी आपूर्ति में संकट का ज्यादातर असर छोटे रेस्तरांओं पर पड़ा है जो खाना पकाने के लिए सिलेंडर पर बहुत ज्यादा निर्भर हैं और जिनके पास वित्तीय संसाधनों की कमी है।

### शुरूआत में 10 प्रतिशत तक की आई थी गिरावट

शर्मा ने कहा कि खाना पकाने के लिए एलपीजी पर काफी ज्यादा निर्भर रेस्तरांओं के ऑर्डर में शुरुआत में पांच-10 प्रतिशत की गिरावट आई थी, लेकिन अब मांग में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि रेस्तरांओं ने एलपीजी की आपूर्ति की दिक्कतों के बीच अपने मेन्यू में कुछ बदलाव किया है और इंडक्शन, लकड़ी से जलने वाले चूल्हों और इलेक्ट्रिक ओवन जैसे दूसरे तरीके अपनाए हैं।



### ईवी ओवन व इंडक्शन जैसा विकल्प अपना रहे

रेस्तरां मालिकों का कहना है कि वे इस संकट से निपटने के लिए इलेक्ट्रिक ओवन और इंडक्शन कुकर जैसे विकल्प अपना रहे हैं, साथ ही उन व्यंजनों को प्राथमिकता दे रहे हैं जिन्हें पकने में कम समय लगता है।

### इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना

शर्मा ने कहा कि मैजिकपिन अगले कुछ दिन में सबसे प्रभावित लगभग 10,000 रेस्तरां भागीदारों को इंडक्शन कुकिंग स्टोव बांटने की योजना बना रही है ताकि उन्हें अपना कारोबारी परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि रेस्तरां क्षेत्र ने इन व्यवधानों के दौरान मजबूती दिखाई है, और उद्योग पर मौजूदा संकट थोड़े समय के लिए ही रहने की उम्मीद है।

## एलन कोटा में सरकारी स्कूलों के छात्रों को मिलेगी निशुल्क कोचिंग

# एलन कोटा में नीट की निःशुल्क कोचिंग के लिए प्रवेश परीक्षा 12 अप्रैल को होगी

कोटा

एलएन माहेश्वरी परमार्थ न्यास एवं एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के संयुक्त तत्वावधान में संचालित एलन शिक्षा संबल कार्यक्रम के लिए होने वाली प्रवेश परीक्षाओं की तिथियां जारी कर दी गई है। न्यास के सदस्य नवीन माहेश्वरी ने बताया कि सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम की प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के लिए यह कार्यक्रम शुरू किया था।

अब नीट-2027 की तैयारी के लिए एडमिशन प्रक्रिया चल रही है, जिसमें कुछ बदलाव किए गए हैं। इस वर्ष की प्रवेश परीक्षाओं दो बार ली जाएगी जिसकी तिथियां 12 अप्रैल और 10 मई 2026 निर्धारित की गई है। इसके साथ ही एक महत्वपूर्ण बदलाव यह किया गया है कि 2025 में 12वीं पास कर चुके विद्यार्थी भी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। पहले 12वीं पास करने वाले वर्तमान वर्ष के विद्यार्थी ही योग्य होते थे। अब 2025 और 2026 में 12वीं पास करने वाले विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इच्छुक विद्यार्थी https://lnmpnyas.org पर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के तहत उत्तर भारत के हिन्दी भाषी प्रदेशों के सरकारी स्कूलों के चयनित 126 विद्यार्थियों को नीट-यूजी के लिए निःशुल्क कोचिंग के साथ-साथ निःशुल्क आवास व भोजन भी उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसमें 81 छात्राएं एवं 45 छात्र शामिल हैं। योजना के तहत एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी की एक साल के लिए निशुल्क कोचिंग (100 प्रतिशत स्कॉलरशिप) दी जा रही है। वहीं एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से इन विद्यार्थियों के निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की जा रही है।



तिथियां जारी करते हुए

## खबर संक्षेप

### थीगाला ने की बढ़त मजबूत, शीर्ष पर वापसी



**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी सहित थीगला ने चार-अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाकर 25 मिलियन अमेरिकी डॉलर इनामी प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप में एक राउंड शेष रहते हुए शीर्ष 10 में वापसी की। थीगाला ने दो बोगी के मुकाबले छह बर्डी लगाईं, जिससे उनका कुल स्कोर सात अंडर पार हो गया है। वह शीर्ष पर काबिज स्वीडन के लुडविग एबर्ग से छह शॉट पीछे हैं। एबर्ग ने एक-अंडर 71 का स्कोर बनाकर अपनी बढ़त को तीन शॉट कर दिया है। उनका कुल स्कोर अब 13-अंडर पार है। थीगाला फिलहाल रॉबर्ट मैकिंटायर, ऑस्टिन स्मॉथरमैन, जैकब ब्रिजमैन और सेप स्ट्राका के साथ संयुक्त 10वें स्थान पर हैं।

### 31 मार्च को भारत और हांगकांग के बीच क्वालीफाइंग मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 के क्वालीफायर का अपना अंतिम मैच हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को कोच्चि में खेलेगी। भारत पहले ही एएफसी एशियाई कप 2027 में जगह बनाने की दौड़ से बाहर हो चुका है। अब उसका लक्ष्य अपने क्वालीफाइंग अभियान का अंत जीत के साथ करना होगा। हांगकांग की टीम भी क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो चुकी है। क्वालीफायर के संदर्भ में यह मैच भले ही औपचारिकता मात्र हो, लेकिन फीफा रैंकिंग के अंक दांव पर लगे होने के कारण इस मैच का महत्व बना हुआ है। भारत क्वालीफाइंग का अपना तीसरा मैच घरेलू मैदान पर खेलेगा। इससे पहले उसने पिछले साल मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ शिलांग में और अक्टूबर में सिंगापुर के खिलाफ मडगांव में मैच खेला था।

### पावरप्ले में मैच छीन सकते हैं संजू : गंभीर



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा कि जब संजू सैमसन अपनी फॉर्म में होते हैं तो वह पावरप्ले में ही विपक्षी टीम से मैच छीन सकते हैं। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अंतिम चरण में सैमसन ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सेमीफाइनल और फाइनल में तूफानी अंदाज में अर्धशतक जड़कर भारत को रिकॉर्ड तीसरी बार खिताब जीतने में मदद की। अभिषेक शर्मा औरर सैमसन ने फाइनल में मिलकर पावरप्ले में 92 रन बनाए और इस तरह से न्यूजीलैंड से मैच छीन लिया। गंभीर ने कहा, 'हम जानते हैं कि संजू क्या कर सकता है। उसकी प्रतिभा और विस्फोटक बल्लेबाजी पर कभी कोई संदेह नहीं था। अगर वह लय में आ जाए तो पहले छह ओवरों में ही मैच जिता सकता है।' गंभीर ने कहा, ' मैंने उसे जिम में यह बात बताई।

### इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट : दानिल ने सीधे सेटों में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से हराया

# अल्कारेज की अजेय लय टूटी, मेदवेदेव ने दी साल की पहली हार, फाइनल में एंट्री



इंडियन वेल्स

दानिल मेदवेदेव ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्कारेज को इस साल की पहली हार का स्वाद चखाया और सीधे सेटों में जीत दर्ज करके इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में अल्कारेज को 6-3, 7-6 (3) से पराजित किया। फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मेदवेदेव का मुकाबला इटली के दूसरी वरीयता प्राप्त यानिक सिनर से होगा। सिनर ने अलेक्जेंडर ज़्वेरेव को 6-2, 6-4 से हराया। अल्कारेज ने इससे पहले इस साल लगातार 16 मैच जीते थे, जिनमें ऑस्ट्रेलियाई ओपन और कतर ओपन के खिताब शामिल हैं। मेदवेदेव ने इस जीत से अल्कारेज और सिनर के बीच एक और फाइनल की संभावना को खत्म कर दिया।

**खिताब के लिए मेदवेदेव का मुकाबला सिनर से**

#### मेदवेदेव की 2023 के बाद अल्कारेज पर पहली जीत

मेद्ववेद्व इससे पहले अल्काराज के खिलाफ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार गए थे, जिनमें 2024 में इंडियन वेल्स के फाइनल में मिली हार भी शामिल है। मेदवेद्व की 2023 में यूएस ओपन के सेमीफाइनल के बाद यह अल्कारेज पर पहली जीत है।

#### सिनर ने ज़्वेरेव को 1 घंटे 23 मिनट में ही हराया

सिनर ने ज़्वेरेव को एक घंटे 23 मिनट में ही हरा दिया। सिनर ने चौथी वरीयता प्राप्त ज़्वेरेव के खिलाफ छह ऐस लगाए। सिनर का ज़्वेरेव के खिलाफ रिकॉर्ड अब 7-4 हो गया है। इस टूर्नामेंट में मेद्वेदेव और सिनर दोनों ने ही अभी तक एक भी सेट नहीं गंवाया है। सिनर ने मेद्वेदेव के खिलाफ अपने पिछले तीन मैच जीते हैं, जिनमें 2024 में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल की जीत भी शामिल है। इस बीच महिला युगल के फाइनल में टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनियाकोवा ने अन्ना डैनिलिना और एलेक्जेंड्रा क्रुनिक को 7-6 (4), 6-4 से हराया। मिश्रित युगल में बेलिंडा बेनसिच और फ्लेवियो कोबोली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त गैब्रिएला डाब्रोव्स्की और लॉयड ग्लासपूल को 6-3 2-6, 10-7 से हराया।




#### आंद्रेओजी और गुइनार्ड ने जीता डबल्स का खिताब

गुइडो आंद्रेओजी और मैनुअल गुइनार्ड ने इंडियन वेल्स ओपन के डबल्स का खिताब जीत लिया है। रविवार को हुए फाइनल में आंद्रेओजी और गुइनार्ड की जोड़ी ने आर्थर रिंडरकनेच और वैलेंटिन वचेरोट को 7-6(3), 6-3 से हराकर खिताब जीता। यह मैच 1 घंटा 23 मिनट तक चला। कैलिफोर्निया में उनकी खिताबी जीत के सफर में कई बड़ी जीतें शामिल रहीं। इस जोड़ी ने टूर्नामेंट में पहले चौथी सीड क्रिश्चियन हैरिसन और नील स्कूप्स्की को हराया, फिर टॉप सीड मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। गुइनार्ड के लिए, इंडियन वेल्स का टाइटल उनका दूसरा एटीपी मास्टर्स 1000 क्राउन है। इससे पहले, उन्होंने 2025 में रोमेन अर्नेओडो के साथ रोलेक्स मोंटे-कार्लो मास्टर्स में जीत हासिल की थी। आंद्रेओजी ने एटीपी टूर फाइनल्स में अपने मजबूत रिकॉर्ड को पांच में से चार जीत तक बेहतर किया, इससे पहले उन्होंने क्रोएशिया ओपन उमाग (2024), अर्जेंटीना ओपन (2025), और स्वीडिश ओपन (2025) में खिताब जीते थे।

### स्पेनिश फुटबॉल लीग

## रियाल मैड्रिड ने एल्चे को हराया पहुंचा बार्सिलोना के करीब



बार्सिलोना

फेडेरिको वाल्वरडे ने तीन मैचों में पांचवां गोल दागकर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे रियाल मैड्रिड एल्चे को 4-1 से हराकर स्पेनिश फुटबॉल लीग लालिगा में अपने चिर प्रतिद्वंदी बार्सिलोना के करीब पहुंच गया है।

उरुग्वे के मिडफील्डर वाल्वरडे ने हाफ टाइम से ठीक पहले दाएं पैर से घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को दोगुना किया। वाल्वरडे ने इससे पहले चैंपियंस लीग के अंतिम 16 के पहले चरण के मैच में रियाल मैड्रिड की मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ 3-0 की जीत में हैट्रिक बनाई थी। उससे पहले उन्होंने लालिगा के पिछले दौर में सेल्टा विगो के खिलाफ 2-1 से जीत में भी गोल किया था। इस जीत से रियाल मैड्रिड के 28 मैच में 66 अंक हो गए हैं। बार्सिलोना के 27 मैच में 67 अंक हैं। इस बीच स्टार स्ट्राइकर काइलियन एमबाप्पे का मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ चैंपियंस लीग के राउंड ऑफ 16 के दूसरे चरण के मैच में खेलना भी संदिग्ध है। उन्होंने घुटने की चोट के कारण 21 फरवरी के बाद कोई मैच नहीं खेला है।

**वाल्वरडे ने घुमावदार शॉट लगाकर मैड्रिड की बढ़त को किया दोगुना**

## दक्षिण अफ्रीका ने 7 विकेट से जीता पहला टी-20, न्यूजीलैंड को 91 रन पर समेटा

माउंट मोनगानुई




दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे चार खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए रविवार को न्यूजीलैंड को 14.3 ओवर में 91 रन पर समेटने के बाद पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच सात विकेट से जीत लिया।

दक्षिण अफ्रीका ने पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन की 48 गेंद में नाबाद 45 रन की पारी की बदौलत 20 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 93 रन बनाकर जीत दर्ज की। पदार्पण कर रहे डियान फोरेस्टर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। एस्टरहुइजेन ने 17वें ओवर में काइल जेमीसन पर छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

#### न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में गंवाए पांच विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए और अंततः टी20 में अपने 10वें सबसे कम स्कोर पर सिमट गई, जो दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरा सबसे कम स्कोर है। गेराल्ड कोएट्जी (14 रन पर दो विकेट) ने न्यूजीलैंड के दोनों सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (01) और टॉम लैथम (07) को पवेलियन भेजा जबकि ओटनील बार्टमैन (22 रन पर दो विकेट) ने टिम रोबिनसन (06) और निक कैली (02) की पारी का अंत किया। बेवन जैकब्स (10) इसके बाद रन आउट हुए, जिससे न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 36 रन हो गया। नकोबानी मोकोएना (26 रन पर तीन विकेट) ने न्यूजीलैंड के निचले क्रम को समेटा। जिमी नीशाम (26) और मिचेल सेंटनर (15) ने सातवें विकेट के लिए 26 रन जोड़े, जो पारी की सबसे बड़ी साझेदारी रही।

## प्रभु ने लगाई 17.05 मीटर की छलांग, जीता सिल्वर

नई दिल्ली




भारत के सेल्वा प्रभु ने अमेरिका के फेयेटविले में चल रही एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप में पुरुषों की त्रिकूद (ट्रिपल जंप) में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता।

विश्व एथलेटिक्स अंडर-20 चैंपियनशिप 2022 के रजत पदक विजेता और अंडर-20 राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रभु ने 17.05 मीटर की छलांग लगाकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी कॅरियर में पहली बार 17 मीटर की बाधा को पार किया। इस 21 वर्षीय खिलाड़ी ने कन्सास स्टेट यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए राष्ट्रीय इंडोर रिकॉर्ड भी बनाया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) के हालांकि राष्ट्रीय रिकॉर्ड को प्रमाणित करने के संबंध में सख्त दिशानिर्देश हैं, जिसके कारण अक्सर नेशनल कॉलेजिएट एथलेटिक एसोसिएशन सहित विदेशों में होने वाली प्रतियोगिताओं में किए गए प्रदर्शन को तब तक मान्यता नहीं दी जाती है जब तक कि वे एएफआई की तकनीकी और डोपिंग से जुड़ी जरूरतों को पूरा नहीं करते हैं। एनसीएए अपना डोप परीक्षण कार्यक्रम स्वयं संचालित करता है, लेकिन उसे विश्व डोपिंग विरोधी एजेंसी वाडा से मान्यता प्राप्त नहीं है।

## सरफराज अहमद ने छोड़ा बल्ला सभी प्रारुपों को कहा अलविदा




कराची

भारत के खिलाफ आईसीसी के दो प्रमुख टूर्नामेंट के फाइनल में जीत हासिल करने वाले एकमात्र पाकिस्तानी कप्तान विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद ने रविवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया।

सरफराज ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच दिसंबर 2023 में पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट मैच के रूप में खेला था। उन्होंने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बयान में संन्यास लेने की घोषणा की। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि सरफराज के संन्यास लेने की औपचारिक घोषणा के बाद अब पीसीबी उन्हें लंबी अवधि के लिए राष्ट्रीय टेस्ट टीम का मुख्य कोच नियुक्त कर सकता है।

सरफराज ने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच पिछले साल अक्टूबर ने खेला था। उन्होंने कहा कि वह अपनी अन्य भूमिकाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ' मैंने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मैं पाकिस्तान की तीनों प्रारुप में कप्तानी करूंगा तथा 2006 में आईसीसी अंडर-19 विश्व कप और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतूंगा। ये मेरे लिए अविस्मरणीय क्षण रहे हैं।' सरफराज ने पाकिस्तान की तरफ से 54 टेस्ट, 117 वनडे और 61 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। उन्होंने तीनों प्रारुप में 100 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कप्तानी भी की है।

### मर्सीडीज के लिए पहले-दूसरे स्थान वाला प्रदर्शन

## चीन ग्रां प्रीः फॉर्मूला वन के दूसरे कम उम्र के विजेता बने एंटोनेली

शंघाई

किमी एंटोनेली ने चीन ग्रां प्री में मर्सीडीज के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की, जिससे वह फॉर्मूला वन के दूसरे सबसे कम उम्र के विजेता बन गए।

इटली के 19 वर्षीय एंटोनेली पोल पोजिशन से शुरुआत करने वाले सबसे कम उम्र के ड्राइवर थे। रेस की शुरुआत में कुछ समय के लिए फेरारी के लुईस हैमिल्टन ने बढ़त बनाई लेकिन जल्द ही एंटोनेली ने फिर से बढ़त बना ली। इसके बाद पूरी रेस पर उनका ही नियंत्रण रहा। सत्र की शुरुआत में मर्सीडीज के लिए यह एक और पहले-दूसरे स्थान वाला




#### रसेल ने किया दूसरा स्थान हासिल

एंटोनेली के साथी जॉर्ज रसेल ने फेरारी ड्राइवरों के साथ कड़ा मुकाबला करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया। लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर रहे। फेरारी के लिए यह लंबे समय में पहला ग्रां प्री पोडियम स्थान रहा। कम उम्र में ग्रां प्री जीतने वाले एकमात्र ड्राइवर मैक्स वर्स्टापेन हैं, जिन्होंने 2016 में जब अपनी पहली जीत हासिल की थी तब उनकी उम्र 18 साल थी।

#### बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली फॉर्मूला वन रेस रद्द



**शंघाई।** फॉर्मूला वन और उसकी संचालन संस्था फिया ने कहा है कि ईरान युद्ध से जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के कारण अप्रैल में बहरीन और सऊदी अरब में होने वाली ग्रां प्री रेस नहीं होंगी। अमेरिका और इजराइल द्वारा हमले शुरू करने के बाद ईरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए इन दोनों देशों पर हमले किए हैं। यह घोषणा रविवार सुबह शंघाई में चीन ग्रां प्री से पहले की गई। एफवन ने कहा, 'पश्चिम एशिया क्षेत्र में चल रही स्थिति के कारण बहरीन और सऊदी अरब ग्रां प्री अप्रैल में नहीं होंगी।' उन्होंने कहा, ''हालांकि कई विकल्पों पर विचार किया गया लेकिन अंततः यह तय किया गया कि अप्रैल में होने वाले रेस के स्थान में बदलाव नहीं होगा।' एफवन रेस 12 अप्रैल को बहरीन में और 19 अप्रैल को सऊदी अरब के शहर जेद्दा में होनी थी। एफवन के अध्यक्ष और सीईओ स्टेफानो डोमेनिकाली ने कहा, 'हालांकि यह एक मुश्किल फ़ैसला था लेकिन दुर्भाग्य से पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति को देखते हुए इस समय यह सही फैसला है।' फिया ने कहा कि ये दोनों रेस 'अप्रैल में नहीं होंगी' और इनकी जगह कोई दूसरी रेस आयोजित नहीं की जाएगी।फिया के अध्यक्ष मोहम्मद बेन सुलेयम ने कहा, 'फिया हमेशा हमारे समदाय और सहकर्मियों की सरक्षा और भलाई को सबसे पहले रखेगी।

## विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप : भारत ने जीते 5 पदक, चंद्रिका को स्वर्ण

**बैंकॉक।** भारत ने विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप में अपना अभियान पांच पदक के साथ खत्म किया, जिसमें एक स्वर्ण पदक भी शामिल है। युवा ओलंपिक वजन वर्ग में मुकाबला करते हुए भारत की अंडर-19 पुरुष और महिला टीमों ने लगातार शानदार प्रदर्शन किया। इस अभियान की अगुवाई चंद्रिका पुजारी ने की, जिन्होंने महिलाओं के 51 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए उज्बेकिस्तान की मार्दोनोवा नाजोकत को सर्वसम्मत फैसले से हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। तीन भारतीय मुक्केबाजों ने अपने वजन वर्ग के फाइनल में पहुंचने के बाद रजत पदक जीते। गुंजन (48 किग्रा) इंग्लैंड की अपनी प्रतिद्वंद्वी से 5-0 के फैसले से हार गईं जबकि जॉयश्री देवी (54 किग्रा) कड़े मुकाबले के बाद अमेरिका की एक मुक्केबाज से 1-4 से पराजित हो गईं। पुरुषों के 50 किग्रा वजन वर्ग में एल अंबेकर मीतेई को फाइनल में यूक्रेन के मुक्केबाज से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

# 16 साल के डोमैन ने प्रीमियर लीग में रचा इतिहास, बने सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

लंदन

आर्सेनल के 16 वर्षीय विंगर मैक्स डोमैन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर बन गए। उन्होंने एवर्टन के खिलाफ अपनी टीम की 2-0 की जीत में स्टॉपेज टाइम में गोल किया।

डोमैन ने अपने हाफ के बीच में गेंद को अपने कब्जे में लिया। वह एवर्टन के दो खिलाड़ियों को चकमा देकर आगे बढ़े और फिर गोल दाग दिया। उन्होंने 16 साल और 73 दिन की उम्र में यह गोल करके नया रिकॉर्ड बनाया। प्रीमियर लीग में यह उनका केवल तीसरा मैच था।

#### डोमैन ने जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा

आर्सेनल के कोच मिकेल आर्टेटा ने कहा, ' वह किसी भी अवसर, परिस्थिति या प्रतिद्वंद्वी टीम से विचलित नहीं होता है और अपना स्वाभाविक खेल खेलता है। उसका यह प्रदर्शन अविश्वसनीय था।' डोमैन ने एवर्टन के पूर्व खिलाड़ी जेम्स वॉन का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2005 में 16 साल और 270 दिन की उम्र में क्रिस्टल पैलेस के खिलाफ गोल किया था। डोमैन ने पिछले साल नवंबर में सबसे कम उम्र में चैंपियंस लीग में खेलने का रिकॉर्ड बनाया था। जब उन्होंने स्लाविया प्राग के खिलाफ दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में मैदान पर कदम रखा था तब उनकी उम्र 15 साल और 308 दिन थी। डोमैन अब भी स्कूल में पढ़ रहे हैं।






#### आर्सेनल की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

आर्सेनल ने इस जीत से अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। उसके अब 31 मैच में 70 अंक हो गए हैं। दूसरे स्थान पर काबिज मैनचेस्टर सिटी के 30 मैच में 61 अंक हैं। मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। एक अन्य मैच में न्यूकैसल ने चेल्सी को 1-0 से हराया।

#### प्रीमियर लीग के सबसे कम उम्र के गोल स्कोरर

- 1. मैक्स डोमैन: 16 वर्ष, 73 दिन (2026 में आर्सेनल बनाम एवर्टन)।
- 2. जेम्स वॉन: 16 वर्ष, 270 दिन (2005 में एवर्टन बनाम क्रिस्टल पैलेस)।
- 3. जेम्स मिलनर: 16 वर्ष, 356 दिन (2002 में लीड्स बनाम सुंदरलैंड) ।
- 4. वायने रूनी: 16 साल, 360 दिन (2002 में एवर्टन बनाम आर्सेनल) ।
- 5. रियो न्गुमोहा: 16 वर्ष, 361 दिन (2025 में न्यूकैसल बनाम सेलिवरपूल)।

# ईरान में जीना मुश्किल, ईरानियों ने रो-रोकर सुनाई दास्तां, युद्ध के बीच इराकी बॉर्डर खुला

एजेंसी

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच लंबे समय से बंद रही सीमा खुलने के बाद रविवार को दर्जनों ईरानी नागरिक उत्तरी इराक के कुर्द क्षेत्र में दाखिल हुए. लोग इराक के हाजी ओमेरान सस्ती खाद्य सामग्री खरीदने, इंटरनेट का उपयोग करने, परिजनों से संपर्क साधने और काम की तलाश में पहुंचे. यात्रियों के अनुसार, लगातार हो रहे हवाई हमलों और खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने ईरान में आम लोगों का जीवन बेहद कठिन बना दिया है. जैसे ही बॉर्डर खुला, तो लोग अपनी जरूरत की चीजें लेने, संबंधियों से बात करने और काम की तलाश में निकले.



**सीमा खुलने से व्यापार और आवागमन में बढ़ी हलचल**

इराक के कुर्द क्षेत्र से सामान से लदे ट्रक हाजी ओमेरान सीमा चौकी के रास्ते ईरान की ओर जाते दिखाई दिए. इससे महंगाई से जूझ रहे ईरानी नागरिकों को कुछ राहत मिलने की उम्मीद है. हाजी ओमेरान, ईरान-इराक सीमा पर ईराकी कुर्दिस्तान के एरबिल गवर्नरेट की एक बॉर्डर सिटी है. अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने से पहले भी ईरानी कुर्द अक्सर इराकी कुर्दिस्तान आते-जाते रहे हैं. दोनों क्षेत्रों के बीच पारिवारिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंध लंबे समय से मजबूत रहे हैं. खुली सीमा के कारण व्यापार और लोगों का आवागमन भी नियमित रूप से होता रहा है. अब युद्धग्रस्त हालात में ईरानियों के लिए बाहरी दुनिया से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम इराक का कुर्द क्षेत्र बन गया है.

**सीमा बंद होने का असर हर वर्ग पर पड़ा**

ईरान की ओर सामान लेकर जा रहे ट्रक चालक खिदेर चोमानी ने कहा, जब यह सीमा बंद थी, तब इसका असर गरीबों, अमीरों और मजदूरों सभी पर पड़ा. क्षेत्रीय सैन्य तनाव बढ़ने के बाद इस सीमा को बंद कर दिया गया था. इराकी कुर्द प्रशासन लंबे समय से अपने ईरानी समकक्षों द्वारा इसे फिर से खोलने का इंतजार कर रहा था. ईरानी कुर्दों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने का अनुरोध किया. उनका कहना था कि उन्हें अपनी सुरक्षा को लेकर डर है और आशंका है कि ईरानी खुफिया एजेंसियां मीडिया से बात करने वालों पर नजर रखती हैं. कुछ लोगों ने दावा किया कि हालिया हमलों में कई ईरानी सैन्य ठिकाने, खुफिया कार्यालय और अन्य सुरक्षा प्रतिष्ठान नष्ट हो गए हैं. बमबारी के कारण सुरक्षा बलों की गतिविधियां भी सीमित हो गई हैं. ईरान के पिरानशहर शहर की एक कुर्द महिला रविवार को अपने रिश्तेदारों से संपर्क करने और जरूरी सामान खरीदने के लिए सीमा पार कर आई. उसने बताया कि वह करीब 15 किलोमीटर की यात्रा करके हाजी ओमेरान पहुंची. महिला ने कहा, ह्यमैं हाजी ओमेरान फोन करने आई हूं. ईरान के अधिकतर हिस्सों में इंटरनेट नहीं है. पिछले 16 दिनों से मेरे रिश्तेदारों को मेरी कोई खबर नहीं मिली है।

# अमेरिकी हवाई हमले से दहला ईरान, चाबहार पोर्ट के पास सैन्य ठिकानों पर किया गया बड़ा हमला

एजेंसी

**तेहरान।** वॉयस ऑफ अमेरिका के हवाले से बताया गया है कि सोमवार को अमेरिका द्वारा किए गए नए हवाई हमलों के दौरान ईरान के चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र के पास भीषण विस्फोटों की आवाजें सुनाई दीं। खबरों के मुताबिक, हवाई हमलों मंर ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। यह पता नहीं चल पाया है कि इन हवाई हमलों में कोई हताहत हुआ है या नहीं। यह मुक्त व्यापार क्षेत्र ईरान के दक्षिण-पूर्वी सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में पाकिस्तान की सीमा के पास स्थित है। विदेशी निवेश को आकर्षित करने और पारंपरिक तथा भीड़भाड़ वाले व्यापार क्षेत्रों से बचने के उद्देश्य से 1992 में स्थापित चाबहार मुक्त व्यापार क्षेत्र ईरान में एक प्रमुख औद्योगिक और पारगमन केंद्र के रूप में कार्य करता है। यह ईरान का एकमात्र समुद्री बंदरगाह भी है जिसकी हिंद महासागर तक सीधी पहुंच है। यह व्यापार क्षेत्र उज्बेकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान जैसे कई मध्य एशियाई देशों के लिए पारगमन गलियारा प्रदान करता है और अफगानिस्तान तक भी पहुंच प्रदान करता है। चाबहार के पास अमेरिका द्वारा हमला किए जाने का यह पहला मौका नहीं है। 28 फरवरी को, अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हवाई हमले के पहले ही दिन, प्रांत में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमला हुआ था। इस हमले में ईरान भर में सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था और तत्कालीन सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या कर दी गई थी। ये हमले मध्य पूर्व में बढ़ते संघर्ष के बीच हुए। सोमवार को दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक ड्रोन हमले में ईंधन टैंक क्षतिग्रस्त हो गया, जिसके बाद भीषण आग लग गई। मध्य पूर्व में चल रहे अमेरिका-इजराइल-ईरान युद्ध के मद्देनजर एहतियात के तौर पर हवाई संचालन रोक दिया गया।



# दुबई एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नाटो देशों को दी चेतावनी, बोले- भविष्य खराब हो सकता है

एजेंसी

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष लगातार गंभीर होता जा रहा है। ईरान, इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर अब ऊँ तक पहुंच गया है। सोमवार को ईरान की ओर से किए गए एक ड्रोन हमले के बाद दुबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के पास स्थित फ्यूल टैंक में भीषण आग लग गई।




**ड्रोन हमले के बाद मची अफरा–तफरी**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ड्रोन अटैक के बाद एयरपोर्ट के आसपास घना धुआं उठता दिखाई दिया और कुछ समय के लिए वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बताया जा रहा है कि हमले के दौरान एयरपोर्ट परिसर के नजदीक मौजूद एक फ्यूल टैंक को नुकसान पहुंचा, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई।

**आपातकालीन टीमों ने आग पर पाया काबू**

घटना की जानकारी मिलते ही सिविल डिफेंस और आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत राहत कार्य शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार आग पर काबू पा लिया गया है और स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**सुरक्षा के लिए उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित**

घटना के बाद दुबई नागरिक उड्डयन प्राधिकरणने यात्रियों और एयरपोर्ट स्टाफ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए Dubai International Airport पर उड़ानों को कुछ समय के लिए अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।

**पहले भी हो चुके हैं हमले**

गौरतलब है कि मिडिल ईस्ट में जारी तनाव के बीच United Arab Emirates (UAE) पहले भी ईरान की ओर से मिसाइल और ड्रोन हमलों का सामना कर चुका है। इन हमलों का असर कई बार देश के महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे एयरपोर्ट, पोर्ट और तेल सुविधाओं पर भी पड़ा है।

## यूएई के फुजैराह बंदरगाह पर ड्रोन हमला, भारतीय जहाज सुरक्षित निकला, एयर इंडिया की सभी फ्लाइट रद्द

**अबुधाबी।** संयुक्त अरब अमीरात में स्थित फुजैराह बंदरगाह पर ईरान द्वारा ड्रोन से हमला किये जाने की खबर है. बता दें कि यह बंदरगाह पर पहले भी कई बार ड्रोन हमले हो चुके हैं.रॉयटर्स के अनुसार अधिकारी इस हमले से हुए नुकसान का आकलन कर रहे हैं. दरअसल फुजैराह बंदरगाह जहाजों में ईंधन भरने और कच्चे तेल व ईंधन के निर्यात का एक प्रमुख वैश्विक केंद्र मांना जाता है. जानकारों का कहना है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से बाहर स्थित होने के कारण वैश्विक तेल बाजार में इसका महत्वपूर्ण स्थान है. अहम बात यह है कि ईरान के इस हमले में उस समय वहां मौजूद भारतीय जहाज को कुछ नुकसान नहीं हुआ. भारतीय ध्वज वाले पोत के फुजैराह से सुरक्षित निकल जाने की खबर है. अबू धाबी मीडिया अधिकारियों के हवाले से एक और खबर दी है कि अल बह्या इलाके में एक वाहन पर मिसाइल गिरने फिलिस्तिनी नागरिक की मौत हो गयी है.ब्लूमबर्ग और रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार ड्रोन हमले से आग लगने की घटना के एक दिन बाद फुजैराह बंदरगाह ने तेल-लोडिंग ऑपरेशन फिर से शुरू कर दिये हैं. बदलते घटनाक्रम के बीच एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा आज सोमवार को दुबई आने-जाने वाली सभा उड़ानें रद्द कर दिये जाने की खबर है. दरअसल दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर परिचालन अस्थायी रूप से निलंबित किये जाने के कारण उड़ानें रद्द की गयी है. बता दें कि एयरपोर्ट के पास ड्रोन हमले की वजह से एक फ्यूल टैंक में आग लग गयी थी. एयरलाइन ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर कहा है कि दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने वहां से आने-जाने वाली सभी फ़्लाइट कुछ समय के लिए रोक दी है. इस कारण दुबई आने-जाने वाली एयर इंडिया और एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ़्लाइट्स आज के लिए रद्द रहेगी.

# चुनाव से पहले एक्शन मोड में ईसीआई : बदले गए बंगाल के मुख्य सचिव और डीजीपी, कई बड़े अफसरों पर भी गिरी गाज

एजेंसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों की तारीखों के ऐलान के तुरंत बाद निर्वाचन आयोग ने राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ी सर्जरी की है। आयोग ने निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए राज्य की वर्तमान मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और पुलिस महानिदेशक पीयूष पांडे को उनके पदों से हटा दिया है। आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि हटाए गए अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी चुनावी जिम्मेदारी में शामिल नहीं किया जाएगा। यह फैसला राज्य में चुनावी तैयारियों की समीक्षा के बाद लिया गया है।



**सिद्धार्थ नाथ गुप्ता संभालेंगे पुलिस की कमान**

राज्य के नए पुलिस महानिदेशक के रूप में 1992 बैच के अनुभवी आईपीएस अधिकारी सिद्धार्थ नाथ गुप्ता को नियुक्त किया गया है। गुप्ता को कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर बेहद सख्त और कुशल अधिकारी माना जाता है। उनके पास तीन दशकों का लंबा अनुभव है, जिसमें उन्होंने नंदीग्राम हिंसा, लालगढ़ का नक्सली आंदोलन और दार्जिलिंग के गोरखालैंड आंदोलन जैसी बेहद जटिल स्थितियों को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई है। राज्य में सांप्रदायिक तनाव और दंगों जैसी स्थितियों को संभालने का उनका अनुभव आगामी चुनावों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**दुष्यंत नारियाला बने नए मुख्य सचिव**

पुलिस प्रशासन के साथ-साथ राज्य की नौकरशाही में भी शीर्ष स्तर पर बदलाव किया गया है। वरिष्ठ कअर अधिकारी दुष्यंत नारियाला को पश्चिम बंगाल का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने संघमित्रा घोष को प्रमुख सचिव के पद पर तैनात करने का आदेश दिया है। आयोग ने राज्य सरकार को सख्त लहजे में कहा है कि इन नियुक्तियों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए और नए अधिकारी निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना कार्यभार ग्रहण करें। इस फेरबदल की आंच कोलकाता पुलिस मुख्यालय तक भी पहुंची है। अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है, जो सुप्रतिम सरकार की जगह लेंगे। इनके अलावा, नटराजन रमेश बाबू को महानिदेशक और अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक के पद पर तैनात किया गया है।

# सीएम योगी ने राजस्थान से दिया 'श्रेष्ठ भारत' का मंत्र, बोले- हर वर्ग का योगदान है जरूरी

एजेंसी

**जयपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसका निर्माण संतों की तपस्या, वीर पुरुषों और महिलाओं के बलिदान और किसानों, कारीगरों और शिल्पकारों की कड़ी मेहनत से हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि जब समाज का हर वर्ग मिलकर योगदान देता है, तभी राष्ट्र मजबूत होता है। राजस्थान के जालोर स्थित श्री रत्नेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित महायज्ञ और धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने राष्ट्र निर्माण में एकता और सामूहिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने आगे कहा कि जब समाज का हर वर्ग एकजुट होकर योगदान देता है, तभी 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' बनता है। हर व्यक्ति के जीवन का लक्ष्य 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का निर्माण होना चाहिए। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री



ऐतिहासिक मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे, जहां महायज्ञ और धर्म सभा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। आदित्यनाथ ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं ने देश की पहचान को आकार देने और विभिन्न पृष्ठभूमियों के लोगों के बीच एकता की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इससे पहले, 14 मार्च को, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि कई वर्षों बाद सोंगल गांव में संतों और श्रद्धालुओं का एक विशाल समूह एकत्रित हुआ है, जो इस भूमि के आध्यात्मिक महत्व और ऐतिहासिक विरासत को दर्शाता है। हरियाणा के कैथल स्थित सोंगल गांव में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान धर्म सभा को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि वे इस कार्यक्रम का हिस्सा बनकर और पवित्र स्थल पर एकत्रित संतों और श्रद्धालुओं का आशीर्वाद प्राप्त करके खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कई वर्षों बाद, इतने विशाल संख्या में संत और श्रद्धालु सोंगल में एकत्रित हुए हैं। इस पवित्र भूमि पर, जिसने हर युग में अपना प्रभाव दिखाया है, मुझे आज इस पवित्र भंडारा और धर्म सभा के माध्यम से आपके दर्शन करने और आपके माध्यम से उस पवित्र परंपरा को अपना सम्मान अर्पित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

# दिल्ली की बसों में अब ट्रांसजेंडर भी करेंगे 'फ्री' सफर, रेखा सरकार का बड़ा फैसला

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में अब ट्रांसजेंडर भी बसों में 'फ्री' सफर कर सकेंगे. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ने सोमवार को ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए डीटीसी और क्लस्टर स्कीम के तहत चलने वाली सभी बसों में ट्रांसजेंडर यात्रियों को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. यह सुविधा ठीक उसी तर्ज पर लागू होगी, जैसे वर्तमान में महिलाओं के लिए 'पिंक टिकट' के माध्यम से मुफ्त सफर की व्यवस्था है. सचिवालय में हुई बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने स्वयं इस निर्णय की जानकारी साझा की. उन्होंने कहा, हमारी सरकार दिल्ली के हर नागरिक को गरिमापूर्ण जीवन और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है. ट्रांसजेंडर समुदाय लंबे समय से हाशिए पर रहा है, और वित्तीय बाधाओं के कारण उनकी गतिशीलता अक्सर प्रभावित होती है. इस निर्णय से न केवल उनकी आर्थिक बचत होगी, बल्कि सार्वजनिक सेवाओं तक उनकी



पहुंच भी बढ़ेगी.

**महिलाओं की तरह मिलेगा 'फ्री पास'**

परिवहन विभाग के अनुसार, इस योजना का क्रियान्वयन पूरी तरह से महिला मुफ्त यात्रा योजना के मॉडल पर आधारित होगा. ट्रांसजेंडर समुदाय के जो भी व्यक्ति दिल्ली के निवासी हैं और जिनके पास आवश्यक दस्तावेज हैं, वे इस योजना का लाभ उठा सकेंगे. बस में सवार होने पर उन्हें कंडक्टर द्वारा एक विशेष टिकट जारी किया जाएगा, जिसका शुल्क सरकार वहन करेगी. यह सुविधा डीटीसी और परिवहन विभाग द्वारा संचालित सभी क्लस्टर बसों के साधारण और एसी, दोनों श्रेणियों के रूटों पर उपलब्ध होगी. दिल्ली सरकार द्वारा जारी ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट या अन्य आधिकारिक पहचान पत्र के आधार पर इस सुविधा का लाभ लिया जा सकेगा. सरकार का मानना है कि इस कदम से न केवल वित्तीय बोझ कम होगा, बल्कि बसों में ट्रांसजेंडर समुदाय की उपस्थिति बढ़ने से उनके प्रति सामाजिक नजरिया भी बदलेगा. इस फैसले का ट्रांसजेंडर अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों ने स्वागत किया है. विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने के लिए परिवहन एक मुख्य साधन है, और इसे मुफ्त करना एक सराहनीय कदम है. परिवहन विभाग को अब इस योजना के लिए बजटीय प्रावधानों को अंतिम रूप देने और अधिसूचना जारी करने के निर्देश दिए गए हैं.

## केरलम विस चुनाव 2026 : बीजेपी की पहली लिस्ट में 47 नाम, राजीव चंद्रशेखर नेमोम से और वी. मुरलीधरन कझाकूटम से ठोकेंगे ताल

**नई दिल्ली** : केरल की 140 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनावी शंखनाद हो चुका है। भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने दिल्ली में हुई मैराथन बैठक के बाद 47 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में हुई इस बैठक में पार्टी ने राज्य के सभी कद्दावर नेताओं को मोर्चे पर उतारने का फैसला किया है। इस लिस्ट के साथ ही बीजेपी ने साफ कर दिया है कि वह केरल में इस बार 'मिशन मोड' में है और त्रिकोणीय मुकाबले को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी कर चुकी है। बीजेपी ने अपनी 'क्लास-ए' सीटों पर अनुभवी चेहरों को उतारकर मुकाबले को हाई-प्रोफाइल बना दिया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर को तिरुवनंतपुरम की सबसे चर्चित सीट नेमोम से टिकट दिया गया है, जहाँ पार्टी पहले भी जीत दर्ज कर चुकी है। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री वी. मुरलीधरन राजधानी क्षेत्र की कझाकूटम सीट से चुनावी रण में उतरेंगे। प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन एक बार फिर कर्नाटक सीमा से सटे मंजेश्वर से अपनी किस्मत आजमाएंगे, जहाँ पिछली बार वे बहुत मामूली अंतर से हार गए थे। पार्टी ने इस बार राज्य के प्रतिष्ठित परिवारों और पूर्व नौकरशाहों को जोड़कर बड़ा कार्ड खेला है। पूर्व मुख्यमंत्री के. करुणाकरण की बेटी पद्मजा वेणुगोपाल को त्रिशूर से मैदान में उतारा गया है।

# खड़गे ने राज्यसभा में एलपीजी संकट पर चर्चा की मांग की, जेपी नड्डा ने कहा, यह राजनीति का समय नहीं

- सिलेंडर पांच हजार से अधिक कीमत पर ब्लैक में बिक रहे हैं.
- होर्मुज के हालात देश के लिए परेशानी का सबब बन गये हैं.
- सरकार की पॉलिसी की कमजोरी सामने आ गयी है.
- कांग्रेस के नेता जनता को उकसाने का प्रयास कर रहे हैं.



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा में आज सोमवार को मल्लिकार्जुन खड़गे ने शून्यकाल में एलपीजी संकट का मुद्दा उठाते हुए कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के हालात देश के लिए परेशानी का सबब बन गये हैं. एलपीजी सिलेंडर मिलने में परेशानी हो रही है. उन्होंने कहा कि होटल-ढाबे सब बंद हैं. सिलेंडर पांच हजार से अधिक कीमत पर ब्लैक में बिक रहे हैं. मोदी सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि पेट्रोलियम मंत्री ने लोकसभा में दावा किया कि एलपीजी की कोई कमी नहीं है. अफवाहों से सावधान रहें. लेकिन हालात अलग हैं. मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सरकार जब गल्फ देशों में भारतीयों को सावधान रहने की एडवाइजरी जारी कर रही थी, उस समय सरकार को यह भी बताना था कि ऊर्जा सुरक्षा की तैयारी कितनी है. श्री खड़गे ने कहा कि सरकार ने एलपीजी आयात को लेकर पूर्व से ही तैयारी कर ली होती, तो आज हालात कुछ ठीक रहते.कहा कि यदि सप्लाई सुचारू रूप से चलती तो इतनी पाबंदी नहीं लगानी पड़ती. मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि सिलेंडर की बुकिंग वेटिंग पीरियड को बढ़ा दिये जाने से पैनिक बुकिंग और जमाखोरी बढ़ रही है. सरकार की पॉलिसी की कमजोरी सामने आ गयी है. खड़गे ने कहा कि वे इसलिए इस मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहे हैं. मल्लिकार्जुन खड़गे के बयान परनेता सदन जेपी नड्डा ने आपत्ति जताते हुए कहा. हमें दुख है कि विपक्ष संकट काल में भी राजनीति करने से पीछे नहीं हट रहा.

# संक्षिप्त खबर

## कोलकाता में एलपीजी-सीएनजी संकट को लेकर टीएमसी की रैली, ममता ने मोदी सरकार को घेरा



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आज सोमवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में एलपीजीऔर सीएनजी संकट को लेकर आयोजित विरोध रैली में शामिल हुईं. रैली दोपहर बाद शाम चार बजे मध्य कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू हुई, खबर है कि रैली का समापन एस्प्लेनेड स्थित डोरिना क्रॉसिंग पर होगा, रैली में ममता बनर्जी के साथ पार्टी महासचिव अभिषेक बनर्जी सहित अन्य नेता शामिल हुए. बता दें कि रैली के संदर्भ में पोस्टर- बैनर लगाये गये हैं. पोस्टर में लिखा है कि खाना पकाने की गैस की बढ़ती कीमतों और वाणिज्यिक गैस आपूर्ति के संबंध में केंद्र सरकार के जल्दबाजी भरे फैसलों के कारण आम जनता को हो रही परेशानी के विरोध में रैली का आयोजन किया जा रहा है. इससे पहले 12 मार्च, गुरुवार को ममता ने केंद्र की मोदी सरकार के विदेश नीति संबंधी निर्णयों की आलोचना की थी.

## लोकसभा : केसी वेणुगोपाल की स्पीकर से आठ सांसदों का निलंबन समाप्त करने की मांग



**नयी दिल्ली।** लोकसभा में जारी बजट सत्र के दौरान आज सोमवार को कांग्रेस ने आठ विपक्षी सांसदों के निलंबन का मुद्दा उठाया. कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने अध्यक्ष से मांग की कि निलंबित किये गये आठों सांसद बाहर धरने पर बैठे हुए हैं,उनका निलंबन समाप्त किया जाना चाहिए. कांग्रेस नेता ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष गुहार लगाई कि इस विषय पर जल्द फैसला लिया जाना चाहिए. अपने जवाब में ओम बिरला ने कहा कि सदन के पदाधिकारियों पर सदन के भीतर चर्चा नहीं की जा सकती. कहा कि प्रक्रिया के अनुसार ही इसका समाधान किया जा सकता है. केसी वेणुगोपाल ने कहा कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सांसदों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए. उनका निलंबन समाप्त होना चाहिए .जान लें कि विपक्षी दलों ने पिछले सप्ताह भी सरकार और लोकसभा अध्यक्ष से आठ सांसदों का निलंबन समाप्त करने की गुहार लगाई थी. विपक्ष के अनुसार यह विषय लोकतांत्रिक अधिकारों के अंतर्गत आता है. सांसदों को सदन की कार्यवाही में भाग लेने का अवसर मिलना चाहिए. याद करें कि बजट सत्र के पहले चरण में 3 फरवरी को सदन में हंगामा करने के कारण इन आठ विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया था. इन सांसदों ने सदन की कार्यवाही में बाधा पहुंचाते हुए आसन की ओर कागज फेंके थे. इसे सदन की अवमानना मानते हुए बजट सत्र की शेष अवधि के लिए इन सांसदों निलंबित कर दिया गया था. निलंबित सांसदों में कांग्रेस के मणिकम टैगोर, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, गुरजीत सिंह औजला, हिबी ईडन, डीन कुरियाकोस, प्रशांत पडोले और किरण कुमार रेड्डी शामिल सहुत मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के एस. वेंकटेशन भी शामिल हैं. निलंबित किये जाने के बाद से निलंबित सांसद संसद परिसर के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं. संसद की कार्यवाही के समय वे विरोध प्रदर्शन करते हैं.

## पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर लगेगी लगाम, 81000 टन क्रूड ऑयल लेकर भारत आ रहा जहाज



**नयी दिल्ली।** भारत सरकार के शिपिंग मंत्रालय के राजेश कुमार सिन्हा ने कहा, भारतीय ध्वज वाला जहाज जग लाडकी लगभग 81000 टन मुरबान क्रूड ऑयल लेकर सुरक्षित रूप से भारत की ओर बढ़ रहा है, जो 14 मार्च को वअए से रवाना हुआ था. जहाज और उस पर सवार सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं. वे कल मुंद्रा बंदरगाह पहुंच जाएंगे. भारत सरकार के शिपिंग मंत्रालय के राजेश कुमार सिन्हा ने बताया, शिवालिक छढक्ष्कैरियर, जो फारस की खाड़ी से रवाना हुआ था, होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करके भारत की ओर बढ़ रहा है. यह आज शाम लगभग 5 बजे, या शायद उसके एक घंटे बाद तक पहुंच जाएगा. जबकि नंदा देवी कल कांडला बंदरगाह पर पहुंचेगा. फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं. पिछले 24 घंटों में किसी भी घटना की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है. हम स्थिति पर लगातार नजर रखे हुए हैं. हम हर जहाज और उसके चालक दल के संपर्क में हैं. जैसा कि शनिवार को भी बताया गया था, 22 जहाज 611 भारतीय नाविकों वाले 22 भारतीय ध्वज वाले जहाज अभी भी फारस की खाड़ी में होर्मुज जलडमरूमध्य के पश्चिम में मौजूद हैं.

## ईरान में तनाव पर एमईए का बड़ा खुलासा, 550 भारतीय आर्मेनिया तो 90 अजरबैजान में दाखिल हुए



**तेहरान।** भारतीय सरकार ने सोमवार को कहा कि उसके सैकड़ों नागरिक पड़ोसी देशों के रास्ते ईरान से बाहर निकल चुके हैं, क्योंकि पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच अधिकारी क्षेत्र में नागरिकों की सहायता करना जारी रखे हुए हैं। अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान एक अपडेट साझा करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कई भारतीय नागरिक पड़ोसी देशों के रास्ते ईरान से बाहर निकल चुके हैं, जबकि अन्य को सुरक्षा के लिए देश के भीतर ही स्थानांतरित कर दिया गया है। सरकार के अनुसार, 550 भारतीय नागरिक जमीनी सीमा से आर्मेनिया में दाखिल हुए हैं, जबकि 90 भारतीय अजरबैजान में चले गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 284 भारतीय तीर्थयात्रा के लिए ईरान गए थे। इनमें से कुछ भारत लौट चुके हैं, जबकि अन्य के अगले कुछ दिनों में लौटने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय के खाड़ी क्षेत्र के संयुक्त सचिव असीम महाजन ने कहा कि अधिकारी इस क्षेत्र में भारतीयों के लिए चौबीसों घंटे सहायता प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, हम पश्चिम एशिया की स्थिति पर लगातार नजर रख रहे हैं। प्रवासी भारतीयों को सहायता प्रदान करने के लिए नियंत्रण कक्ष लगातार कार्यरत है। सरकार ने यह भी कहा कि इस वर्ष की शुरूआत में तनाव बढ़ने के बाद से बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक इस क्षेत्र से लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, चल रही सहायता और निकासी प्रयासों के तहत 28 फरवरी से पश्चिम एशियाई क्षेत्र से 228,000 भारतीय लौट चुके हैं।



# सरकार 4 में नजर आएंगे अमिताभ और अभिषेक

**मुंबई।** फिल्ममेकर राम गोपाल वर्मा ने अपनी पॉलिटिकल-क्राइम फिल्म 'सरकार 4' की कास्ट को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म की शूटिंग इस साल के बीच में करूंगा। जब निर्देशक से फिल्म की कास्ट के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, 'अमिताभ बच्चन और अभिषेक बच्चन दोनों इस फिल्म का हिस्सा होंगे। हालांकि, उन्होंने फिल्म के बाकी कलाकारों के बारे में कोई खुलासा नहीं किया। राम गोपाल वर्मा ने आगे कहा कि वो इस फिल्म को एक साल में ही खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद वो 'सिंडिकेट'मूवी पर काम करना चाहते हैं, जिसका ऐलान उन्होंने पहले किया था।

लाइफ Style

# निकिता

## मुझे अफवाहें फैलाना पसंद नहीं



कई सेलेब्रिटीज के बाद अब अभिनेत्री निकिता दत्ता ने भी इंडस्ट्री में होने वाले पीआर गेम पर बात की। साथ ही उन्होंने सुर्खियां बटोरने के लिए फैलाई जाने वाली अफवाहों की खुलकर आलोचना की। इस दौरान एक्ट्रेस ने सिंगर जुबीन नौटियाल के साथ अपने रिलेशनशिप और शादी की खबरों पर भी प्रतिक्रिया दी।

अभिनेत्री का कहना है कि वह अनजाने में भी अफवाहों का हिस्सा नहीं बनना चाहतीं। एक बातचीत के दौरान निकिता ने जुबीन नौटियाल के साथ अपनी शादी की अफवाहों पर कहा कि पीआर के बारे में मेरी समझ की बात करें, तो बेशक यह बहुत देर से आई। यह एक ऐसी बात है, जिसका मुझे अफसोस है और काश कबीर सिंह के रिलीज होने के समय मुझे इस बात की थोड़ी बेहतर जानकारी होती कि चीजें कैसे काम करती हैं। दूसरी बात अगर आप इन सभी वर्षों में मेरे करियर को देखें, तो मैंने व्यक्तिगत और निजी जीवन के बीच एक सीमा बनाए रखी है। इस सीमा को मैंने कभी पार नहीं किया है। आपने मेरे बारे में कभी भी मनगढ़ंत अफवाहें नहीं सुनी होंगी। मैं वैसी इंसान नहीं हूं। मैं न तो ऐसी अफवाहें फैलाना पसंद करती हूं और न ही उनका हिस्सा बनना, चाहे अनजाने में ही क्यों न हो। मैं ऐसी चीजों का समर्थन नहीं करती। मार्केटिंग स्ट्रेटजी के बारे में एक्ट्रेस ने कहा कि यह प्रोडक्शन हाउस का निर्णय होता है। बीते दिनों निकिता को जुबीन नौटियाल के साथ सिंगर के होम टाउन में देखा गया था। इसके बाद ही दोनों के रिलेशनशिप में होने की चर्चाएं सामने आई थीं।

हॉलीवुड मसाला



# मैं किसी चैटबॉल को डेट नहीं कर रहा हूं

**लॉस एंजिल्स।** पिछले दिनों एक पॉडकास्ट में बताया गया कि एक हॉलीवुड एक्टर चैटबॉट के साथ डेटिंग कर रहा है। इसके बारे ही सोशल मीडिया पर जैक ब्राफ का नाम इस मामले में उछाला गया। जब मामले में ज्यादा तूल पकड़ा तो एक्टर ने इंस्टाग्राम के जरिए अपना पक्ष रखा। वह पोस्ट में लिखते हैं, 'मैं किसी चैटबॉट को डेट नहीं कर रहा हूं। मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे यह शब्द लिखने पड़ रहे हैं। यह सब 'स्क्रब्स'शो के एक एपिसोड की कहानी है, इसमें एक लड़का चैटबॉट को डेट करता है। हो सकता है कि उस बात के कारण यह अफवाह उड़ी है।'



# गन केस में जेल जाने से बचे सिंडी के बेटे डक्लिन

**लॉस एंजिल्स।** सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर को एक हथियार मामले में आरोपी माना गया था। मगर इस मामले में अब सिंगर का समझौता हो चुका है। इस समझौते की वजह से उन्हें अब जेल की सजा की जगह प्रोबेशन पर रखा जाएगा। अमेरिकन सिंगर सिंडी लॉपर के बेटे डक्लिन लॉपर पर 2024 में अवैध हथियार रखने और गोली चलाने के आरोप लगे थे। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट्स के अनुसार डक्लिन ने अपने आपराधिक हथियार रखने के आरोप को स्वीकार कर लिया था। अब समझौते के तहत उन्हें जेल की सजा के बजाय एक साल के अंतरिम प्रोबेशन की सजा सुनाई गई है। यह आरोप मैनहैटन में हुई गोलीबारी से जुड़ा हुआ है। इस आदेश के अनुसार लॉपर को नशा मुक्ति के उपचार कराना होगा। यह कार्यक्रम पूरा करने के बाद ही उन्हें हथियार रखने के आपराधिक आरोप में दोषी ठहराया जा सकेगा।



# 100 से ज्यादा फिल्मों में किया काम

**मुंबई।** 70-80 के दशक की जानी-मानी अभिनेत्री मधु मल्होत्रा का निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने 72 साल की उम्र में मुंबई में 13 मार्च को आखिरी सांस ली। उनके निधन की खबर से बॉलीवुड में शोक की लहर है और कई लोग उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं। मधु मल्होत्रा ने अपने करियर में कई फिल्मों में काम किया और भले ही वे ज्यादा सुर्खियों में नहीं रहीं, लेकिन अपने किरदारों से उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। उन्होंने 1970 और 80 के दशक में हिंदी सिनेमा में काफी काम किया और 100 से ज्यादा फिल्मों का हिस्सा रहीं। उन्हें खास पहचान फिल्म हीरो के मशहूर गाने 'लंबी जुदाई'से मिली थी। यह गाना आज भी लोगों के दिलों में बसा हुआ है और इसी गाने ने उन्हें दर्शकों के बीच यादगार बना दिया।



# गोलमाल-5 में अक्षय की हुई एंट्री...

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी अपना 52वां जन्मदिन के मौके पर अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल'की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए।

टीवी मसाला



# कृष्णा ने पलटा गेम, द 50 से आरुषि, सपना और मनीषा बाहर

**नई दिल्ली।** शो 'द 50' का हाल ही में एक प्रोमो रिलीज हुआ। यह शो अपने फिनाले की तरफ बढ़ रहा है। अब प्रतियोगी शो में बने रहने के लिए कुछ भी करने को तैयार हैं। इस शो में बॉलीवुड एक्टर टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ भी बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया प्रोमो वह एक प्रतियोगी और अपनी टीम मेंबर से लड़ती-झगड़ती दिखीं। कृष्णा श्रॉफ ने अपनी ही टीम मेंबर आरुषि को शो से बाहर करने के लिए हामी भरी।

# किसी ने महज 10 साल में जीता अवॉर्ड तो किसी को मिली प्लास्टर की ट्रॉफी

**नई दिल्ली।** पहला ऑस्कर समारोह 16 मई 1929 को लॉस एंजिल्स के हॉलीवुड रूजवेल्ट होटल में एक निजी डिनर के रूप में आयोजित किया गया था। यह समारोह सिर्फ 15 मिनट ही चला था। पहले ऑस्कर अवॉर्ड में विंग्स को सर्वश्रेष्ठ फिल्म का अवॉर्ड मिला था। जबकि एमिल जैनिंग्स सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और जेनेट गेनर सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री बनी थीं। वहीं फ्रैंक बोरजेज को 'सेवन हेवन' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक (ड्रामा) का ऑस्कर मिला था।

व्यक्तिगत तौर पर वाल्ट डिज्नी ने सबसे अधिक 26 ऑस्कर जीतने का रिकॉर्ड बनाया है, और उन्हें 59 बार नामांकित किया गया था।

अमेरिकी अभिनेत्री टैटम ओ नील सबसे कम उम्र में ऑस्कर जीतने वाली शख्स हैं। उन्होंने सिर्फ 10 साल की उम्र में 'पेपर मून' फिल्म के लिए अवॉर्ड अपने नाम किया था।

क्रिस्टोफर प्लंबर ऑस्कर जीतने वाले सबसे उम्रदराज कलाकार हैं। उन्होंने 82 साल की उम्र में यह अवॉर्ड जीता।

कैथरीन बिगेलो ऑस्कर जीतने वाली पहली महिला निर्देशक हैं। उन्हें 2010 में फिल्म 'द हर्ट लॉकर' के लिए यह अवॉर्ड मिला था।



साउंड मिक्सर केविन ओ कोनेल एक ऐसे शख्स हैं, जिन्होंने 20 नॉमिनेशंस के बावजूद आज तक कोई ऑस्कर नहीं जीता है।

जैक निकोलसन सबसे ज्यादा बार नॉमिनेट होने वाले एक्टर हैं जिन्हें 12 ऑस्कर्स मिल चुके हैं।

जीवित व्यक्तियों में सबसे ज्यादा बार कंपोजर जॉन विलियम्स को नॉमिनेट किया गया है। उन्हें 49 ऑस्कर नॉमिनेशन मिले हैं।

पीटर फिंच और हीथ लेजर एकमात्र ऐसे अभिनेता हैं जिन्हें मरणोपरांत ऑस्कर से सम्मानित किया गया है।

ऑस्कर की ट्रॉफी सोने की बनी होती है। लेकिन एक समय ऐसा भी था जब ऑस्कर की ट्रॉफी प्लास्टर की दी गई थी। दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध के दौरान धातु की कमी के कारण, 3 साल तक ऑस्कर की मूर्तियां सोने के बजाय प्लास्टर की बनाई गई थीं।

1938 में अमेरिकी एक्टर एडगर बर्गन को ऑस्कर की अनोखी ट्रॉफी दी गई थी। ये ट्रॉफी लकड़ी की बनी हुई थी, जिसमें एक चलता हुआ मुंह था, जो चार्ली मैकार्थी की वेंट्रिलोक्विज्म विशेषता को दर्शाता था।

ऑस्कर के इतिहास में केवल 3 लोग ही ऐसे हैं जिन्होंने ये अवॉर्ड लेने से मना कर दिया। इनमें डडली निकोल्स, जॉर्ज सी. स्कॉट और मार्लन ब्रांडो के नाम शामिल हैं। इन्होंने व्यक्तिगत सिद्धांतों और राजनीतिक विरोध के चलते पुरस्कार लेने से मना किया था।

जेनिफर लॉरेंस ने 2013 में ऑस्कर में 40 लाख डॉलर की ड्रेस पहनी थी, जो ऑस्कर इतिहास की सबसे महंगी ड्रेसों में से एक है।

# धुरंधर 2 की रिलीज से पहले रणवीर संग दिखीं दीपिका...

**मुंबई।** बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की एक साथ झलक पाने को फैंस हमेशा बेकरार रहते हैं। हील ही में रणवीर और दीपिका लंबे समय बाद एक साथ स्पॉट हुए। दोनों को एक साथ किसी खास की शादी में देखा गया, जिसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया हैंडल पर जमकर वायरल हो रही हैं।दीपिका और रणवीर काफी समय बाद सार्वजनिक रूप से एक साथ दिखाई दिए हैं। हाल ही में, रणवीर और उनकी पत्नी दीपिका एक शादी में साथ दिखे। दोनों स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में शामिल हुए, जो 14 मार्च को हुई। दोनों ने पैपराजी से बचने की कोशिश की, लेकिन एक मेहमान के साथ उनकी फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई है। फैंस दोनों को एक साथ शादी में देखकर काफी खुश हैं। दीपिका ने गुलाबी ड्रेस पहनी हुई है। हैवी ज्वेलरी और हल्के मेकअप में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। वहीं रणवीर कढ़ाई वाले कुर्ते में बहुत हैंडसम दिख रहे हैं। रणवीर के फैंस हमेशा उन्हें और दीपिका को साथ देखने के लिए उत्सुक रहते हैं, ऐसी तस्वीरें देखकर फैंस खुश हो जाते हैं।



स्टाइलिस्ट एका लखानी और प्रोड्यूसर रवि भगचंदका की शादी में दीपिका और रणवीर के अलावा अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ जैसे सेलेब्स भी शामिल हुए। अदिति राव हैदरी की भी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। 'धुरंधरः द रिवेंज' की रिलीज से ठीक पहले दीपिका और रणवीर की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। फिल्म 'धुरंधर 2' 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

JHARKHAND EDUCATION CENTER
T.L. No.: (RAN54082621210695)
We Offer All Courses From Board, Council and Institutions
MATRIC | VOCATIONAL | IIT
MANAGEMENT | ENGINEERING | AICTE
INTERMEDIATE | UG & PG | LAW
NCTE | MBBS | ANM & GNM
We here to help you...
House No. 01, Singh Mansion, Shanti Nagar, Hatia, Ranchi-03
+91 9431360101
info.jharkhandeducationcenter@gmail.com
www.jharkhandeducationcenter.com



हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.